जबलपुर, शुक्रवार 13 जून 2025 ■ आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-02 ■ वर्ष : 20, अंक : 44 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 39 न्यून.30 haribhoomi.com




# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान अहमदाबाद में क्रैश दोपहर 1.38 पर किया था टेक ऑफ, 1.40 बजे एयरपोर्ट के पास मेघाणी नगर के एक बहुमंजिला मेडिकल हॉस्टल पर जा गिरा, विमान में 242 यात्री सवार थे

## पायलट को 8200 घंटे और को पायलट को 1100 घंटे विमान उड़ाने का अनुभव था


## केंद्रीय मंत्री शाह मौके पर पहुंचे साथ में सीएम भूपेंद्र पटेल भी

हादसे की सूचना मिलते ही गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी अहमदाबाद पहुंचे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री घटना स्थल पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली। साथ ही गृह मंत्री ने हरसंभव मदद की बात कही। इसके बाद शाह घायलों का हाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचे।



# 2 मिनट में ही 241 यात्रियों की जिंदगी खत्म

एक यात्री जिंदा बचा, यह ब्रिटिश मूल का रमेश कुमार, विमान में पूर्व सीएम विजय रुपाणी भी सवार थे, बेटी व पत्नी से मिलने जा रहे थे गिटविक, उनका भी निधन



जिस हॉस्टल में विमान घुसा, वहां करीब 60 रेजिडेंट डॉक्टर मेस में खाना खा रहे थे, इनमें 3 की मौत, 20 घायल




### विमान में कितने यात्री सवार थे?

| | | | |
|---|---|---|---|
| 169 | 53 | 01 | 07 |
| भारतीय यात्री | ब्रिटिश नागरिक | कनाडाई नागरिक | पुर्तगाल के नागरिक |

पायलट व को-पायलट को मिलाकर क्रू मेंबर - 12

अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर ने की पुष्टि, मृतकों के रिश्तेदारों का लिया जाएगा डीएनए सैंपल

अहमदाबाद से अगले आदेश तक सारी उड़ानें रद्द, भोपाल अहमदाबाद उड़ान भी की गई रद्द

एयर इंडिया मृतक के परिजनों को देगा **1-1 करोड़ रुपए** मुआवजा राशि, मेडिकल हॉस्टल का कराएगा निर्माण




विमान का अगला हिस्सा (नोज) हॉस्टल की छत वाले अगले हिस्से में फंसा

- पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- यह हृदयविदारक, इसके लिए शब्द नहीं
- ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर व लंदन के मेयर ने भी जताई शोक संवेदना
- खबर मिलते ही पीएम मोदी व गृहमंत्री अमित शाह करते रहे मॉनिटरिंग
- उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू को तत्काल अहमदाबाद पहुंचाया गया
- 4 टीमें एनडीआरएफ की भेजी गईं, करीब 250 लोग राहत-बचाव कार्य में लगे

## जिंदा बचे यात्री रमेश विश्वास ने कहा-ये करिश्मे से कम नहीं

अहमदाबाद प्लेन हादसे में एक व्यक्ति जिंदा बचा है। जो अस्पताल में भर्ती है। घायल यात्री रमेश विश्वास कुमार का वीडियो सामने आया है। वह घटनास्थल



से खुद बाहर निकलते हुए नजर आ रहे हैं। रमेश ने बताया कि मैं प्लेन की 11ए पर बैठे थे। विश्वास ने कहा कि प्लेन फट गया, मेरा बचना करिश्मे से कम नहीं। उनके चेहरे पर जख्म हैं और वो लंगड़ाते हुए चलते नजर आए। रमेश ने बताया कि टेकऑफ के 30 सेकेंड बाद ही प्लेन जबरदस्त आवाज के साथ क्रैश हो गया। मुझे होश आया तो मेरे अगल-बगल लाशें ही लाशें थी। प्लेन के टुकड़े चारों तरफ बिखरे हुए थे। मुझे किसी ने उठाया और एम्बुलेंस में डाल दिया। मेरा भाई भी मेरे साथ प्लेन में सफर कर रहा था। प्लीज उसे ढूंढने में मेरी मदद कीजिए।

## डीजीसीए ने बताया पायलट ने मे-डे की कॉल की थी

डीजीसीए ने बताया कि विमान को कैप्टन सुमित सभरवाल और फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर उड़ा रहे थे। डीजीसीए ने बताया कि विमान ने अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से दोपहर 1 बजकर 38 मिनट पर उड़ान भरी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही पायलट ने एटीसी को मेडे की कॉल की थी, लेकिन जब एटीसी ने एयरक्राफ्ट से संपर्क साधने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं मिला। विमान उड़ान भरते ही एयरपोर्ट परिसर के बाहर गिर गया, जिसके बाद धुएं का बड़ा गुबार दिखाई दिया।



### हेल्पलाइन नंबर

एयर इंडिया ने हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 जारी किया

नागरिक उड्डयन मंत्रालय में एक परिचालन नियंत्रण कक्ष सक्रिय कर दिया गया है। जिसका नंबर: 011-24610843। 9650391859 है

## धमाके की आवाज के साथ हॉस्टल धुआं-धुआं

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

यहां गुरुवार दोपहर 1 बजकर 40 मिनट पर बड़ा विमान हादसा हुआ है। सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एसवीपीआईए) से एयर इंडिया का बोइंग विमान (एआई -171) टेक ऑफ करने के 2 मिनट के भीतर ही अहमदाबाद के मेघाणी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वह वहां बने एक मेडिकल हॉस्टल में जा घुसा। विमान में 242 यात्री सवार थे।

विमान अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रहा था। अब तक 240 यात्रियों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। एक यात्री जिंदा बचा है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह विमान 11 साल पुराना था। इसके पायलट सुमित सभरवाल को 8200 घंटे उड़ान का अनुभव था। को-पायलट क्लाइव सुंदर को 1100 घंटे विमान उड़ाने का अनुभव था। विमान ने 1 बजकर 38 मिनट पर टेक ऑफ किया था। करीब 625 फीट की ऊंचाई पर जाते ही वह नीचे की तरफ आ गया और मेघाणी नगर में बने एक



विजय रूपाणी

मेडिकल हॉस्टल में जा घुसा। उस वक्त हॉस्टल की मेस में मेडिकल छात्र व रेजिडेंट डॉक्टर खाना खा रहे थे। तेज धमाके की आवाज के साथ ही इमारत धुआं-धुआं हो गई। तीन डॉक्टरों की मौके पर ही मौत हो गई। 20 से ज्यादा घायल हो गए। इनके लिए तो जैसे आसमान से ही मौत आई थी। हादसा के बाद तत्काल राहत व बचाव के काम शुरु हो गए थे। इसकी निगरानी खुद पीएम मोदी व गृहमंत्री अमित शाह कर रहे थे। तत्काल ही नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू भी मौके पर जा पहुंचे। सीएम भूपेंद्र पटेल ने अपनी टीम के साथ वहां आपात व्यवस्थाओं को संभाला। अब हताहत हुए यात्रियों की पहचान करने के लिए अहमदाबाद सिविल अस्पताल में यात्रियों के परिजनों के डीएनए सैंपल लेने की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव धनंजय द्विवेदी ने बताया कि पीड़ितों की पहचान के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज के कसोटी भवन में यह विशेष व्यवस्था की गई है। आपातकालीन जानकारी और परिजनों की सहायता के लिए अस्पताल प्रशासन ने दो हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। विमान के बीजे मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर्स हॉस्टल पर गिरने से भारी नुकसान हुआ है। गौर हो कि अहमदाबाद का इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश का 8वां सबसे व्यस्त विमानक्षेत्र है। यहां से रोजाना औसत 250 विमान उड़ान भरी जाती हैं। एयरपोर्ट अहमदाबाद रेलवे स्टेशन से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर पड़ता है।

## पीएम मोदी ने कहा-सभी संबंधित एजेंसियां हाई अलर्ट पर

प्रधानमंत्री मोदी ने घटना पर ट्वीट करते हुए लिखा कि अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं। सभी लोग प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिक उड्डयन मंत्री से बात की और विमान हादसे की जानकारी ली। मंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि वे बचाव और राहत कार्यों की निगरानी के लिए अहमदाबाद जा रहे हैं। पीएम मोदी ने नागरिक उड्डयन मंत्री से कहा है कि वे सभी आवश्यक सहायता तत्काल उपलब्ध कराएं और स्थिति के बारे में नियमित रूप से अपडेट रहें। सभी संबंधित एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं और समन्वित प्रयास जारी हैं।



### डीजीसीए व एएआई के शीर्ष अधिकारी संपर्क में

*नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने विमान हादसे पर कहा कि अहमदाबाद विमान हादसे की खबर से दुखी और हैरान हूं। हम अलर्ट पर हैं और मैं निजी तौर पर हालात की समीक्षा कर रहा हूं। सभी उड्डयन आपात एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे समन्वय तरीके से और तेजी से कार्रवाई करें। बचाव टीमों को भी मौके पर भेजा गया है और चिकित्सा सुविधाओं को भी अलर्ट किया गया है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं विमान में सवार लोगों और उनके परिजनों के प्रति हैं। राम मोहन नायडू ने बताया कि वे डीजीसीए, एएआई के शीर्ष अधिकारियों के संपर्क में हैं।*

### रेलवे ने दो शहरों के लिए शुरू की स्पेशल ट्रेनें

*अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे के बाद भारतीय रेलवे ने एयरपोर्ट पर फंसे यात्रियों को निकालने के लिए स्पेशल एसी ट्रेन चलाई। ये ट्रेनें मुंबई और दिल्ली के लिए चलाई जाएंगी। एक ट्रेन रात 11.30 बजे अहमदाबाद से दिल्ली के लिए रवाना की गई। जबकि दूसरी ट्रेन रात 12 बजे अहमदाबाद से मुंबई के लिए चलाई गई।*

### सीएम बोले- बाबा महाकाल रक्षा करें

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर लिखा कि अहमदाबाद में यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का समाचार अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। यह विचलित करने वाली घटना है। बाबा महाकाल सबकी रक्षा करें।



---

### पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत

## आग बुझाने जा रही फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने 6 लोगों को कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

बड़नगर के बरगुंडासेरी रोड पर गुरुवार दोपहर नगर पालिका के फायर स्टेशन को आग लगने की सूचना

■ ड्राइवर नशे की हालत में था, गिरफ्तार

मिली थी। आग बुझाने जा रही गाड़ी को ड्राइवर तेज गति से चला रहा था। इस दौरान एक शख्स को टक्कर मारी, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद गाड़ी पलट गई और



घिसटती चली गई, जिसकी चपेट में 5 अन्य लोग आ गए। हादसे में घायल आवेश (2 साल) और उसके पिता जितेंद्र सिंह (50 साल) को गंभीर हालत में उज्जैन के चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। जबकि संतोष, महिला उजाला सिंह और तनीषा (3 वर्ष) का इलाज बड़नगर के अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि फायर ब्रिगेड का ड्राइवर नशे की हालत में था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। बड़नगर नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंगिया ने गंभीर घायलों को 50-50 हजार रुपए और अन्य घायलों को 15-15 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। साथ ही उनके इलाज का पूरा खर्च उठाने की बात कही है। डीएसपी एनएस परमार ने बताया कि हादसे के बाद घायलों को अस्पताल भिजवाया गया।

### इंदौर में कोरोना में उछाल

## तीन महिलाओं की मौत एक दिन में 12 नए केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

प्रदेश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता के बीच इंदौर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान ही 52 वर्षीय महिला की मौत हो गई। इंदौर से 150 किमी दूर रतलाम की रहने वाली महिला को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद 8 जून को इंदौर के मनोरमा

■ प्रदेश में कुल मामले 82 हो गए, 51 एक्टिव



राजे टीबी (एमआरटीबी) अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस बीच उसकी कोविड जांच भी करवाई गई थी। दो दिन बाद बुधवार को मेडिकल रिपोर्ट आने पर पता चला कि वह कोविड पॉजिटिव थी।

### सबसे गर्म रहे खजुराहो का पारा 45.8 डिग्री रहा, नौगांव व टीकमगढ़ में 45 पर पारा

## आधा दर्जन जिलों में चली लू, इंदौर सहित कुछ शहरों में झमाझम, भोपाल में दूसरे दिन गिरा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में गुरुवार को मौसम मिलाजुला रहा। आधा दर्जन से अधिक जिलों में लू चली। इंदौर सहित कई जिलों में तेज से मध्यम बारिश हुई। भोपाल में दिन का पारा लगातार दूसरे दिन 1.6 डिग्री गिरकर 41 डिग्री रहा। अधिकांश जिलों में औसतन एक डिग्री की बढ़ोतरी से गर्मी और बढ़ गई। सबसे गर्म रहे खजुराहो का पारा 45.8 डिग्री रहा, जबकि नौगांव, टीकमगढ़ में 45 डिग्री तक दर्ज हुआ। प्रदेश में औसत पारा 41 डिग्री रहा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार दो दिन मौसम मिलाजुला रहेगा।

◆ खजुराहो, टीकमगढ़, नौगांव, धार, नर्मदापुरम, रतलाम, उज्जैन सहित कई जिलों में पारा सामान्य से 5 डिग्री तक अधिक रहा



डिजिटल इंडिया के 11 साल

# गरीबों को सशक्त बनाने के लिए तकनीक बनी एक महत्वपूर्ण सहारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प के अलावा, 'डिजिटल इंडिया' का लक्ष्य और दृष्टिकोण अब साकार होने लगा है क्योंकि यह वर्तमान सरकार के शासन का मूल बन गया है। 11 साल पहले देश में शुरू हुई डिजिटल क्रांति, लगभग हर नीति-निर्माण और जन कल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन में शामिल हो गई है, जिसमें गरीबों, वंचितों और हाशिए पर पड़े वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए विस्तृत योजनाएं बनाई गई हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि "प्रौद्योगिकी की शक्ति का लाभ उठाने से लोगों को अनगिनत लाभ हुए हैं। उन्होंने कहा कि सेवा वितरण और पारदर्शिता को काफी बढ़ावा मिला है। तकनीक सबसे गरीब लोगों के जीवन को सशक्त बनाने का एक साधन बन गई है।

**पीएम ने कहा कि सेवा वितरण और पारदर्शिता को काफी बढ़ावा मिला**

## गरीबों, वंचितों और हाशिए पर पड़े वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई विस्तृत योजनाएं




### शासन व्यवस्था पारदर्शी और सुलभ बनी

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपने पहले कार्यकाल में शुरू की गई डिजिटल इंडिया पहल ने पिछले दशक में देश के विकास और प्रगति के तरीके को नया आकार दिया है। शासन व्यवस्था पारदर्शी और हर नागरिक के लिए सुलभ हो गई है, आम नागरिक के लिए बड़े पैमाने पर अवसर भी खोले हैं। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर मोदी सरकार की सबसे बड़ी पहचान है क्योंकि इसने करोड़ों गरीब परिवारों तक जन कल्याण निधि और योजनाओं की निर्बाध और रिसाव-मुक्त डिलीवरी सुनिश्चित की है। आज, गांवों में इंटरनेट सेवाओं की पहुंच बढ़ी है।

### 44 लाख करोड़ से अधिक हस्तांतरित किए गए

आज डीबीटी के तहत 56 मंत्रालयों में 322 से अधिक योजनाएं शामिल हैं। लाभार्थियों के खातों में सीधे 44 लाख करोड़ से अधिक हस्तांतरित किए जा चुके हैं, जबकि रिसाव को कम करके और बिचौलियों को रोककर 3.48 लाख करोड़ बचाए गए हैं। वहीं पिछले दस वर्षों में, डीबीटी हस्तांतरण में 90 गुना वृद्धि हुई है, जो गति और पारदर्शिता से युक्त जन कल्याण वितरण के एक नए युग को चिह्नित करता है।

### आधारः दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल आईडी प्रणाली

आधार प्रत्येक नागरिक की एक विशिष्ट पहचान देश की डिजिटल पहचान क्रांति को शक्ति प्रदान कर रही है। आज, 140 करोड़ की आबादी के प्रत्येक नागरिक के पास एक विशिष्ट 12-अंकीय आधार संख्या है।

### डिजिलॉकर ने दी बड़ी सुविधा

डिजिलॉकर एक ऐसा एप्लिकेशन जो दस्तावेजों को ऑनलाइन संग्रहीत करने की सुविधा देता है, ने कागज रहित शासन को मजबूत प्रोत्साहन दिया है। आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, देश में 52 करोड़ से अधिक पंजीकृत डिजिलॉकर उपयोगकर्ता हैं, जिनके पास 852 करोड़ से अधिक दस्तावेज जारी किए गए हैं।


**उमंगः सभी सेवाओं के लिए एक प्लेटफॉर्म**

उमंग एप सभी सरकारी सेवाओं को एक प्लेटफॉर्म पर लाने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह विभिन्न सरकारी विभागों में 2,000 से ज्यादा सेवाओं तक पहुंचने के लिए एक एकल डिजिटल गेटवे बन गया है। इसके 8.21 करोड़ से ज्यादा पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं, जिनमें 597 करोड़ से ज्यादा लेन-देन हुए हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान एक और अहम योजना है।

## खबर संक्षेप


### सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर की हत्या

**बठिंडा।** यहां बुधवार देर शाम को चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल की पार्किंग में खड़ी गाड़ी से सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर कमल कौर उर्फ कंचन कुमारी का शव बरामद हुआ। कमल कौर लक्ष्मण बस्ती, लुधियाना की रहने वाली थी। कौर 9 जून को मां को कहकर निकली थी कि वह बठिंडा में प्रमोशनल इवेंट के लिए जा रही है। 10 जून को हत्या हो गई।



### बहन के प्रेमी की काटी थी गर्दन, उम्रकैद

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में 11 साल पूर्व हुई नृशंस हत्या के मामले में अपर एवं सत्र न्यायधीश ने अभियुक्त श्रीराम यादव को दोषी पाया है। कोर्ट ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोका है। थाना खुखुंदू क्षेत्र के ग्राम जुआफर के श्रीराम यादव की बहन माना देवी की शादी ग्राम पिपरा शुक्ल में हुई थी। उससे वह नाराज था।



### गौरव बने आर्थिक सलाहकार के सदस्य

**नई दिल्ली।** प्रख्यात अर्थशास्त्री प्रोफेसर गौरव वल्लभ को प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। गौरव वल्लभ को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। वे इस उच्च स्तरीय निकाय में एक अर्थशास्त्री के रूप में शामिल हुए हैं, जो प्रधानमंत्री के मुख्य आर्थिक विचार-मंच में एक अहम विस्तार माना जा रहा है।



### पुलिस के खिलाफ टिप्पणी, रेवंत बरी

**हैदराबाद।** तेलंगाना की एक अदालत ने पुलिस पर टिप्पणी करने के मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को गुरुवार को बरी कर दिया। पुलिस के खिलाफ कथित तौर पर टिप्पणी करने के लिए 2023 में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था। सांसद-विधायक अदालत ने कहा कि आरोपी को दर्ज मामले में दोषी नहीं पाया गया।



### विवि के प्रोफेसर रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार

**शिलांग।** सीबीआई नेबताया कि प्रयोगशाला उपकरणों की आपूर्ति में भ्रष्टाचार के आरोप में मेघालय के शिलांग स्थित पूर्वोत्तर पवर्तीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर को गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय विविव में जैविक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर और डीन एन साहा और विक्रेता प्रांजल शर्मा को 3.43 लाख रुपए की रिश्वत के लेनदेन के दौरान गिरफ्तार किया गया।



## ओडिशा के भद्रक में मवेशी तस्करी को लेकर झड़प

# बवाल में एक की मौत के बाद इलाके में तनाव, कई हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं बंद

### संवेदनशील इलाकों में 700 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर/भद्रक

मवेशी तस्करी को लेकर हुई झड़प में एक व्यक्ति की मौत के बाद उत्पन्न तनाव के मद्देनजर ओडिशा के भद्रक जिले के कई हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भद्रक के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनोज राउत ने बताया कि कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए सुबह 6 बजे से 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने भद्रक के संवेदनशील इलाकों में 700 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए हैं। पूर्वी रेंज (बालासोर) के उप महानिरीक्षक ने कहा कि तिहिडी घटना के सिलसिले में 12 आरोपियों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 27 प्लाटून तैनात की गई हैं, जो सामुदायिक संवाद में लगी हुई हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

*सुबह 6 बजे से 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी*

*शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 27 प्लाटून तैनात रहेंगे*




### लोगों से शांति की अपील

लोगों से शांति और सहयोग की अपील की गई है। एसपी ने बताया कि पांच क्षेत्रों भद्रक नगर पालिका, भद्रक ब्लॉक, धामनगर एनएसी, धामनगर ब्लॉक और तिहिडी ब्लॉक में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। मृतक की पहचान कासती गांव के संतोष परिदा (45) के रूप में हुई है। एसपी राउत ने कहा कि भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार रात परिदा की मौत हो गई।

### सीएम ने 10 लाख मुआवजा और नौकरी देने की घोषणा की

परिवार के सदस्यों द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि मवेशी तस्करी का विरोध करने पर परिदा पर एक प्रतिद्वंद्वी समूह के सदस्यों ने कथित तौर पर हमला किया था। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मृतक के परिवार के एक सदस्य को 10 लाख मुआवजा और नौकरी देने की घोषणा की है तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है। उन्होंने एक बयान में कहा कि हम शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं और शांति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

## उधर, बंगाल में उपद्रवियों ने मचाया तांडव

### पुलिस पर किया पथराव और वाहनों को किया आग के हवाले, 12 गिरफ्तार

24 परगना। पश्चिम बंगाल के महेशतला इलाके में बुधवार को रवींद्रनगर-अकराइलाके से हिंसक झड़पों की खबर सामने आई है। यहां भीड़ और पुलिस के बीच टकराव इतना बढ़ गया कि पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनमें डीसी (पोर्ट) हरीकृष्ण पाईभी शामिल हैं। भीड़ ने दो सरकारी गाड़ियों में तोड़फोड़ की, एक बाइक को आग के हवाले कर दिया गया। स्थिति को काबू में लाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का सहारा लिया। इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किए जाने की खबर है और 4 केस दर्ज किए गए हैं।



### भीड़ ने पुलिस को बनाया निशाना

हिंसा की शुरुआत रवींद्रनगर थाना क्षेत्र में तब हुई जब भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने अचानक पुलिस पर पथराव कर दिया। शुरुआत में पुलिस बल कम था, इसलिए पुलिस को पीछे हटना पड़ा। बाद में जब रैपिड ऐक्शन फोर्स और सीनियर अफसर मौके पर पहुंचे तो उन्होंने मोर्चा संभाला। भीड़ को तितर-बितर किया गया, लेकिन कुछ ही दूरी पर संतोषपुर में भीड़ फिर इकट्ठा हो गई और दोबारा पुलिस से भिड़ गई। इस दौरान पुलिसकर्मी फिर घायल हुए।

### हिंसा की वजह-जमीन का मालिकाना हक

स्थानीय लोगों के अनुसार विवाद की जड़ जमीन का मालिकाना हक था। बताया गया कि जिस जगह पर एक अल्पसंख्यक व्यापारी की दुकान थी, वहां ईद के दौरान उनकी गैरमौजूदगी में कुछ लोगों ने 'तुलसी मंच' बना दिया। दूसरी ओर से आरोप लगे कि वह दुकान मंदिर की जमीन पर बनी थी। इस

**हिंदुओं पर हो रहे हमले**

भाजपा नेता और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने हिंसा की निंदा की और कहा कि इसमें हिंदू परिवारों को निशाना बनाया गया है। अर्धसैनिक बलों की तैनाती की मांग की।

' सिंदूर' को पटोले ने बताया 'बच्चों का वीडियो गेम'

# 'कांग्रेस का बच्चा' वीडियो न खेले, गंभीर रहेः पात्रा

### भाजपा ने कांग्रेस नेता पर किया पलटवार



एजेंसी ▶▶ मुंबई

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अब राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता नाना पटोले ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को 'बच्चों का वीडियो गेम' करार दिया है। पटोले ने कहा कि पहलगाम में हमला होता है, हमारे जवान और निर्दोष नागरिक शहीद होते हैं और सरकार सिर्फ दिखावे के ऑपरेशन में लगी है। क्या यह कोई वीडियो गेम है? आखिरकार इतने दिन हो गए, आतंकी अब तक पकड़े क्यों नहीं गए? पटोले ने आरोप लगाया कि केंद्र और भाजपा केवल कैमरे के सामने दिखावे की कार्रवाई कर रही है, लेकिन आतंकियों को पकड़ने या खत्म करने में नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि हर बार हमले के बाद एक नाम दे दिया जाता है-सर्जिकल स्ट्राइक, ऑपरेशन ब्लू, अब ऑप्रेशन सिंदूर लेकिन नतीजा क्या निकला?

### राहुल वीडियो गेम खेल रहेः संबित

पटोले द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की तुलना 'बच्चों के वीडियो गेम' से करने पर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कांग्रेस की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि पटोले जिन बच्चों की बात कर रहे हैं, वे कौन हैं? भारतीय सशस्त्र बल? क्या ब्रह्मोस मिसाइलें जो दागी गईं, वे वीडियो गेम का हिस्सा थीं? राहुल वह बच्चा है जिसकी वे बात कर रहे थे, जो दिन-रात वीडियो गेम खेलता है। यही कारण है कि ऑपरेशन सिंदूर जैसा जरूरी मुद्दा उनकी पार्टी के नेताओं को वीडियो गेम जैसा लगता है। राहुल से कहिए कि वे वीडियो गेम न खेलें बल्कि अपने आसपास हो रही घटनाओं को लेकर गंभीर रहें।



### ओछी मानसिकता के शिकार हैं कांग्रेस नेता

पटोले के बयान पर शिवसेना नेता शाइना एनसी ने कहा कि केवल पटोले जैसी ओछी मानसिकता और ओछी सोच ही यह सुझाव दे सकती है कि ऑपरेशन सिंदूर एक वीडियो गेम था। बेतुकी टिप्पणियां करना और झूठी कहानियां गढ़ना कांग्रेस पार्टी की पुरानी आदत है। ऑपरेशन सिंदूर भारत सरकार द्वारा आतंकवाद को खत्म करने का एक ठोस प्रयास था।

## संत नाथ महाराज की पालकी यात्रा



**नासिक।** गुरुवार को त्र्यंबकेश्वर से पंढरपुर तक संत नाथ महाराज की पालकी यात्रा में श्रद्धालु भाग लेते हुए।

स्कूली शिक्षा और खेल विभाग को दी चुनौती

# अल्पसंख्यक संस्थानों में 11वीं कक्षा के दाखिले में कोटा तय नहीं किया जा सकता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी जिसमें अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी)और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए 11वीं की सीट आरक्षित करने के लिए कहा गया है। न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक और न्यायमूर्ति एन आर बोरकर की पीठ ने अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों में संवैधानिक/सामाजिक आरक्षण लागू करने के लिए सरकार के स्कूली शिक्षा और खेल विभाग द्वारा छह मई को जारी किए गए प्रस्ताव को चुनौती देने वाली कुछ अल्पसंख्यक संस्थानों द्वारा दायर याचिकाओं पर यह आदेश दिया।

*◆ बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार के आदेश पर रोक लगाई*



### अगली सुनवाई 6 अगस्त को होगी

उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की दलीलों में दम नजर आया और इसलिए अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों में 11वीं में प्रवेश के लिए सामाजिक आरक्षण का आदेश लागू नहीं होगा। पीठ ने कहा कि वह प्रस्ताव के उस खंड पर रोक लगा रही है पीठ ने सरकार को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। सुनवाई 6अगस्त को होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने दी व्यवस्था

### आंध्रप्रदेश की शिक्षक भर्ती परीक्षा पर रोक से कर दिया इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश में शिक्षकों की भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा को रोकने की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया और कहा कि इसे 'बीच में' नहीं रोका जा सकता। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि हम कोई तंत्र नहीं बनाते हैं।



**बीच में नहीं रोक सकते**

याचिकाकर्ता के वकील ने सरकारी अधिसूचना का हवाला दिया। इसके बाद पीठ ने हालांकि कहा परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। हम उन्हें बीच में नहीं रोक सकते।

## भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की नई पहल

# अनौपचारिक श्रमिकों को मिलेगी मौसम की सटीक जानकारी

### ग्रीनपीस इंडिया की क्लाइमेट और एनर्जी कैपेनर अमृता ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मौसम की जानकारी सीधे वर्कर्स तक पहुंचाने के लिए अनौपचारिक श्रमिक संघों के साथ साझेदारी की। ग्रीनपीस इंडिया की क्लाइमेट और एनर्जी कैपेनर अमृता की ओर से जानकारी दी गई। इस संबंध में बातचीत करते हुए अमृता ने कहा कि आज हमने भारत और पूरे विश्व में क्लाइमेट कम्यूनिकेशन में एक बड़ी सफलता हासिल की है। आईएमडी ने अनौपचारिक श्रमिक संघों के साथ साझेदारी की, जिससे आसानी से वर्कर्स को क्लाइमेट की जानकारी दी जा सके।

### हीटवेव जैसी आपदाओं से सुरक्षा मिल सकेगी




अमृता ने कहा कि आईएमडी एक कदम और आगे जा रहा है और अनौपचारिक श्रमिक संघों के साथ सहयोग करके काफी फ्यूचरिस्टिक बन रहा है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि मोबाइल फोन, व्हाट्सएप ग्रुप आदि के माध्यम से सूचना के प्रसारण में जो भी छूट गया है, हम उन तक सीधे पहुंच सके। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी जानते हैं कि आईएमडी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ जलवायु मौसम डेटा प्रसारण एजेंसियों में से एक है। कार्यशाला आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य है विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके कैसे हम हीटवेव जैसी आपदाओं से सुरक्षित रह सकते हैं।

### कार्यशाला में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर की विस्तार से चर्चाः महापात्र

आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा,आईएमडी, ग्रीनपीस और सभी श्रमिक संघ, स्ट्रीट वेंडर्स संघ, धर्मार्थ संघ और रिक्शा चालक संघ के साथ की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि हम विज्ञान-प्रौद्योगिकी का उपयोग करके कैसे हीटवेव जैसी आपदाओं से सुरक्षित रह सकते हैं। पहला कदम हीटवेव के बारे में लोगों तक जानकारी पहुंचाना है। उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यशाला में हमने अब तक जो नीतियां बनाई हैं। उनके बारे में चर्चा की है। साथ ही, उनमें हम क्या सुधार कर सकते हैं और लोगों को गर्मी के प्रति कैसे जागरूक कर सकते हैं? इस पर बातचीत की गई है।



कांग्रेस ने केंद्र सरकार से कहा

# न्यायमूर्ति वर्मा के मामले में हमें जांच समिति की रिपोर्ट दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने सरकार से न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने वा ली उच्चतम न्यायालय की समिति की रिपोर्ट उसके साथ साझा करने के लिए कहा है ताकि वह संसद के मानसून सत्र से पहले महाभियोग के मुद्दे पर अपना रुख तय कर सके। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने अभी तक इस संबंध में कोई जवाब नहीं दिया है। न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास पर इस साल मार्च में आग लगने के बाद कथित तौर पर नकदी से भरे कई अधजले बोरे पाए गए थे। उस समय वह दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया था। उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित समिति ने कई गवाहों से बात करने और वर्मा का बयान दर्ज करने के बाद उन्हें दोषी ठहराया। 21 जुलाई से संसद का मानसून सत्र शुरू होना वाला है।



# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मस्क की माफी को किया 'स्वीकार', तनाव खत्म करने के दिए संकेत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

व्हाइट हाउस ने बताया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की ओर से हाल ही में की गई टिप्पणियों के लिए मांगी गई माफी को स्वीकार कर लिया है। इससे दोनों मशहूर हस्तियों के बीच चल रहा तनाव कम होने का संकेत मिला है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने बुधवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में संवाददाताओं को यह जानकारी दी।

लेविट ने कहा कि मस्क की कंपनियों के साथ सरकारी अनुबंधों की समीक्षा नहीं की जा रही। इससे पहले, मस्क ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, मैं पिछले सप्ताह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में अपनी कुछ पोस्ट पर खेद जताता हूं। मस्क का एक समय ट्रंप के साथ करीब का रिश्ता था और जिन्हें तकनीकी जगत में उनका 'पहला दोस्त' कहा जाता था। इन सहयोगियों ने हाल के दिनों में फोन कॉल और टेक्स्ट संदेशों के जरिए मस्क के साथ अपने व्यक्तिगत तालमेल का इस्तेमाल करके तनाव कम करने की कोशिश की है।

यह माफी शुक्रवार को मस्क, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सूजी वाइल्स के बीच हुई बातचीत के बाद आई, जिसमें कथित तौर पर इस झगड़े पर विस्तार से बात की गई थी

## ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेगे



*व्हाइट हाउस बोला- लोगों के काम और कारोबार पर ध्यान देंगे*

*मस्क ने ट्रंप के साथ अपनी सभी पोस्टों को भी डिलीट किया*

**मस्क के सरकारी अनुबंधों की समीक्षा नहीं**

*लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ने बुधवार सुबह एलन के बयान को स्वीकार किया है और उसकी सराहना करते हैं। हम अमेरिका के लोगों के काम और कारोबार पर ध्यान देना जारी रखेंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या ट्रंप प्रशासन ने मस्क के सरकारी अनुबंधों की समीक्षा शुरू कर दी है, जिसके बारे में राष्ट्रपति ने पहले विचार करने का संकेत दिया था, तो लेविट ने साफ कहा कि जहां तक मुझे पता है, अभी तक इस दिशा में कोई काम नहीं किया गया है।*

### यौन अपराधी एप्स्टीन से जोड़ा था ट्रंप का रिश्ता

**मस्क ने ट्रंप को खुद फोन किया**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को बताया कि सोशल मीडिया पर माफीनामा पोस्ट करने से पहले मस्क ने ट्रंप को सोमवार को देर रात फोन किया था। इसके बाद उन्होंने बुधवार को एक सार्वजनिक बयान जारी किया। इसमें उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी, जिससे पिछले हफ्ते विवाद हुआ था। यह माफी शुक्रवार को मस्क, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सूजी वाइल्स के बीच हुई बातचीत के बाद आई, जिसमें कथित तौर पर इस झगड़े पर विस्तार से बात की गई थी।

एलन मस्क की एक पोस्ट में ट्रंप का रिश्ता एक यौन अपराधी एप्स्टीन से जोड़ा गया था। इसके अलावा उन्होंने ट्रंप के महाभियोग की भी मांग की थी। ट्रंप ने 7 जून को कहा था कि उनका इलॉन मस्क के साथ रिश्ता खत्म हो गया है। इसके बाद ट्रंप ने मस्क को धमकाया था कि अगर उन्होंने विपक्षी डेमोक्रेट्स का साथ दिया तो गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे।

### 'बिग ब्यूटीफुल बिल' के समर्थन का आग्रह

*प्रमुख रिपब्लिकन सांसद और ट्रंप के करीबी सहयोगी चुपचाप मस्क से राष्ट्रपति के साथ सुलह करने और उनके प्रशासन की प्रमुख कानूनी पहल 'बिग ब्यूटीफुल बिल' का समर्थन करने का आग्रह कर रहे हैं। इस विधेयक को सीनेट में कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। ट्रंप-मस्क में 5 जून को बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर बहस तब शुरू हुई जब ट्रंप ने मीडिया से कहा, इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के कानून में कटौती की बात पर मस्क को दिक्कत होने लगी।*

## खबर संक्षेप

### तीन नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म, चार गिरफ्तार




**पणजी।** उत्तरी गोवा जिले के एक गेस्ट हाउस में तीन नाबालिग लड़कियों से दो लोगों ने कथित तौर पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस ने गेस्ट हाउस के मालिक और मैनेजर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस मामले में अब तक चार लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। पुलिस के अनुसार, लड़कियों की उम्र 11, 13 और 15 साल है। इनमें दो लड़कियां बहने हैं। सभी एक ही इमारत में रहती हैं। इनके साथ कलगुंट इलाके में स्थित गेस्ट हाउस में दो लोगों ने दुष्कर्म किया।

### खालिस्तान समर्थक ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़



**ओटावा।** कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने खालिस्तानियों को पकड़ने के लिए 'प्रोजेक्ट पेलिकन' नाम का एक अभियान चलाया है, जिसके तहत कनाडा की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खालिस्तान समर्थक ड्रग और आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। जिसके तहत पुलिस ने 479 किलो कोकीन जब्त की है। इसकी कीमत करीब 47.9 मिलियन डॉलर है। इसके साथ ही पुलिस ने कनाडा में रहने वाले भारतीय मूल के सात लोगों सहित कुल नौ को गिरफ्तार किया है।

### श्रीनिवास पहले भारतवंशी जो एएमए के अध्यक्ष बने



**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल के श्रीनिवास मुक्कमला अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए हैं। इस पद पर पहुंचने वाले श्रीनिवास पहले भारतवंशी हैं। उन्होंने 180वां अध्यक्ष बनने पर खुशी जताई। 178 साल पुराना अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन, अमेरिका का सबसे बड़ा और प्रभावी मेडिकल संगठन है। श्रीनिवास को बॉबी मुक्कमला के नाम से भी जाना जाता है, नाक, कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हैं। डॉ. मुक्कमला ने मिशिगन यूनिवर्सिटी के मिशिगन मेडिकल स्कूल से मेडिकल की पढ़ाई की।

## जर्मन मार्शल फंड फोरम 2025 में बातचीत के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर बोले

# भारत-चीन उभरती ताकत, लेकिन बतौर पड़ोसी ड्रैगन बेहद जटिल, संतुलन की कोशिशें जारी



*विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन संबंध सिर्फ सीमा विवाद तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसमें आर्थिक, व्यापारिक और राजनीतिक मॉडल का भी फर्क है। दोनों देशों की सोच, आर्थिक मॉडल और सामाजिक मूल्यों में काफी फर्क है, जिससे यह रिश्ता और भी जटिल बन जाता है*

एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ब्रसेल्स में जर्मन मार्शल फंड फोरम 2025 में बातचीत के दौरान भारत और चीन के रिश्ते में जटिलता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया में आज जो शक्ति संतुलन बना है, वह पहले से कहीं ज्यादा जटिल हो गया है, क्योंकि भारत और चीन दोनों तेजी से उभरती ताकतें हैं और साथ ही पड़ोसी भी हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन की ताकत में समानांतर वृद्धि हो रही है।

दोनों अपने-अपने तरीके से वैश्विक संतुलन बना रहे हैं, लेकिन जब दो शक्तिशाली देश एक-दूसरे के पड़ोसी हों, तो संतुलन और भी मुश्किल हो जाता है, खासकर जब उनके कुछ पड़ोसी भी समान हों। उन्होंने कहा कि भारत-चीन संबंध सिर्फ सीमा विवाद तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसमें आर्थिक, व्यापारिक और राजनीतिक मॉडल का भी फर्क है। दोनों देशों की सोच, आर्थिक मॉडल और सामाजिक मूल्यों में काफी फर्क है, जिससे यह रिश्ता और भी जटिल बन जाता है।

### भारत और चीन के बीच आर्थिक, व्यापारिक और राजनीतिक मॉडल का भी फर्क है

### भारत-ईयू के बीच जल्द हो सकता है एफटीए

*विदेश मंत्री ने भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को लेकर उम्मीद जताई कि यह समझौता साल के अंत तक पूरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि हम अपने रिश्तों को गहराई देने के इच्छुक हैं और इसका केंद्र बिंदु एफटीए है। जयशंकर ने बताया कि फरवरी में कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की भारत यात्रा के बाद से इस दिशा में काफी काम हुआ है और अब यह समझौता पूरा करना मुमकिन दिख रहा है। दोनों पक्षों ने रक्षा और सुरक्षा, आतंकवाद निरोध, समुद्री सुरक्षा और साइबर मुद्दों सहित कई मुद्दों पर व्यापक चर्चा की, तथा इन क्षेत्रों में उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग को और बढ़ाने की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया।*

### चीन-भारत ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़े हैं

जयशंकर ने कहा कि चीन और भारत के बीच संबंध एक ऐतिहासिक और सभ्यतागत पृष्ठभूमि से जुड़े हैं, लेकिन चीन ने भारत से पहले आर्थिक सुधारों की शुरुआत की। चीन ने भारत से पहले आधुनिकीकरण की राह पकड़ी क्योंकि उस दौर में हमारी सरकारें शुरुआती वर्षों में जरूरी कदम नहीं उठा पाईं। उन्होंने कहा कि चीन के साथ अनसुलझी सीमा भी एक बड़ा मुद्दा है, जो द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि बीते 10-15 वर्षों में यूरोप के दृष्टिकोण में बदलाव आया है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि पूरे यूरोप की सोच एक जैसी नहीं है, कुछ देश अधिक व्यावहारिक और स्पष्ट सोच वाले हैं।

### भारत-ईयू आपसी सहयोग को और मजबूत करेंगे



*जयशंकर ने यूरोपीय संघ की उच्च प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष काजा कालास के साथ प्रथम भारत-यूरोपीय संघ सामरिक वार्ता की सह-अध्यक्षता की तथा रक्षा उद्योग और अंतरिक्ष के लिए यूरोपीय आयुक्त एंड्रियस कुबिलियस, व्यापार और आर्थिक सुरक्षा के लिए यूरोपीय आयुक्त मारोस सेफकोविक और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी के लिए यूरोपीय आयुक्त जोजफ सिकेला से मुलाकात की। यूरोपीय संघ की राष्ट्रपति वॉन डेर लेयेन से मुलाकात के दौरान विदेश मंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। दोनों पक्षों ने इस वर्ष के अंत तक एक संतुलित, महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए को संपन्न करने की अपनी साझा महत्वाकांक्षा को दोहराया। उन्होंने व्यापार, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा, कौशल, प्रतिभा गतिशीलता और कनेक्टिविटी के क्षेत्रों सहित संबंधों में बढ़ती गति पर संतोष व्यक्त किया और अगले भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के लिए आगे के रास्ते पर चर्चा की।*




### ईयू ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 9 से 11 जून तक ब्रसेल्स की आधिकारिक यात्रा के दौरान बुधवार को यूरोपीय संघ के शीर्ष नेताओं के साथ कई बैठकें कीं और यूरोपीय संघ-भारत रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा व्यापक और सार्थक व्यापार समझौते की दिशा में प्रगति के तरीकों पर चर्चा की। वहीं, यूरोपीय संघ ने पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और आतंकवाद से अपने नागरिकों की रक्षा करने के भारत के अधिकार की बात दोहराई। जयशंकर ने बुधवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय संसद की अध्यक्ष रॉबर्टा मेत्सोला से मुलाकात की।

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले

# भारत और ईयू के मध्य गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करना बहुत जरूरी



एजेंसी ▶▶ स्वीडन

एजेंसी, स्टॉकहोम (स्वीडन)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए गैर-शुल्क बाधाओं का समाधान ढूंढना महत्वपूर्ण है और दोनों पक्ष इन मुद्दों के समाधान के लिए सक्रियता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं।

गोयल ने कहा महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आधे से अधिक खंड तैयार हैं। हम बाजार पहुंच के लिए करीब 90 प्रतिशत तैयार हैं। जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान दिया जाना है, वे हैं.. गैर-शुल्क बाधाएं और यूरोपीय संघ तथा भारत के बीच व्यापार को कैसे सहज, आसान व बेहतर बनाया जाए।' उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ दोनों पक्षों की कंपनियों के लिए कारोबार को सुचारू बनाने के समाधान ढूंढने के लिए सक्रिय रूप से चर्चा कर रहे हैं।

### कार्बन कर लगाना सही नहीं

गोयल ने कहा कि भारत के मिर्च, चाय, बासमती चावल, दुग्ध, मुर्गी, गोजातीय मांस, मछली, रसायन उत्पाद को यूरोपीय संघ में निर्यात के समय नियमित रूप से उच्च अवरोधों का सामना करना पड़ता है। कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) पर गोयल ने कहा कि यह उपाय अच्छा नहीं है क्योंकि यह भी एक तरह का गैर-शुल्क अवरोध है। उन्होंने कहा कि यदि यह कार्बन कर लगाया गया तो यह भारतीय उद्योग के साथ अन्याय होगा। यदि यूरोपीय संघ ऐसा कोई कदम उठाएगा तो भारत को उसका जवाब देना होगा। गोयल ने कहा कि एफटीए वार्ता अच्छे माहौल में हो रही है और भारतीय वस्तुओं पर कार्बन कर लगाना ठीक नहीं होगा। इस मुद्दे पर बातचीत जारी है ताकि इससे निपटने के तरीके खोजे जा सकें।

### जून 2022 में फिर से शुरू हुई थी वार्ता

भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ के बीच आठ साल से अधिक समय के अंतराल के बाद जून 2022 में वार्ता फिर से शुरू हुई। बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण 2013 में यह वार्ता रुक गई थी। वित्त वर्ष 2024-25 में यूरोपीय संघ के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार 136.4 अरब अमेरिकी डॉलर (निर्यात 75.75 अरब अमेरिकी डॉलर, आयात 60.65 अरब अमेरिकी डॉलर) था जिससे यह भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। यूरोपीय संघ का बाजार भारत के कुल निर्यात का लगभग 17 प्रतिशत है, जबकि भारत को यूरोपीय संघ का निर्यात उसके कुल निर्यात का नौ प्रतिशत है।

## तट से जहाज को दूर ले जाया गया

# सूखे केमिकल से शिप में आग बुझाने के प्रयास जारी

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के तट पर अरब सागर में सिंगापुर का झंडा लगे जहाज एमवी वान हाइ 503 की आग बुझाने के लिए भारतीय तटरक्षक बल, भारतीय नौसेना और अन्य एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। हालांकि अभी भी पूरी तरह से आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। भारतीय तटरक्षक बल के डाइवर्स और बचाव विशेषज्ञों की एक टीम जहाज पर चढ़ने में सफल हुई है। 40 फीसदी आग पर ही काबू पाया जा सका है। जहाज को धीरे-धीरे इसे केरल तट से दूर ले जाया जा रहा है।



### बचाव विशेषज्ञ हालात पर नजर रख रहे

बचाव विशेषज्ञ टीम के प्रमुख जहाज से हालात पर नजर रखे हुए हैं। तटरक्षक बल के जहाज समुद्र प्रहरी और समर्थ आग बुझाने के काम में जुटे हैं। नौसेना द्वारा एयरक्राफ्ट से जहाज के ऊपर सूखा केमिकल गिराया जा रहा है।

## एनआईए की जांच में बड़ा खुलासा

# विदेश भागने की फिराक में थे लॉरेंस गैंग के 40 गुर्गे, योजना हुई असफल

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने खुलासा किया है कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और चंडीगढ़ में फैले लॉरेंस गैंग के करीब 40 गैंगस्टर विदेश भागने की फिराक में थे। ये सभी लॉरेंस के करीबी उत्तराखंड निवासी राहुल सरकार के संपर्क में थे। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और चंडीगढ़ में बड़ी वारदात को अंजाम दिलवाने के बाद आरोपी राहुल सरकार को मैसेज भेजकर उसके शूटरों या गैंगस्टरों को विदेश भेजने का बंदोबस्त कराता था।

### 40 में से 22 गैंगस्टर सिर्फ पंजाब के



पंजाब के एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि इन 40 गैंगस्टरों में से 22 सिर्फ पंजाब के हैं, जो आरोपी राहुल सरकार के संपर्क में थे। 2022 में हुए सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपी सचिन थापन को भी विदेश भागने में राहुल सरकार ने मदद की थी। एनआईए ने पंजाब पुलिस के साथ इनपुट साझा किए हैं।

## संत निवृत्तिनाथ की धूमधाम से निकली पालकी



**नासिक।** संत निवृत्तिनाथ महाराज की वार्षिक पालकी जुलूस मंगलवार को हजारों वारकरियों की मौजूदगी में त्र्यंबकेश्वर से पंढरपुर के लिए रवाना हुआ। यह जुलूस अगले 27 दिनों में यात्रा करते हुए आषाढ़ी एकादशी के लिए पंढरपुर पहुंचेगा। वारकरी संप्रदाय के भक्तों के भक्ति गीत गान, 'अभंग' और 'ताल' बजाते हुए बुधवार को शोभायात्रा नासिक शहर के सतपुर पहुंची, आज सुबह वह पंचायत समिति नासिक कार्यालय में रुकेगी। अगला पड़ाव नामदेव विट्ठल मंदिर काजीपुरा में होगा और रात भर आयुर्वेद अस्पताल, गणेशवाड़ी में रुकेगी।

## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा, ईरान में सैन्य ऑपरेशन की तैयारी में इजराइल

# अमेरिका ने अपने अतिरिक्त सैनिकों और उनके परिवारों को वापस बुलाया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रहा है। एक तरफ इजराइल और हमास के बीच लड़ाई जारी है। वहीं ईरान और इजराइल में भी तनातनी बढ़ रही है।



अमेरिका के साथ ईरान की परमाणु समझौते पर भी बातचीत पटरी से उतरती दिख रही है। ऐसे में बिगड़ते हालात के बीच अमेरिका ने एक बड़ा कदम उठाया है और पश्चिम एशिया से अपने गैर जरूरी और अतिरिक्त सैनिकों को वापस बुलाने का फैसला किया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि अपनी ताजा समीक्षा के बाद हमने इराक स्थित अपने दूतावास से कर्मचारियों की संख्या घटाने का फैसला किया है। साथ ही बहरीन और कुवैत से भी अतिरिक्त सैनिकों और दूतावास कर्मचारियों के साथ ही उनके परिवार के लोगों को भी बुलाने का फैसला किया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी अतिरिक्त कर्मचारियों को पश्चिम एशिया से वापस बुलाने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि हमारे लोगों की सुरक्षा हमारे लिए सबसे अहम है।

- *अमेरिका और ईरान के मध्य परमाणु समझौते पर नहीं बनी कोई बात*
- *ईरान, इराक, बहरीन और कुवैत से दूतावास कर्मचारी वापस बुलाए*

### अमेरिकियों को घर और विदेश में सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध ट्रंप

अमेरिकी विदेश विभाग और सेना ने कहा है कि वो मध्य पूर्व में केवल उन्हीं लोगों को रखेंगे, जिनकी वहां वाकई जरूरत है, क्योंकि परमाणु वार्ता विफल होने के कारण पड़ोसी ईरान के साथ तनाव बढ़ गया है। विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकियों को घर और विदेश दोनों जगह सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने सभी दूतावासों में उचित कर्मियों की स्थिति का लगातार आकलन कर रहे हैं। हमने इराक में अपने मिशन के पदचिह्न को कम करने का फैसला किया है। साथ ही बहरीन और कुवैत में भी अपने दूतावासों से गैर-जरूरी कर्मचारियों और उनके परिवारों को बाहर निकलने की छूट दी है।

### सैनिकों की तैनाती में 11.44 अरब खर्च होंगे

ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में सीरिया और ईराक से भी अधिक सैनिक उतार दिए हैं। इन सैनिकों की तैनाती पर अगले 60 दिन में लगभग 11.44 अरब रुपये खर्च होने का अनुमान है। बता दें ट्रंप की इमिग्रेशन नीति के खिलाफ तेज हो रहे विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए ट्रंप प्रशासन ने लॉस एंजिलिस में कर्फ्यू लागू कर दिया है। कर्फ्यू की पहली रात पुलिस ने 20 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया, अधिकतर पर कर्फ्यू उल्लंघन का आरोप है। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने भीड़ नियंत्रण गोलों का इस्तेमाल भी किया है।

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख यूनुस का दावा

# हम भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते लेकिन हमेशा कुछ न कुछ गलत हो जाता

एजेंसी ▶▶ लंदन

बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि उनकी अंतरिम सरकार भारत के साथ अच्छे संबंध चाहती रही, लेकिन 'हमेशा कुछ न कुछ गलत हो जाता है'। लंदन में 'चाथम हाउस' थिंक टैंक के निदेशक ब्रोनवेन मैडॉक्स के साथ बातचीत में यूनुस ने अपदस्थ पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण के बारे में कहा कि यह जारी रहेगा... हम चाहते हैं कि पूरी प्रक्रिया बहुत कानूनी, बहुत उचित हो। यूनुस ने कहा कि हम भारत के साथ बेहतरीन संबंध बनाना चाहते हैं। वह हमारा पड़ोसी है, हम नहीं चाहते कि उनके साथ किसी भी तरह की बुनियादी समस्या हो। लेकिन मीडिया से आने वाली सभी फर्जी खबरों के कारण हर बार चीजें गलत हो जाती हैं और कई लोग कहते हैं कि



इसका संबंध शीर्ष पर बैठे नीति निर्माताओं से है। यूनुस ने कहा कि ये बातें बांग्लादेश को बहुत बेचैन और बहुत नाराज करती है। हम इस गुस्से से उबरने की कोशिश करते हैं, लेकिन साइबरस्पेस में बहुत सी चीजें होती रहती हैं। हम इससे बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि हसीना के खिलाफ सारा गुस्सा अब भारत में स्थानांतरित हो गया है क्योंकि वह वहां गईं।

# किसी का प्लेन हुआ धुआं-धुआं तो कोई समंदर में समाया



*नई दिल्ली। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान अहमदाबाद के मेघानी नगर में क्रैश कर गया है। सूचना के मुताबिक, ये विमान टेकऑफ के तुरंत बाद क्रैश कर गया। हादसे कितना भंयकर होगा, ये तस्वीरें बयां कर रही हैं। इस दुखद खबर के बाद लोग उन पुराने हादसों को भी याद कर रहे हैं, जो इस विनाम हादसे की तरह दर्दनाक था। क्या आप जानते हैं कि कुछ सिनेमा के नामी सितारों ने भी विमान हादसों में जान गंवाई है। आज हम उन भारतीय हस्तियों पर एक नजर डालेंगे, जिनकी विमान दुर्घटना में मौत हो गई।*

## एक एक्टर का तो विमान हादसे में उजड़ गया था पूरा परिवार



**इंदर ठाकुर:** इस लिस्ट में सबसे पहला नाम है 'नदिया के पार' फिल्म में 'चंदन' का बड़ा भाई 'ओमकार' का रोल निभाने वाले इंदर ठाकुर का। महज 35 साल की उम्र में उनकी जान चली गई। बतौर केबिन मैनेजर एयर इंडिया के लिए काम कर चुके थे। 23 जून 1985 को वो मनहूस दिन था, जब वो अपनी बीवी और बच्चे के साथ एयर इंडिया फ्लाइट 182 में बैठे थे। प्लेन लैंड होने से 45 मिनट पहले आतंकवादियों ने इसे बम से हवा में ही उड़ा दिया था। इस हादसे में 307 पैसेंजर्स और 22 क्रू मेंबर्स की मौत हो गई थी। धमाके के वक्त ये विमान समंदर के ऊपर था। इसलिए समंदर से सिर्फ 132 लाश ही बरामद हो सकी थी।

**सौंदर्या :** आपने अमिताभ बच्चन की फिल्म सूर्यवंशम को जरूर देखी होगी। इस फिल्म की एक्ट्रेस थीं सौंदर्या, जिन्होंने अमिताभ की पत्नी का किरदार निभाया था। 17 अप्रैल 2004, इसी दिन उनका हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था, जब वो बीजेपी उम्मीदवार के लिए प्रचार करने के लिए करीमनगर जा रही थीं। बेंगलुरु के जक्कुर एयरफील्ड से उड़ान भरने के बाद हेलीकॉप्टर 100 फीट की ऊंचाई पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में सौंदर्या उनके भाई और दो अन्य लोगों की जान गई थी। इस हादसे के वक्त सौंदर्या प्रेग्नेंट भी थीं। कहा जाता है कि जब सौंदर्या का जन्म हुआ था तभी एक ज्योतिषी ने उनकी छोटी उम्र में ही ऐसी मौत की भविष्यवाणी की थी। इसे लेकर उनके माता पिता ने हवन पूजन और कई दूसरे उपाय भी किए। लेकिन, जो हुआ वो दर्दनाक सच टाला नहीं जा सका।

**आलिया :** एक्ट्रेस आलिया की 25 अगस्त 2001 को 22 साल की उम्र में बहामास के अबाको आइलैंड में एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। डबल इंजन वाला केसना एयरक्राफ्ट 700 पाउंड से ज्यादा भारी हो गया था और उड़ान भरने के तुरंत बाद रनवे के अंत से लगभग 200 फीट की दूरी पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में सभी आठ यात्रियों और पायलट की मौके पर ही मौत हो गई थी।

**तरुणी सचदेव :** तरुणी सचदेव मात्र 14 साल की थीं, जब मई 2012 में नेपाल विमान हादसे में उनकी मौत हो गई। 14 मई 1998 को जन्मीं तरुणी के लिए ये उनका आखिरा दिन साबित हुआ, तरुणी ने 2004 में एक्टिंग डेब्यू किया था। उन्होंने पृथ्वीराज सुकुमारन से लेकर अमिताभ बच्चन संग 'पा' फिल्म में काम किया। विमान हादसे में तरुणी की मां की भी मौत हो गई थी।

*अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास भीषण विमान हादसा हुआ है। मेघाणी में एयरपोर्ट के पास 242 यात्रियों वाली एअर इंडिया फ्लाइट क्रैश हुई है। इस हादसे से हर कोई स्तब्ध है। फिल्मी सितारों ने भी प्रतिक्रिया देते हुए दुख जताया है और विमान में सवार यात्रियों एवं क्रू के लिए सलामती की दुआ की है। सलमान खान ने पीड़ितों के सम्मान में अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। आलिया भट्ट और अक्षय कुमार सहित कई बॉलीवुड हस्तियों ने भी शोक व्यक्त किया।*

## प्लेन क्रैश से आहत सलमान ने रद्द किया इवेंट, अक्षय-आलिया का कचोटा दिल

***इस वक्त जश्न मनाना ठीक नहीं :*** गुरुवार को सलमान खान को मुंबई के एक होटल में मीडिया इवेंट में शामिल होना था। मगर, जैसे ही अहमदाबाद प्लेन क्रैश की खबर आई, सलमान की टीम ने इवेंट को रद्द करने का फैसला लिया। सलमान ने कहा कि 'ऐसे वक्त में जश्न मनाना ठीक नहीं, क्योंकि यह हादसा काफी गंभीर है और देशभर के लोग इससे दुखी हैं'।



***यह विनाशकारी है! :*** इस बीच कई सारे सेलेब्स ने इस पर रिएक्ट किया है और जान गंवाने वालों के लिए प्रार्थना की है। एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर यात्रियों, चालक दल और उनके परिवार के लिए अपनी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शेयर कीं। उन्होंने लिखा, 'यह विनाशकारी है! मेरा दिल सभी यात्रियों और चालक दल के लिए दुखी है.. विमान में सवार सभी लोगों और उनके प्रियजनों के लिए संवेदनाएं और प्रार्थनाएं।'




***कल्पना करना मुश्किल :*** अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने विमान हादसे पर प्रतिक्रिया देते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की है। उन्होंने लिखा है, 'एयर इंडिया विमान हादसे के बाद परिवारों के दुख की कल्पना करना भी बहुत मुश्किल है। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी को ताकत और हिम्मत दें'।



***सनी देओल बोले- स्तब्ध हूं :*** अभिनेता सनी देओल ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। मैं पूरे दिल से हादसे की चपेट में आए यात्रियों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना कर रहा हूं। सभी सुरक्षित रहें, उन्हें उचित देखभाल मिले, जिसकी उन्हें जरूरत है। जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके परिवारों को इस अकल्पनीय समय में शक्ति मिले।




***इस वक्त सिर्फ प्रार्थनाएं ही हैं :*** एक्टर अक्षय कुमार ने लिखा है, 'एयर इंडिया के विमान हादसे की खबर से स्तब्ध और हैरान हूं। इस समय केवल प्रार्थनाएं ही हैं'।



***सोनू सूद ने किया पोस्ट :*** एक्टर सोनू सूद ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'लंदन के लिए उड़ान भरने के बाद अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान में सवार यात्रियों के लिए प्रार्थना'।





## लाल परी के डांस स्टेप हुए कॉपी...

**मुंबई।** बॉलीवुड की मच अवेटेड फिल्म 'हाउसफुल 5' जहां एक तरफ बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है, वहीं दूसरी तरफ इसका गाना 'लाल परी' विवादों में आ गया है। इस गाने की कोरियोग्राफी को लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। एक डांस कंटेंट क्रिएटर ने गाने के मशहूर हुक स्टेप को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिन पर अब फिल्म के निर्देशक तरुण मनसुखानी ने सफाई दी है। उन्होंने बताया कि उन्हें इस डांस स्टेप की असलियत का पता विवाद के बाद चला। उनका कहना है कि किसी को नुकसान पहुंचाने या जानबूझकर कुछ चुराने का उनका कोई इरादा नहीं था। उन्होंने ये भी स्वीकारा कि यह कदम शायद उनकी टीम में से किसी ने सोशल मीडिया पर देखा और उसे बेहतरीन समझकर गाने में इस्तेमाल कर लिया।



## द बंगाल फाइल्स का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** साल 2022 में विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में फिल्म आई 'द कश्मीर फाइल्स'। इसने खूब लोकप्रियता बटोरी और बॉक्स ऑफिस पर भी जमकर कमाई की। इस फिल्म के बाद निर्देशक अपनी आगामी फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' को लेकर चर्चा में है, जिसका टीजर गुरुवार को रिलीज हुआ है। टीजर देखकर रोंगटे खड़े हो जाएंगे। टीजर में यह कहा भी गया है कि कश्मीर ने आहत किया, बंगाल डराएगा। अभिनेता ने 'द कश्मीर फाइल्स' में घाटी से कश्मीरी हिंदुओं के पलायन के दर्द को परदे पर उतारा था। इस फिल्म में वे बंगाल की तस्वीर पेश कर रहे हैं। इस फिल्म में भी करीब-करीब स्टारकास्ट भी 'द कश्मीर फाइल्स' वाली है। टीजर में दिल दहला देने वाले दृश्य हैं। इस फिल्म में भारत के अतीत के काले अध्याय को दिखाया जाएगा।





## डरावनी ताकतों का मुकाबला करती दिखीं सोनाक्षी सिन्हा

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'निकिता रॉय' का ट्रेलर दर्शकों के रोंगटे खड़े करने के लिए काफी है। इस ट्रेलर में सोनाक्षी शैतान, भूत-प्रेत यानी सुपरनेचुरल ताकतों का सामने करती हुई दिखीं। फिल्म में परेश रावल भी एक अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। यह फिल्म 27 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक कुश एस सिन्हा हैं। फिल्म को निक्की खेमचंद भगनानी ने प्रोड्यूस किया है। सोनाक्षी सिन्हा फिल्म में एक जासूस की भूमिका में दिख रही हैं। निकिता का मकसद एक गुरु (परेश रावल) का पर्दाफाश करना है, जो लोगों को भूत-प्रेतों से छुटकारा दिलाने का दावा करता है। फिल्म में अर्जुन रामपाल भी हैं, जो निकिता को गाइड करते हैं। इन सब बातों के बीच कुछ डरावने दृश्य सामने आते हैं, जिसमें शैतान और भूत-प्रेतों की झलक मिलती है। इन ताकतों का और उस गुरु यानी परेश रावल के किरदार का मुकाबला निकिता रॉय कैसे करेगी? यही फिल्म में दिखाया जाएगा। निकिता रॉय के रोल में सोनाक्षी काफी जम रही हैं। वहीं ट्रेलर में परेश रावल अपनी एक्टिंग से डर का माहौल बनाने में पूरी तरह से कामयाब नजर आते हैं। उनके डायलॉग भी काफी दमदार हैं। सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'डबल एक्सएल' साल 2022 में थिएटर में रिलीज हुई। फिर 'काकुड़ा' में वह दिखीं लेकिन यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई। इस तरह देखा जाए तो बड़े पर्दे यानी सिनेमाघरों में तीन साल के बाद सोनाक्षी सिन्हा की कोई फिल्म रिलीज होगी।

## टीवी मसाला

## शादी के 1 हफ्ते बाद ही क्लिनिक पहुंची हिना

**नई दिल्ली।** हिना खान ने गुपचुप शादी रचाकर फैंस को हैरान कर दिया था। उनकी बेहद सादगी वाली शादी की फोटोज ने भी सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल संग शादी के बाद वह हनीमून पर हैं। हिना खान ने 4 जून को अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल से रजिस्टर्ड मैरिज की थी। इस शादी ने सभी को चौंका दिया था. दूर-दूर तक कोई भनक नहीं थी कि फैंस की चहिती हिना खान दुल्हन बनने वाली हैं। 13 साल डेट करने के बाद इस कपल ने अपने रिश्ते को शादी का नाम दिया है। लेकिन, शादी के 1 हफ्ते बाद ही हिना ने क्लीनिक में लेटे हुए अपनी एक फोटो पोस्ट की है। कुछ समय पहले रॉकी ने कुछ फोटो शेयर की थी। अब उनके पोस्ट के बाद हिना ने एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में वह किसी डेंटिस्ट के क्लिनिक में लेटे हुए नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने अपनी फोटो को शेयर करते हुए लिखा- दुल्हन के दांत में दर्द में है। इसके साथ ही उन्होंने डॉक्टर का लैविश क्लीनिक भी अपनी फोटो में दिखाया है। हिना का ये पोस्ट देखकर पहले तो फैंस परेशान हो गए थे। लेकिन, पोस्ट पढ़ने के बाद उन पर दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं। हिना खान की शादी की खबर ने उनके फैंस को हिला कर रख दिया था। इतनी गुपचुप और सिंपल तरीके से एक्ट्रेस ने शादी रचाई कि हर कोई हैरान था कि आखिर अचानक शादी करके उन्होंने ऐसा सरप्राइज क्यों दिया।



### लीड रोल को कमजोर करने के लिए खरी-खोटी सुनाई

**नई दिल्ली।** रूपाली गांगुली का शो 'अनुपमा' अपनी फिलहाल की कहानी के साथ सभी का ध्यान खींच रहा है। कहानी ड्रग्स के ओवरडोज से आर्यन की मौत पर पहुंच जाती है। अनुपमा मुंबई में अकेली रह जाती है जब हर कोई उसे आर्यन की हत्या के लिए दोषी ठहराता है। चल रही कहानी में, अनुपमा किसी के घर पर खाना बनाने का काम करती है लेकिन मालिक उसे परेशान करता है। दूसरी ओर, पराग राही को पंडित मनोहर की देखरेख में डांस सीखने के लिए मुंबई भेजता है। राही और प्रेम मुंबई के लिए रवाना होते हैं। उसी समय अनुपमा को पंडित मनोहर के घर पर खाना बनाने का काम दिया जाता है। अनुपमा और राही आठ महीने के अलगाव के बाद सुलह कर लेती हैं। एक ने लिखा- चूंकि वे तुम्हें अपने जीवन में नहीं चाहते हैं, तो पीछे क्यों देखें, आगे बढ़ो #अनुपमा। वे अपने जीवन में खुश और संतुष्ट हैं... उन्हें जाने दो... अपने अधूरे सपनों को पकड़ो और अपना जीवन जियो। एक ने मेकर्स के लिए कहा- अनुपमा दिखाती है कि जैसे उसकी गोद ली हुई बेटी राही सबसे अच्छी है। अनुपमा का आत्म-सम्मान जीरो है। राही पाखी से 1000 गुना बदतर है। फिर भी वह हर दूसरे एपिसोड में पाखी को थप्पड़ मारती थी। अनुपमा भूल गई कि राही ने परी को मारने की भी कोशिश की थी। एक ने लिखा- क्या यह जरूरी है कि उससे मिलने वाला हर इंसान उसे चोट पहुंचाए?




## रैपर जैक्सन वांग के साथ ऋतिक की तस्वीर वायरल



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'वॉर 2' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। वहीं, इसी बीच ऋतिक के पिता और बॉलीवुड निर्देशक राकेश रोशन ने गुरुवार को सोशल मीडिया हैंडल पर रैपर जैक्सन वांग संग एक खास तस्वीर शेयर की है। जैक्सन वांग इन दिनों भारत में हैं। 10 जून को भारत पहुंचे जैक्सन ने मुंबई में ऋतिक रोशन और उनके परिवार के साथ समय बिताया। रोशन परिवार ने जैक्सन की खातिरदारी की और सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा कीं। इस तस्वीर में जैक्सन और ऋतिक काले कपड़ों में एक साथ नजर आए। राकेश ने इस खास तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, 'जैक्सन आपका स्वागत है और भगवान भला करे।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, के-पॉप स्टार जैक्सन वांग अपने नए एल्बम 'मैजिक मैन 2' के प्रचार के लिए भारत आए हैं। यह एल्बम 18 जुलाई को रिलीज होगा, जिसमें 11 गाने होंगे। ये गाने दुख और व्यक्तिगत विकास के चार अलग-अलग चरणों को दर्शाएंगे। यह एल्बम उनके 2022 के एल्बम मैजिक मैन का दूसरा हिस्सा है। रोशन परिवार की दोस्त अनु रंजन भी इस डिनर पार्टी में शामिल थीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की और लिखा, यह पल यादगार है। उनकी बेटी, अभिनेत्री अनुष्का रंजन ने कमेंट किया, अपना बेस्ट जीवन जीए।

### बाल मजदूरी पर बनी हैं ये फिल्में देख कर नम हो जाएंगी आंखें

**मुंबई।** पूरी दुनिया में 'बालश्रम निषेध दिवस' मनाने का मकसद 18 साल से कम उम्र के बच्चों को स्कूल भेजना और उन्हें खेल खेलने की आजादी देना है। हिंदी सिनेमा ने इस चीज को समझा है इसलिए उसने बाल मजदूर पर कई फिल्में बनाई हैं। हाल ही में हिंदी फिल्म 'अनुजा' रिलीज हुई है। यह शॉर्ट फिल्म है। फिल्म को लोगों ने इतना पसंद किया कि इसे ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया। फिल्म में दिखाया गया है कि एक लड़की अपनी छोटी बहन को पढ़ाने के लिए कपड़ा फैक्ट्री में मेहनत करती है। स्टेनली का डब्बा फिल्म साल 2011 में रिलीज हुई थी। इसके निर्देशक अमोल गुप्ते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि एक बच्चा स्कूल जाने के लिए मजदूरी करता है। फिल्म को काफी सराहा गया था। इस फिल्म में दिव्या दत्ता और पार्थो गुप्ते ने मुख्य भूमिका निभाई है।




## कैटरीना कैफ को मिला बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड इंडी फिल्म फेस्टिवल में छाये ये कलाकार

*__लॉस एंजिल्स।__ न्यूयॉर्क में इंडी फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड का आयोजन किया गया। इस अवॉर्ड में कई भारतीय फिल्मों की प्रशंसा हुई और उन्हें सम्मानित किया गया। अभिनेत्री कटरीना कैफ को इंडी फिल्म फेस्टिवल अवाड्र्स - न्यूयॉर्क में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। जानिए इसके अलावा किन फिल्मों और कलाकारों को मिले अवॉर्ड।*

### मेरी क्रिसमस में कैटरीना ने किया शानदार अभिनय

कैटरीना कैफ को उनकी फिल्म मेरी क्रिसमस के लिए इंडी फिल्म फेस्टिवल अवाड्र्स - न्यूयॉर्क में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के अवॉर्ड से नवाजा गया। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कटरीना कैफ ने मेरी नाम की एक महिला का किरदार निभाया है। इस सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में कटरीना के शानदार अभिनय के लिए उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया गया। फिल्म में कटरीना के साथ साउथ सुपरस्टार विजय सेतुपति प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं।




### कार्तिक आर्यन बने बेस्ट एक्टर

इंडी फिल्म फेस्टिवल अवाड्र्स में कई अन्य भारतीय फिल्मों और कलाकारों को सम्मानित किया गया। अन्य विजेताओं में कार्तिक आर्यन को चंदू चैंपियन के लिए बेस्ट एक्टर (मेल) का अवॉर्ड मिला। जबकि, कबीर खान द्वारा निर्देशित चंदू चैंपियन को ही बेस्ट फिल्म का भी अवॉर्ड मिला। इसके अलावा बिन्नी एंड फैमिली ने बेस्ट फैमिली फिल्म का पुरस्कार जीता, जबकि सिद्धार्थ आनंद को फाइटर के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला।




### अभय वर्मा और अंजिनी धवन को मिला बेस्ट डेब्यूडेंट का अवॉर्ड

*इम्तियाज अली को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई उनकी फिल्म चमकीला के लिए बेस्ट ओटीटी स्पेशल का अवॉर्ड मिला। वहीं, डेब्यू कैटेगरी में अंजिनी धवन ने बिन्नी एंड फैमिली के लिए बेस्ट डेब्यूटेंट फीमेल का पुरस्कार जीता। जबकि अभय वर्मा को मुंज्या के लिए बेस्ट डेब्यूटेंट मेल का पुरस्कार मिला। अभिनेत्री प्रतिभा रांटा को लापता लेडीज में उनके शानदार अभिनय के लिए राइजिंग स्टार के अवॉर्ड से नवाजा गया।*

## रजनीकांत की फिल्म में नजर आएंगे आमिर

**मुंबई।** आमिर खान इन दिनों फिल्म 'सितारे जमीन पर' के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। दर्शकों को आमिर खान की फिल्म का बेस्ब्री से इंतजार है। फिल्म 20 जून को रिलीज होने वाली है। हाल ही में आमिर खान ने बताया है कि वह 'सितारे जमीन पर' के बाद वह रजनीकांत की फिल्म 'कुली' में नजर आएंगे। इस फिल्म में कैमियो रोल करेंगे। वह रजनीकांत के इतने बड़े फैन हैं कि उन्होंने स्क्रिप्ट भी नहीं पढ़ी और उस रोल के लिए हां बोल दिया। साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। यह फिल्म एक्शन थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज कर रहे हैं। यह फिल्म 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है। सिनेमाघरों में आने को तैयार फिल्म 'सितारे जमीन पर' में आमिर खान ने एक बॉस्केटबॉल कोच की भूमिका निभाई है। इस फिल्म में वह 10 दिव्यांग बच्चों को बॉस्केटबॉल सिखाएंगे। फिल्म में जेनेलिया देशमुख भी होंगी। यह फिल्म स्पैनिश फिल्म चैंपियंस की रीमेक है। इस फिल्म से अरुष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, संवित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहनी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म 20 जून को रिलीज होने वाली है।



## गढ़ा बाजार के अतिक्रमणों पर कार्रवाई का मामला

# हाईकोर्ट ने कमेटी बनाकर दस्तवेजों की जांच के दिए निर्देश

- जांच पूरी होने तक कब्जा तोड़ने पर लगाई रोक
- पंडा की मढ़िया से आनंद कुंज तक चल रहा है बुल्डोजर

**हरिभूमि जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट ने गढ़ा के अतिक्रमणों के विरुद्ध जारी कार्रवाई के मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया। जस्टिस अमित सेठ की सिंगल बेंच ने एक कमेटी बनाकर याचिकाकर्ता की भूमि से संबंधित दस्तावेजों की जांच के निर्देश दिए। जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती कब्जा तोड़ने की कार्रवाई पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कार्रवाई के पूर्व याचिकाकर्ता को सुनवाई का पूरा अवसर देने के निर्देश दिए हैं।

याचिकाकर्ता गढ़ा बाजार, जबलपुर निवासी महेंद्र कुमार कोष्टा की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता को निवासरत भूमि उसके पूर्वजों द्वारा प्राप्त हुई है। उनका परिवार वर्ष 1935 में वहां पर निवास करता आ रहा है। विगत दिवस नगर निगम ने याचिकाकर्ता को अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया। याचिकाकर्ता ने अपने मकान में बने छज्जे, टीन शेड आदि को हटा लिया। कुछ दिन बाद नगर निगम द्वारा मकान के एक हिस्से को तोड़ने हेतु



पुनः चिन्हित कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से भूमि के कब्जा तथा अधिकार के सभी दस्तावेज कोर्ट में पेश किए। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद ननि को एक कमेटी बनाकर दस्तावेजों की वैधानिता की जांच करने के निर्देश दिए।

### दूसरे खातों में कर देता था राशि ट्रांसफर

## करोड़ों की साइबर ठगी के आरोपित को जमानत नहीं

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट ने करोड़ों रु की साइबर ठगी के आरोपित भोपाल निवासी नितिश शुक्ला की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। उस पर आरोप लगा है कि वह अपने साथियों के साथ मिलीभगत कर राशि एक खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर कर देता था। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने स्पष्ट किया कि प्रकरण में आरोपित की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता, इसलिए उसे जमानत नहीं दी जा सकती।

आवेदक राजधानी भोपाल के बागसेवनिया क्षेत्र में रहने वाले रहने वाले नितिश शुक्ला के विरुद्ध कोलार रोड थाना पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। उसे 21 दिसंबर 2024 को हिरासत में लिया गया था। प्रकरण के अनुसार बैंक आफ महाराष्ट्र की ओर से कोलार थाना पुलिस को बैंक खाते से हो रहे ट्रांजेक्शन की शिकायत की गई थी। जांच के दौरान पाया गया कि फर्जी बैंक अकाउंट खोलकर उसमें करोड़ों रुपये का लेनदेन किया गया है। जांच में यह भी पता चला कि साइबर जैसे संगठित अपराध के लिए बैंक मेंखाते खोलकर उसका उपयोग साइबर ठगी से हड़पी गई राशि को प्राप्त करने किया गया है। जांच दौरान पाया गया कि आरोपित नितिश शुक्ला के खाते से भी ट्रांजेक्शन हुआ है। उसके पास से एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक, एटीएम पिन, सिम कार्ड, कार्ड स्वाइप मशीन और मोबाइल जब्त किए गए।





### विपक्षी पार्षद कुर्सी छोड़ फर्श पर बैठे

## सफाई व्यवस्था को लेकर आरोप-प्रत्यारोप

**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर में मंगलवार को 18 मिनट में 18 प्रस्तावों को हरी झंडी मिलने के बाद शाम तक चली बैठक, शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। गुरुवार को निगम के सदन में शुरू हुई बैठक के दौरान आरोप-प्रत्यारोप के बीच साफ-सफाई के मुद्दे पर पार्षद सदन के फर्श पर बैठ गए। गंदगी के मुद्दे पर महापौर जगत बहादुर सिंह, अन्नू ने सफाई दी और पार्षदों के आचरण को संस्कारधानी के संस्कारों के प्रतिकूल बताया। एक सफाई ठेकेदार के कामकाज के तरीकों पर भी महापौर ने जवाब दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। नगर निगम में आयोजित बैठक में आज नेता प्रतिपक्ष और विपक्षी पार्षदों ने चर्चा के दौरान असंतोष जताया। सफाई के मुद्दे पर विपक्ष ने महापौर और नगर सत्ता पक्ष को जमकर घेरा और सदन में जमीन पर बैठकर रोष व्यक्त किया।

## हाईवे पर बिना हेलमेट सीट बेल्ट के वाहन चालकों की चेकिंग



**जबलपुर।** जिला पुलिस ने कल बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग करने हाईवे पर आठ स्थानों पर चेकिंग पाइंट लगाये। अभियान के तहत हाईवे जाने वाले मार्गों कटंगी बाईपास, पाटन बाईपास, खजरी खिरिया, अंधमूक बाईपास, एकता मार्केट, सगड़ा क्रासिंग, महाराजपुर बाईपास, व खमरिया रोड पर चेकिंग पाइंट लगाकर चेकिंग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बताया कि अभियान का मकसद सड़क हादसों में कमी लाने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करना है। चालक दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं पहनते वहीं चौपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट नहीं बांधते। इस बातों का चालक ध्यान रखे तो सड़क हादसों में ५० प्रतिशत तक कमी लाई जा सकती है।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर लगाया शिविर

**जबलपुर** । विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर परीक्षण प्रयोगशाला मप्र लघु ग्राम औद्योगिक क्षेत्र रिछाई में विधिक जागरुकता व साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी शक्ति रावत ने श्रमिकों को जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रतिवर्ष 12 जून, 2025 को विश्व बालश्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाना है, इसका उद्देश्य दुनिया भर से ऐसे बच्चे जो बाल श्रमिक के रूप में कार्य करते है उन्हें व आमजन को जागरूक कर बाल श्रम को जड़ से खत्म करना है। कोई बच्चा जिसकी उम्र 14 साल से कम होती है, स्कूल जाने की बजाए छोटी-बड़ी दुकानों, कारखानों या फैक्ट्रियों में काम करने लगता है। इसे ही बालश्रम कहा जाता है। दरअसल, 14 वर्ष से छोटी आयु वाले बच्चों से कार्य कराया जाना कानूनी अपराध की श्रेणी में आता है।

### दूसरे खातों में कर देता था राशि ट्रांसफर

## करोड़ों की साइबर ठगी के आरोपित को जमानत नहीं

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट ने करोड़ों रु की साइबर ठगी के आरोपित भोपाल निवासी नितिश शुक्ला की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। उस पर आरोप लगा है कि वह अपने साथियों के साथ मिलीभगत कर राशि एक खाते से दूसरे खाते में ट्रांसफर कर देता था। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने स्पष्ट किया कि प्रकरण में आरोपित की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता, इसलिए उसे जमानत नहीं दी जा सकती।

आवेदक राजधानी भोपाल के बागसेवनिया क्षेत्र में रहने वाले रहने वाले नितिश शुक्ला के विरुद्ध कोलार रोड थाना पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। उसे 21 दिसंबर 2024 को हिरासत में लिया गया था। प्रकरण के अनुसार बैंक आफ महाराष्ट्र की ओर से कोलार थाना पुलिस को बैंक खाते से हो रहे ट्रांजेक्शन की शिकायत की गई थी। जांच के दौरान पाया गया कि फर्जी बैंक अकाउंट खोलकर उसमें करोड़ों रुपये का लेनदेन किया गया है। जांच में यह भी पता चला कि साइबर जैसे संगठित अपराध के लिए बैंक मेंखाते खोलकर उसका उपयोग साइबर ठगी से हड़पी गई राशि को प्राप्त करने किया गया है। जांच दौरान पाया गया कि आरोपित नितिश शुक्ला के खाते से भी ट्रांजेक्शन हुआ है। उसके पास से एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक, एटीएम पिन, सिम कार्ड, कार्ड स्वाइप मशीन और मोबाइल जब्त किए गए।

### न तो डेयरी साइंस कॉलेज खोला गया, न ही कोर्स की कक्षाएं शुरु की

# जनसंगठनों ने जताया आक्रोश मुख्यसचिव को भेजा नोटिस

**जबलपुर।** पशुपालन मंत्री लखन पटेल द्वारा 25 नवंबर 2024 को घोषणा की गई थी कि ''जबलपुर में डेयरी सांइस कॉलेज खुलेगा" यह जबलपुर के लिए छल साबित हुआ है, इस 7 माह के भीतर उज्जैन में डेयरी टेक्नोलॉजी कोर्स की कक्षा शुरु कर वहां पर डेयरी साईंस इंस्टीटयूट भी खोल दिया। यहीं नहीं इस इंस्टीट्यूट को उज्जैन के विक्रम यूनिवर्सिटी से संबंद्ध (एफीलिएशन) भी कर दिया है।

इससे जबलपुर के साथ दोहरा धोखा हुआ है, क्योंकि यहां न तो डेयरी साइंस कॉलेज खोला गया, न ही कोर्स की कक्षाएं शुरु की है। सबसे चिंता का विषय यह है कि जबलपुर वेटरनरी यूनिवर्सिटी की अवहेलना कर उज्जैन के डेयरी इंस्टीट्यूट को विक्रम यूनिवर्सिटी में करने से वेटरनरी यूनिवर्सिटी को टुकड़ों में बांटने की शुरुआत की गई है। यह स्पष्ट रुप से प्रदेश के एक मात्र वेटरनरी यूनिवर्सिटी का विखंडन है। यह आरोप लगाते हुए डॉ पीजी नाजपांडे ने मुख्य सचिव मप्र शासन को नोटिस जारी किया है।

### वेटरनरी यूनिवर्सिटी का अधिनियम



वेटरनरी यूनिवर्सिटी अधिनियम 2009 की धारा 3 में स्पष्ट किया गया है कि यह यूनिवर्सिटी वेटरनरी, एनीमल साइंस तथा फिशरीज विषयों के लिए बनाई गई है। धारा 1 के तहत समूचे मध्यप्रदेश इसके अतंर्गत आता है। धारा 4(2) में निर्देश है कि ऐसे संस्थान जो किसी अन्य विश्व विद्यालय से संबंद्ध है या निर्मित है उसे यह वेटरनरी यूनिवर्सिटी मान्यता नहीं देगी। इन धाराओं से स्पष्ट है कि प्रदेश में वेटरनरी, एनीमल साइंस तथा फिशरीज के विषयों पर बने हुए संस्थान इस वेटरनरी यूनिवर्सिटी से संबंद्ध होंगे, किन्तु उज्जैन डेयरी इंस्टीट्यूट को वेटरनरी यूनिवर्सिटी से जोड़ा नहीं गया। रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक, डीके सिंह, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, सुभाष चंद्रा, डीआर लखेरा, पीएस राजपूत, संतोष श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा तथा राममिलन शर्मा ने जबलपुर के हुए छलकपट पर आक्रोश व्यक्त किया।

### मंत्री के बयान पर कांग्रेस का पलटवार

## बड़े भईया! छुटभईया ही करेंगे फ्लाईओव्हर का लोकार्पण

**हरिभूमि जबलपुर।**

फ्लाईओव्हर को लेकर शहर में सियासत गर्म है. कांग्रेस इसके लोकार्पण पर अडिग है. लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा कांग्रेस के नेताओं को छुटभईया कहे जाने पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा की हां सही बात है मंत्री राकेश सिंह के आगे कांग्रेस के हो या भाजपा के वरिष्ठ नेता सभी छुटभईया हैं. जनता की आवाज कांग्रेस उठाती रही है और उठाती रहेगी. उन्होंने मंत्री राकेश सिंह के उस बयान को भी आड़े हाथों लिया जिसमें उन्होंने कहा की निर्माण पूरा नहीं हुआ है, इस लिये लोकार्पण संभव नहीं है. सौरभ ने कहा की फिर 2023 में जब सांसद रहते हुये राकेश सिंह जी को अचानक पश्चिम से विधानसभा का चुनाव लड़ना पड़ा तो उन्होंने आनन फानन में मदन महल से फ्लाईओवर का फीता क्यों कटवाया. श्री शर्मा यहां अपने कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे. उन्होंने कहा की जनता को रही तकलीफों को ध्यान में रखते हुये, बकौल मंत्री जी के तमाम छुटभईया नेता शनिवार को जनता के साथ इस फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे. श्री शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये आगे कहा की महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के जिस वक्तव्य का वो जिक्र कर रहे हैं, खुद महापौर इस बात के गवाह हैं की तत्कालीन महापौर प्रभात साहू के नेतृत्व में सर्वदलिय प्रतिनिधि मंडल को 2014 में राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने दिल्ली आमंत्रित किया था और तत्कालीन सड़क परिवहन एवं भूतल केन्द्रीय मंत्री कमलनाथ से 200 करोड़ का प्रोजेक्ट स्वीकृत कराया था. जहां तक श्रेय लेने का सवाल है तो कांग्रेस पूरा श्रेय भाजपा को देने तैयार है. लेकिन भाजपा ही यह तय नहीं कर पा रही है फ्लाईओवर का फीता लोकनिर्माण मंत्री काटेंगे या केन्द्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सांसद आशीष दुबे काटेंगे।

### स्कूटी जलकर खाक, कार को भी नुकसान

# पार्षद के घर में घुसकर लगाई आग

**हरिभूमि जबलपुर।**

शहर के शहीद गुलाब सिंह वार्ड में उस समय हड़कंप मच गया जब बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात अज्ञात लोगों ने नगर निगम की पूर्व एमआईसी सदस्य एवं वर्तमान पार्षद हेमलता दिनेश सिंह सिंगरौल के निवास में घुसकर उनके वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इस वारदात में एक स्कूटी पूरी तरह जलकर खाक हो गई, जबकि कार को भी आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है।

घटना के संबंध में पूर्व पार्षद दिनेश सिंह सिंगरौल ने गुरुवार सुबह गढ़ा थाना पहुंचकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने आशंका जताई है कि यह घटना जानबूझकर संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की नीयत से की गई है।



#### कुत्ते के भौंकने से लगी जानकारी

दिनेश सिंह सिंगरौल ने बताया कि घटना रात करीब 2:30 बजे की है, जब उनके घर के पालतू कुत्ते ने जोर-जोर से भौंकना शुरू किया। इस पर जब वे और परिवार के अन्य सदस्य बाहर आए तो देखा कि स्कूटी और कार में आग लगी हुई है। शोर मचाने पर उनके किराएदार और आस-पास के लोग मदद के लिए दौड़े और किसी तरह आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक स्कूटी पूरी तरह जल चुकी थी और कार को भी काफी नुकसान हो चुका था।

#### परिवार में दहशत का माहौल

दिनेश सिंह सिंगरौल ने बताया कि अगर आग कार तक पूरी तरह फैल जाती और उसमें विस्फोट हो जाता तो जान-माल की क्षति हो सकती थी। उन्होंने पुलिस प्रशासन से इस गंभीर घटना की तत्काल जांच कर आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने आगे कहा, "पूरा परिवार इस घटना से सदमे में है। इस तरह की हरकतें न सिर्फ हमारे लिए, बल्कि मोहल्ले के बाकी लोगों के लिए भी खतरे का संकेत हैं।"

#### सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे

गढ़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। थाना प्रभारी के अनुसार, जल्द ही आरोपियों को पकड़कर इस पूरे मामले से पर्दा उठाया जाएगा।

### पीएनएम बैठक में उठे रेल कर्मियो के मुद्दे

**जबलपुर।** रेल मजदूर संघ मुख्यालय की दो दिवसीय पीएनएम बैठक 12-13 जून प्रारंभ हुई। संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि पीएनएम में वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष, बी.एल. मिश्रा, व महामंत्री अशोक शर्मा ने रेल कर्मचारियो का दर्जनो समस्याओं को पमरे के महाप्रबंधक श्रीमति शोभना बंधोपाध्याय के समक्ष पुरजोर तरीके से रखा, जिस पर महाप्रबंधक ने संघ को आश्वासन देते हुये त्वरित कार्यवाही करते हुये संबंधित अधिकारियो को निराकरण करने के निर्देश दिये। महामंत्री अशोक शर्मा ने पमरे भंडार विभाग द्वारा रिकार्ड 477 करोड़ रूपये का स्क्रेब सेल होने की बधाई देते हुये मेडिकल व लेखा विभाग मे हो रही अनियमितता को उजागर किया। रेल कर्मी व उनके परिवार जनो को रेलवे चिकित्सालय में इलाज में हो रही लापरवाही व मेडीकल डिकेटेराईज्ड केसो में व्याप्त घोर अनियमितता का दूर करने की मांग की वही लेखा विभाग द्वारा लगातार नियम विरूद्ध रोटेशनल ट्रॉसफर में हो रहे घोटाले को उजागर करते हुये कहा कि यदि मन माफिक तरीके से हुये ट्रॉसफर को ठीक नही किया गया तो औद्योगिक शांति भंग होने की चेतावनी दी।

### चंडालभाटा में वारदात से सनसनी, 5 आरोपी गिरफ्तार

# सड़क पर टॉयलेट करने से रोका तो कर दी हत्या

**हरिभूमि जबलपुर।**

गोहलपुर थाना अतंर्गत चंडालभाटा क्षेत्र में बुधवार की देर रात 12 बजे छोटी सी बात पर पांच लोगों ने मिलकर एक युवक की हत्या कर दी। दरअसल मृतक ने आरोपी को सड़क किनारे टॉयलेट करने से रोका था, उसने कहा था थोड़ा आगे जाकर टॉयलेट कर लो। यह बात युवक को इतनी नागवार गुजरी की उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चंडालभाटा निवासी सागर चौधरी की निमर्मता के साथ हत्या कर दी। इस मामलें में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



घटना के संबंध में गोहलपुर थाना प्रभारी श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि बुधवार की देर रात 12 बजे डाल भाटा निवासी सागर चौधरी पास की शराब दुकान के बाहर खड़ा था। इसी दौरान दो बाइक पर सवार होकर पांच युवक वहां पहुंचे और दुकान से शराब खरीदकर सड़क किनारे ही पीने लगे। तभी उनमें से एक युवक सड़क पर ही टॉयलेट करने लगा। यह देखकर सागर ने उसे टोका और कहा कि, "यहां नहीं, थोड़ा आगे जाकर कर लो।"

बस इतनी सी बात पर आरोपियों ने सागर के साथ गालीगलौज शुरु कर दी और सभी ने सागर के साथ मारपीट शुरु कर दी। भीमा उर्फ भीम सेन, प्रिंस रजक, सुमित उर्फ सुम्मी बसोर, राधे और सचिन ने मिलकर चाकुओं से उस पर हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर सागर का भाई शुभम चौधरी और विशाल, नितिन चौधरी पहुंचे जहां बीच बचाव के दौरान विशाल को भी चोटें आ गई है। घायल सागर को इलाज के लिए मेट्रो अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेडीकल अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के छोटे भाई शुभम चौधरी की रिपोर्ट पर पुलिस ने पांचों नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 103(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी फरार होने के पहले अंतरराज्जीय बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिए गए।

## खबर संक्षेप

### भगतराम स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न



**जबलपुर।** सिंधी समाज के युवा व्यापारियों द्वारा भव्य रूप से ग्वारीघाट आयुर्वेदिक कॉलेज में भगतराम स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया, जिसमें ईनाम राशि 51000 रुपए दी गई। इस अवसर पर अतिथि के रूप में डॉ. अजय वाधवानी, विनय रोहानी, राजकुमार कन्धारी, संजय बुधरानी, महेश प्रथ्यानी शामिल हुए।

### विधायक ने किया ओपन जिम का लोकार्पण



**जबलपुर।** केंट विधानसभा के अंतर्गत रानी लक्ष्मीबाई वार्ड 66 के भीटा क्षेत्र में कंट विधायक अशोक रोहाणी ने ओपन जिम का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद सुश्री कृष्णादास चौधरी ने बताया कि क्षेत्रवासियों की मांग पर उनके स्वास्थ्य की चिंता करते हुए भीटा क्षेत्र के सभी बुजुर्गों, बच्चों व युवाओं के व्यायाम के लिए ओपन जिम की मशीनें लगाई गई हैं, जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

### पैथॉलाजी जांच शिविर में 130 विद्युत कर्मियों ने उठाया लाभ

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के रामपुर स्थति चिकित्सालय में गत दिवस एक निजी पैथॉलाजी लेब के सहयोग से आयोजित निःशुल्क पैथॉलाजी जांच शिविर में विद्युत कंपनियों के 130 कार्मिक व उनके आश्रितों ने लाभ उठाया। पावर मैनेजमेंट कंपनी चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुनील वर्मा ने जानकारी दी कि पैथॉलाजी जांच शिविर में कम्पलीट ब्लड काउंट, थायरॉयड प्रोफ़ाइल, एचबीए 1 सी, कम्पलीट लिपिड प्रोफ़ाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन जैसे टेस्ट किए गए।

### शास. कॉलेज में एमकॉम विषय प्रारम्भ करने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एम काम विषय के संचालन हेतु छात्रों ने विधायक संतोष बरकडे को ज्ञापन सौंपा। महाविद्यालय में स्नातक स्तर में बीए,बी काम, बीएससी एंव बीसीए विषय हैं जिसके बाद में एम ए,एमएससी है बीकाम के छात्रों को अपना स्नातक विषय पूर्ण करने के बाद एम काम करने हेतु अन्य किसी महाविद्यालय में प्रवेश लेना पड़ता है। जिसके चलते पड़ाई हेतु समय नहीं मिल पाता, पढ़ाई में असुविधा होती है तथा अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पूर्व में भी इस संबंध में ज्ञापन सौंपा गया था पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। अतः महाविद्यालय में एमकॉम विषय का संचालन इसी सत्र में प्रारम्भ की जाये।इस अवसर पर छात्र संघ से अभिषेक पाण्डेय, अभिषेक चौधरी, सुंदरम कोरी, रवि सेन,हर्ष तिवारी, आकाश, हेमंत खरे सहित अनेक छात्र उपस्थित थे।

## सरकार ने नहीं मांगी मांग तो, होगा सीएम हाउस का घेराव

# मूंग उड़द की खरीदी को लेकर किसान संघ ने मोर्चा खोला

जबलपुर। प्रदेश में किसानों के सबसे बड़े. किसान संगठन भारतीय किसान संघ ने मूंग उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी न किये जाने पर मध्यप्रदेश सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। गुरूवार को भोपाल, जबलपुर व इंदौर में एक साथ पत्रकारवार्ता कर सरकार पर किसानों के साथ धोखा व अन्याय करने का आरोप लगाया। जबलपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने प्रदेश के सैकड़ों तहसील मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन व ज्ञापन देकर सरकार से मूंग उड़द की खरीदी करने की मांग की। प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मिलकर किसानों के पक्ष को रखा। लेकिन मूंग उड़द उत्पादक किसानों के प्रति प्रदेश के मुखिया ने असंवेदनशील रवैया जाहिर कर मूंग उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी करने से साफ मना कर दिया।




### राज्य प्रस्ताव भेजे तो केंद्र सरकार तैयार

पत्रकारवार्ता में प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटैल ने बताया कि किसान संघ के अखिल भारतीय पदाधिकारियों को किसान की मूंग उड़द की समस्या से अवगत कराया तो देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात की गई तो कृषि मंत्री ने किसान संघ को आश्वासन दिया कि यदि मध्यप्रदेश सरकार समर्थन मूल्य पर मूंग उड़द खरीदी करने का प्रस्ताव केंद्र को भेजे जो वह तत्काल स्वीकृति देने के लिये तैयार है।

### सीएम हाउस का होगा घेराव

किसान संघ ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि राज्य सरकार किसान हित में संवेदनशीलता का परिचय देते हुये तत्काल मूंग उड़द की एमएसपी खरीदी करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे। यदि राज्य सरकार प्रस्ताव भेजने में टालमटोल करती है। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में प्रदेश के लाखों किसान सीएम हाउस का घेराव करने मजबूर होगें। जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

### यूपी में हो रही खरीदी

### तो एमपी में क्यों नहीं

पत्रकारवार्ता में प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने कहा कि उत्तरप्रदेश सरकार के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय ने समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी करने का आदेश जारी कर 140 खरीदी केंद्र निर्धारित कर दिये हैं और शनिवार से उन केंद्रो पर मूंग खरीदी प्रारंभ भी हो जायेगी। मध्यप्रदेश सरकार क्यों प्रस्ताव नहीं भेज रही है इसका जबाब सरकार को देना चाहिये। पत्रकारवार्ता में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेंद्र सिंह पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम नारायण पचौरी, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटैल, प्रांत संगठन मंत्री भरत पटैल, जिलाध्यक्ष रामदास पटैल, महानगर अध्यक्ष राजकुमार पटेल, कार्यालय मंत्री आलोक पटैल, महानगर प्रचार प्रमुख मनोज मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



## रादुविवि के 70वें स्थापना दिवस पर हुआ आयोजन

# विवि ने राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित की है अपनी विशेष पहचान : कुलगुरु

**जबलपुर।** "रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का अपना एक समृद्धशाली इतिहास रहा है। अपने 70 वर्षों की इस गौरवमय यात्रा में विश्वविद्यालय ने उपलिब्धयों के अनेक आयाम स्थापित किये हैं और आज वह नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित है। यह संस्थान नैतिक व चारित्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित है। यहां मानवीय मूल्यों के साथ बौद्धिक क्षमता के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर अपने लिए एक विशेष स्थान स्थापित किया है। हम इसे और आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" यह बात कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने गुरुवार को विश्वविद्यालय के 70वें स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 70वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ कुलगुरू प्रो. राजेश कुमार वर्मा, कुलसचिव डॉ. आर.के. बघेल, कार्यपरिषद सदस्य चंद्रशेखर पटेल, एड. वेदप्रकाश त्रिपाठी सहित सभी शिक्षकों, अधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में प्रातः वीरांगना रानी दुर्गावती एवं संस्थापक कुलपति पं. कुंजीलाल दुबे की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसी के साथ सभी गणमान्यजनों ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व कुलपति उज्जैन विवि प्रो. अखिलेश पाण्डेय, प्रो. भरत तिवारी, प्रो. राकेश बाजपेई, प्रो. एसएस संधु, प्रो. लोकेश श्रीवास्तव, विवि कर्मचारी संघ अध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल, राजेन्द्र शुक्ला, प्रेम पुरोहित, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शोभाराम मेहरा सहित सभी शिक्षणगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं की मौजूदगी रही।

## यात्रियों को शीतल जल पिला रहे जल सेवक



**जबलपुर।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 4 एवं 5 पर श्री योग वेदान्त सेवा समिति, जिसका संचालन संत आशाराम बापू आश्रम, जबलपुर के तत्वावधान में किया जाता है, आश्रम के सेवादार भाई-बहनों के द्वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 से प्लेटफार्म क्रमांक 5 तक ये सेवा की जाती है एवं इस भीषण गर्मी में यात्रियों को निःशुल्क शीतल जल का वितरण किया जाता है, सुबह 8 बजे से ही आश्रम के सेवाधारी इस सेवा में जुट जाते हैं और अनवरत शाम 6 बजे तक इस सेवा में जुटे रहते हैं। जिस प्लेटफार्म पर भी गाड़ी आती है, यात्रियों की सेवा के लिए दौड़ लगा देते हैं एवं उनको शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए तत्पर रहते हैं, उपरोक्त कार्य समिति के द्वारा विगत 25 वर्षों से किया जा रहा है, इसकी शुरुआत सेवादार कन्हैयालाल ने प्लेटफार्म क्रमांक 2 एवं 3 से की थी और धीरे-धीरे सेवाधारी जुड़ते रहे और आज 5 प्लेटफार्म पर यह सेवा चालू है।

## संत कबीर जयंती पर कबीर वाणी, पूजन कार्यक्रम संपन्न



**जबलपुर।** संत कबीर दास जयंती समारोह समिति जबलपुर के तत्वावधान में कबीर साहेब की 628वीं जयंती के अवसर पर कबीरवाणी और पूजन अर्चन का कार्यक्रम आगा चौक जबलपुर में संतोष झारिया के निवास पर 11 जून को सायं 6:00 बजे आयोजित किया गया। इस अवसर झारिया कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ. एनपी झारिया, समिति के संयोजकगण अजय झारिया, मथुरा प्रसाद झारिया, डॉ. बलराम झारिया, संतोष झारिया, अजय झारिया पत्रकार, देवांशु झारिया, हरि मेहरा प्रेस फोटोग्राफर, राधा झारिया, आरती झारिया, महेंद्र प्रताप झारिया, डॉ. ज्योत्सना खरे, सुशीला विश्वकर्मा, अक्षय खरे, अंश खरे, जाय आदि ने कार्यक्रम में पहुंचकर पूजन अर्चन किया तथा कबीर वाणी सुनी।



## कृषि विवि के 11 छात्रों का कैम्पस सिलेक्शन

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, में कृषि संकाय, डॉ धीरेन्द्र खरे एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में बीज उत्पादन में प्रतिष्ठित कंपनी महिको एवं फर्टीलाईजर कंपनी पारिजात इंस्ट्रीज लिमि. द्वारा वि.वि. के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एम.बी.ए.(ए.बी.एम.) छात्र-छात्राओं हेतु कैम्पस साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस कैम्पस प्रक्रिया में कृषि कॉलेज, जबलपुर, रीवा, टीकमगढ़ गंजबसौदा आदि विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस पूरी प्रक्रिया के उपरांत महिको कंपनी में 03 छात्र क्रमशः अनुराग घारडे, मोहन अंजना एवं शिवम पाठक एवं फर्टीलाईजर कंपनी पारिजात इंस्ट्रीज लिमि. में 08 विद्यार्थियों क्रमशः अमृता गंगराडे, सोहित शर्मा, शिवम कुर्मी, थानेन्द्र शर्मा, युवराज सिंह चैहान, साईचरण पाटीदार, अंकित पटेल एवं मनीष राजौरिया का चयन 4.0 से 5.00 लाख रूपये सालाना पैकेज पर चयन किया गया।

# हाहाकारः हजारों लोगों की बस्ती में की जा रही मात्र 5-10 मिनट पानी सप्लाई

### महापौर ने समाधान का दिया आश्वासन



**जबलपुर।** नगर निगम सदन की बैठक में मुस्लिम बहुल क्षेत्र के दो वार्ड की जनता ने पानी के लिए नारे लगाकर महापौर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु तत्काल आवाम की आवाज सुनकर सदन से बाहर जनता के बीच पहुंचे। उन्हें मौलाना अबुल कलाम आजाद वार्ड, अशफाक उल्लाह खां वार्ड के नागरिकों ने बताया कि क्षेत्र में पानी नहीं आ रहा है, मोती नाला पानी की टंकी से पहले पानी सप्लाई होती थी पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी के कार्यकाल में पानी अच्छा मिला करता था, पहले समस्या नहीं थी, उनके जाने के बाद से पानी की समस्याओं का अंबार सा लग गया है। दो माह हो गए हैं, हम लोगों को पानी नहीं मिल रहा है, कभी अच्छा नल खोल देता है, कभी हफ्ता-हफ्ता भर पानी पांच से 10 मिनट से ज्यादा न मिलने के कारण वहां की आवाम को रात के समय दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है। समस्या पर महापौर ने तत्काल संबंधित अधिकारी, मुख्य कार्यपालन यंत्री जल विभाग के कमलेश श्रीवास्तव को आदेशित किया है कि उनकी समस्याओं को तत्काल हल किया जाए। इस अवसर पर पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी, फरहान अहमद, शाहनवाज अंसारी, मुकीम अहमद, रहीम मंसूरी, पिंटू अंसारी, फैज आलम, जावेद अंसारी, ताहिर अंसारी, साबिर अंसारी, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद अहसान, मोहम्मद वकील मंसूरी सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## प्रतिभागियों के रचनात्मक कौशल को विकसित करने का मिला अवसर

# रादुविवि में तीन दिवसीय फेब्रिक पेंटिंग कार्यशाला का समापन



**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कौशल विकास विभाग द्वारा तीन दिवसीय फेब्रिक पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन 9 से 11 जून तक किया गया। बुधवार को कार्यशाला समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरू प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस कार्यशाला ने प्रतिभागियों को अपने रचनात्मक कौशल को विकसित करने और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक सुनहरा अवसर मिला, जिससे उन्हें भविष्य में सफलता का मार्ग प्रशस्त करने में सहायता मिलेगी। इस तीन दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागियों ने फैब्रिक पेंटिंग की विभिन्न तकनीकों और कला को सीखा, जिसमें उन्हें अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने फैब्रिक पेंटिंग के विभिन्न पहलुओं जैसे कि डिज़ाइन, रंग संयोजन और पेंटिंग तकनीक का अध्ययन किया। कार्यशाला में संस्थान के सभी फेकल्टी एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर डॉ. मीनल दुबे, प्रियंका सिंह, जोहफिश मनसब अंसारी, राबिता सिंह, इंजी. महावीर त्रिपाठी एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## "एक पौधा माँ के नाम" अभियान के तहत दिया पर्यावरण और स्वच्छता का संदेश

**जबलपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिक निगम जबलपुर की IEC टीम द्वारा लियोनार्ड स्कूल में एक महत्वपूर्ण स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल एल.जी. लोबो, वाइस प्रिंसिपल जोस पेप्पन, स्कूल स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में विशेष रूप से सुभाषचंद्र बोस वार्ड से पार्षद श्याम कनौजिया, क्षेत्रीय विधायक अनुज विजय रोहणी (डिंपी), महिला मोर्चा की प्रतिनिधि श्रीमती तनु एवं मंडल अध्यक्ष अभिषेक की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंतर्गत स्टेकहोल्डर स्वच्छता संबंधित बैठक एवं "एक पौधा माँ के नाम 2.0" अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरित बनाए रखने का संदेश दिया गया। साथ ही, एक स्टेकहोल्डर स्वच्छता बैठक का आयोजन भी किया गया जिसमें नागरिकों को यह संदेश दिया गया कि वे अपने घरों और आस-पास कचरा न फैलाएं, सिंगल यूज़ प्लास्टिक और पॉलीथीन का उपयोग न करें और स्वच्छता बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें।

## निधन

**श्री पंचम लाल विश्वकर्मा-** गंगासागर रानीपुर माली मोहल्ला निवासी श्री पंचम लाल विश्वकर्मा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रूप किशोर राय-** संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री रूप किशोर राय (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आशीष विश्वकर्मा-** भानतलैया सरस्वती स्कूल के पास निवासी श्री राम कुमार विश्वकर्मा के पुत्र श्री आशीष विश्वकर्मा (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आशा पाथर-** बिलहरी कृष्णा होम्स निवासी श्री प्रताप चंद पाथर की धर्मपत्नी श्रीमती आशा पाथर (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सागर चौधरी-** चंडालभाटा चेरीताल निवासी श्री लल्लू चौधरी के पुत्र श्री सागर चौधरी (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री भारत प्रसाद कोल-** मैत्री नगर महाराजपुर निवासी श्री भारत प्रसाद कोल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोनी बाई कतिया-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री मन्नू लाल कतिया की धर्मपत्नी श्रीमती सोनी बाई कतिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शरद कोरी-** सुहागी अधारताल निवासी श्री शरद कमलेश कोरी के पुत्र श्री शरद कोरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बेबी बाई चौधरी-** चेरीताल वार्ड निवासी श्री दयाराम चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती बेबी बाई चौधरी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शंकर सिंह ठाकुर-** सुभाष नगर गोहलपुर निवासी श्री शंकर सिंह ठाकुर (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती यशोदा बाई कोरी-** करियापाथर सेवक के पीछे निवासी श्री कल्लू कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती यशोदा बाई कोरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नागेश्वर राव-** लियो कम्पाउंड सदर निवासी श्री नागेश्वर राव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्रवण कुमार श्रीवास्तव-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री श्रवण कुमार श्रीवास्तव (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

## बोलेरो वाहन से आबकारी विभाग ने जप्त की 9 पेटी शराब



**सिहोरा।** आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार मदिरा के अवैध निर्माण,विक्रय,संग्रहण एवं परिवहन पर विशेष सतर्कता एवं कठोरता से प्रभावी अंकुश लगाये जाने के मद्देनज़र कलेक्टर के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त के मार्गदर्शन में वृत्त सिहोरा के कटाव मझौली मार्ग ग्राम रानीताल में अवैध मदिरा के परिवहन की सूचना पर लगभग प्रातः 7.30 बजे बोलेरो एमपी 36 बीबी 1110 से मदिरा का परिवहन करते हुए आरोपी श्याम सुन्दर उर्फ़ लल्लू यादव को पकड़ा तलाशी लेने पर उसके पास से एक पेटी आर एस,एक पेटी आइकॉनिक वाइट,एक पेटी बेगपाईपर, 4 पेटी हंटर बीयर व 2 पेटी किंगफ़िशिर बीयर कुल 09 पेटी (73.8 बल्क लीटर) विदेशी मदिरा व बीयर बरामद कर कब्जे आबकारी लिया। कार्यवाही में जप्त मदिरा व वाहन का अनुमानित मूल्य 5,45,084/- रु है। आरोपी के विरुद्ध म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क व 34(2)का प्रकरण दर्ज किया गया।कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक श्वेता सिंह तिवारी एवं आरक्षक नेकलाल बागरी,संत लाल मरावी,फूल सिंह ऐंटिआ,अमिता केशरवानी,अशोक सिंह बघेल, सुरेन्द्र जायसवाल एवं ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहें।

## केके पटेल उपाध्यक्ष नियुक्त

**सिहोरा।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रीय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गिरधारी कुमायूं ने सेवानिवृत्त लेखपाल के के पटेल को क्षत्रिय महासभा का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इनकी नियुक्ति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कटियार की सहमति एंव महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर रश्मि सिंह की अनुशंसा पर की गई है। नियुक्ति पर एडवोकेट रमेश टेल, रामगोपाल पटेल, छोटे पटेल, चौधरी नारायण सिंह, महेश पटेल,विजय कांति पटेल, मनोरमा पटेल, दिलीप पटेल,तारा पटेल,सत्यवती पटेल,आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

**CHANGE OF NAME**

I, **MAMTA DAS NAYEK** (existing name of SPOUSE) is legally wedded spouse of No **ARMY NO 15711973P, RANK HAV, NAME BIJOY NAYEK** presently residing at **GOJINA, ARANKIARANA, PURBA MEDINIPUR, WEST BENGAL 721642 (Address)** have changed my name from **MAMTA DAS NAYEK** (Existing name of spouse as per change of Next of kin Record/Service Documents), to **MAMATA DAS NAYEK** (Proposed /Adopted New Name) vide Affidavit dated (Date of Affidavit in **12/06/2025** before Public Notary Ramdas Sharma, Jabalpur (Name and Place of the court)

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र. /स. क्र.11/19-20
दिनांक:- 11/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती जानकी बंशकार पति स्व. श्री तेजीलाल बंशकार ने बी-1 मधुवन इंक्लेव तिलहरी वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई क्रं. 67 के समपत्ति पिन क्रमांक 1000381901 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1116 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1100 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 1100 व.फु. आरसीसी द्वितीय तल 1100 व.फु. आरसीसी विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री कानन गांगुली पिता स्व. श्री बी.एम. गांगुली का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**


## खबर संक्षेप

### सोना 850 रुपए उछला चांदी में गिरावट



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 850 रुपये उछलकर 99,340 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई।

### रुपया सात पैसे टूटकर 85.60 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट और कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी के बीच बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 85.60 (अस्थायी) पर बंद हुआ। हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले कमजोर डॉलर ने नुकसान को सीमित कर दिया।

### यूनियन बैंक ने ऋण पर ब्याज दर आधा प्रतिशत घटाई



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने ऋण की ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। भारतीय रिजर्व बैंक के प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती के बाद बैंक ने यह कदम उठाया है। यूनियन बैंक ने बयान में कहा कि बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) और रेपो आधारित ब्याज दर (आरएलएलआर) में 0.5 प्रतिशत की कटौती की गयी है।

### रेमंड लिमिटेड रियल एस्टेट कारोबार को सूचीबद्ध करेगी




**नई दिल्ली।** रेमंड लिमिटेड अपने रियल एस्टेट कारोबार को चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में शेयर बाजारों में सूचीबद्ध करेगी। उसने अपार विकास अवसरों का लाभ उठाने के लिए इस कारोबार को अलग किया है। रियल एस्टेट कारोबार को सफलतापूर्वक अलग कर दिया है और अब वह इंजीनियरिंग कारोबार पर ध्यान केंद्रित करेगी।

### मिराए एसेट, ब्लैकरॉक ने एबी कैपिटल में हिस्सेदारी खरीदी



**नई दिल्ली।** मिराए एसेट एमएफ, ब्लैकरॉक और गोल्डमैन शैक्स सहित अन्य ने खुले बाजार लेनदेन के जरिये वित्तीय सेवा कंपनी आदित्य बिड़ला कैपिटल में 1,136 करोड़ रुपये में 1.8 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी। मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड (एमएफ), एडलवाइस एमएफ, एचएसबीसी एमएफ खरीदारों में शामिल थे।

### वन मोबिक्विक की कर्मियों को इसॉप देने की घोषणा



**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स ने कंपनी के पात्र कर्मचारियों को 3,27,688 शेयर विकल्प देने (इसॉप) की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, प्रत्येक शेयर विकल्प दो रुपये अंकित मूल्य के एक पूर्ण चुकता शेयर में परिवर्तनीय है। विकल्पो का मूल्य अंकित मूल्य पर ही निर्धारित किया गया है। ये विकल्प 'लॉक-इन' अवधि के अधीन नहीं होंगे और चार वर्ष में दिए जाएंगे होंगे।

# भारत दुनिया का चौथा ऐसा देश बना जहां अमीरों की संख्या में हुआ जबरदस्त इजाफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

किसी भी देश के बढ़ते रुतबे का अंदाजा वहां के अमीरों को देखकर लगाया जाता है। भारत में अमीर लोगों की संख्या दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले लगातार तेजी के साथ बढ़ती जा रही है। अब ये दुनिया का चौथा ऐसा देश बन चुका है जहां पर सबसे ज्यादा हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल्स यानी अमीर दौलतमंद लोग रहते हैं।

- बस अमेरिका, चीन और जापान से है पीछे

नाइट फ्रैंक ग्लोबल वेल्थ रिपोर्ट 2025 के मुताबिक, भारत में ऐसे लोग जिनके पास 10 मिलियन डॉलर से ज्यादा की संपत्ति है, उनकी संख्या 85,698 हो चुकी है। अब इस मामले में भारत सिर्फ अमेरिका, चीन और जापान से पीछे रह गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लोगों की बढ़ती दौलत के पीछे भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था, पूंजी तक बढ़ती पहुंच और उद्यमियों का बढ़ता कारोबार बड़ा फैक्टर है।

## 10 मिलियन डॉलर से ज्यादा संपत्ति वाले 85,698 हो चुके

### भारत में बढ़ी दौलतमंद की संख्या

रिपोर्ट की मानें तो पहले के दशकों में संपत्ति बनाने में लंबा समय लगता था, लेकिन अब भारत के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर खासकर स्मार्टफोन्स और डिजिटल बैंकिंग के व्यापक फैलाव ने इसे आसान बना दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अरबपतियों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है और ये पिछले साल के मुकाबले 12 प्रतिशत ज्यादा है। साल 2023 में जहां देश में 165 अरबपति थे तो वहीं अब ये बढ़कर 191 हो चुके हैं।




### भारत के अरबपतियों के पास कुल 0.95 ट्रिलियन डॉलर

एक साल में 26 नए अरबपति इस लिस्ट में जुड़े हैं। इससे पहले साल 2019 में इस सूची में सात लोग शामिल हुए थे। भारत के अरबपतियों के पास करीब कुल 0.95 ट्रिलियन डॉलर है, और वे इस मामले में फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी से आगे है। जबकि सिर्फ अमेरिका और चीन से पीछे है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में अरबपतियों की संख्या 2028 तक करीब 43 प्रतिशत बढ़ सकती है और ये बढ़कर 1,22,119 पर आ सकती है। सभी प्रमुख इकोनॉमी में ये अनुमानित ग्रोथ सबसे ज्यादा है।

### रियल एस्टेट कारोबार को ज्यादा तरजीह दे रहे

सबसे खास बात ये है कि भारत के अमीर व्यक्ति भी दुनिया के बाकी हिस्सों की तरह रियल एस्टेट कारोबार को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। वैश्विक स्तर पर अरबपतियों की कुल संख्या का करीब 30 प्रतिशत रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े हैं और भारत में ये प्रवृत्ति और मजबूत हुई हैं, जहां संपत्ति का प्रतिष्ठ माना जाता है।

## खुदरा मुद्रास्फीति छह साल के निचले स्तर 2.82 फीसदी पर

# फल, सब्जियों के दाम घटने से मई में खुदरा महंगाई 75 माह के निचले स्तर पर आई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फलों एवं सब्जियों की कीमतों में नरमी से मई में खुदरा मुद्रास्फीति छह साल के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई। यह लगातार चौथा महीना है जब खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से कम रही है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में 3.16 प्रतिशत और मई, 2024 में 4.8 प्रतिशत थी। खुदरा मुद्रास्फीति का पिछला निचला स्तर फरवरी, 2019 में रहा था जब यह 2.57 प्रतिशत थी।

- आरबीआई के चार फीसदी के औसत लक्ष्य से कम रही
- सीपीआई पर मई 2024 में 4 .8 प्रतिशत पर रही
- मई में खाद्य मुद्रास्फीति 0 .99 प्रतिशत पर रही



### अक्टूबर 2021 के बाद सबसे कम

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खाद्य मुद्रास्फीति 0.99 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी महीने में 8.69 प्रतिशत थी। मई, 2025 की खाद्य मुद्रास्फीति का यह आंकड़ा अक्टूबर, 2021 के बाद सबसे कम है।

### खाद्य व पेय उत्पादों की अहम भूमिका रही

सरकार ने आरबीआई को यह दायित्व दिया हुआ है कि खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर सीमित रखा जाए। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने इन आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछले महीने खुदरा मुद्रास्फीति और भी कम होकर 75 महीने के निचले स्तर 2.8 प्रतिशत पर आ गई जिसमें खाद्य एवं पेय उत्पादों की अहम भूमिका रही।

### चीनी एवं मिठाई और अंडे की कीमतों में नरमी

एनएसओ ने एक बयान में कहा, ''मई, 2025 के महीने में मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से दालों एवं उत्पादों, सब्जियों, फलों, अनाज एवं उत्पादों, घरेलू सामान एवं सेवाओं, चीनी एवं मिठाई और अंडे की कीमतों में नरमी और अनुकूल आधार प्रभाव के कारण है।''

### देश भर में सबसे कम महंगाई तेलंगाना में

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, मई के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति 2.59 प्रतिशत थी, जबकि शहरी भारत में यह 3.07 प्रतिशत रही। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सबसे अधिक मुद्रास्फीति केरल में 6.46 प्रतिशत दर्ज की गई। इसके बाद पंजाब (5.21 प्रतिशत), जम्मू-कश्मीर (4.55 प्रतिशत), हरियाणा (3.67 प्रतिशत) और उत्तराखंड (3.47 प्रतिशत) का स्थान रहा। वहीं देशभर में सबसे कम खुदरा महंगाई दर तेलंगाना में 0.55 प्रतिशत रही।

### रेपो दर में कुल एक फीसदी की कटौती हुई

नायर ने कहा कि यह आंकड़ा रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के नीतिगत दरों में कटौती के निर्णय को मान्यता देता है। एमपीसी ने फरवरी से लेकर जून की समीक्षा तक रेपो दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती की है।

### अगस्त में ब्याज दरें अपरिवर्तित रहेगी

नायर ने कहा, ''फिलहाल हमें उम्मीद है कि अगस्त, 2025 की नीतिगत समीक्षा में ब्याज दरें अपरिवर्तित रहेंगी। फिर भी हम अक्टूबर, 2025 में 0.25 प्रतिशत की एक और कटौती की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं।'' एनएसओ सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को समाहित करने वाले 1,114 शहरी बाजारों और 1,181 गांवों से आंकड़े जुटाता है।

# पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 823 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 823 अंक लुढ़क गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 25,000 अंक से नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच बाजार नुकसान में रहा और निवेशकों को 5.98 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

- निफ्टी 25,000 अंक से नीचे फिसला

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 823.16 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,691.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 991.98 अंक तक का गोता लगा गया था। निफ्टी भी 253.20 अंक टूटकर 24,888.20 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ, पिछले छह कारोबारी सत्रों से निफ्टी में जारी तेजी थम गयी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, टाइटन, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा शामिल हैं।



### बोइंग का शेयर नौ प्रतिशत टूटा

*इस बीच, 242 यात्रियों और चालक दल को लेकर लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान बृहस्पतिवार को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग के शेयर में बृहस्पतिवार को बाजार खुलने से पहले (प्री-मार्केट) के कारोबार में करीब नौ प्रतिशत की गिरावट आई।*

### निवेशकों के 5.98 लाख करोड़ रुपए डुबे

शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के चलते बृहस्पतिवार को निवेशकों की संपत्ति 5.98 लाख करोड़ रुपये घट गई। इस गिरावट से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5,98,759.27 करोड़ रुपए घटकर 4,49,58,383.92 करोड़ रुपए (5,260 अरब डॉलर) रह गया।

# चीन के दुर्लभ खनिज पर लगाए प्रतिबंध पर बातचीत के संकेत





एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन ने दुर्लभ पृथ्वी खनिजों के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों को लेकर भारत के साथ बातचीत का बृहस्पतिवार को संकेत देते हुए कहा कि वह औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला को स्थिर रखने के लिए संबंधित देशों के साथ बातचीत और सहयोग बढ़ाने को तैयार है।

- औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला को स्थिर रखने सहयोग बढ़ाने तैयार

चीन ने प्रमुख दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर हाल ही में प्रतिबंध लगा दिए हैं। इस वजह से भारत सहित कई देशों में वाहन एवं सेमीकंडक्टर चिप के निर्माण में व्यापक व्यवधान उत्पन्न हुआ है। चीनी विदेश मंत्रालय में प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, ''हम वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखलाओं की स्थिरता को संयुक्त रूप से बनाए रखने के लिए संबंधित देशों और क्षेत्रों के साथ बातचीत और सहयोग बढ़ाने को तैयार हैं। जियान ने पीटीआई-भाषा के एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। उनसे पूछा गया था कि क्या चीन भारत को दुर्लभ पृथ्वी धातुओं के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने को तैयार है, क्योंकि उसने अमेरिका और यूरोपीय संघ को निर्यात लाइसेंस जारी करना शुरू कर दिया है। इस संबंध में विशिष्ट जानकारी के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक, भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने चीनी उप मंत्री सन वेइदोंग से मुलाकात की और द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की।

### चीन के पास दुर्लभ पृथ्वी खनिजों का एकाधिकार है

चीन के पास दुर्लभ पृथ्वी खनिजों का एकाधिकार है लिहाजा निर्यात पर पाबंदी लगाने से वाहन एवं अन्य उद्योगों में दुर्लभ धातुओं की कमी हो गई है। इसे लेकर उद्योग जगत ने चिंताएं जताई हैं।

# भारत का वनस्पति तेल आयात मई में घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का वनस्पति तेल आयात मई में लगातार छठे महीने भी घटकर 11.87 लाख टन रह गया है। यह पिछले साल मई में हुए आयात से 22.36 प्रतिशत कम है। उद्योग निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) ने बृहस्पतिवार यह जानकारी दी।

इसके साथ ही, एसईए ने कहा कि हालिया आयात शुल्क में कटौती से आयात की कुल मात्रा पर कोई असर नहीं पड़ेगा। खाद्य और अखाद्य दोनों तरह के तेलों सहित कुल वनस्पति तेल आयात एक साल पहले की समान अवधि में 15.29 लाख टन का हुआ था। तेल वर्ष 2024-25 (नवंबर-अक्टूबर) के पहले सात महीनों के दौरान कुल वनस्पति तेल आयात एक साल पहले की इसी अवधि के 86.78 लाख टन से घटकर 78.84 लाख टन रह गया।



- लगातार छठे महीने घटकर 11.87 लाख टन पर
- पिछले साल मई में हुए आयात से 22 .36 प्रतिशत कम

तेलों पर मूल आयात शुल्क को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया था, जिससे कुल आयात शुल्क 27.5 प्रतिशत से घटकर 16.5 प्रतिशत रह गया है। एसईए ने कहा, ''इस कदम से खाद्य तेल आयात की कुल मात्रा पर कोई असर नहीं पड़ेगा और इससे खाद्य तेल की कीमतों पर कोई दबाव पड़ने की संभावना नहीं है।''

*इंडोनेशिया और मलेशिया प्रमुख आपूर्तिकर्ता*

*इंडोनेशिया और मलेशिया भारत के प्रमुख पाम तेल आपूर्तिकर्ता हैं, जबकि अर्जेंटीना, ब्राजील और रूस सोयाबीन तेल की आपूर्ति करते हैं। रूस और यूक्रेन सूरजमुखी तेल के मुख्य आपूर्तिकर्ता हैं।*

### एसईपीसी को 650 करोड़ रुपए की सौर परियोजना मिली

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग समाधान उपलब्ध कराने वाली एसईपीसी को महाराष्ट्र में कुल 133 मेगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के लिए 650 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि उसे महाराष्ट्र के चार जिलों में 26 स्थानों पर ईपीसी सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए कोलकाता की परमेशी ऊर्जा लि. से एक परियोजना आवंटन पत्र मिला है। कार्य के अंतर्गत 133 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना के लिए सिविल और संरचनात्मक कार्यों सहित संयंत्र और उपकरणों का डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और उसे चालू करना शामिल है। यह परियोजना महाराष्ट्र के चार जिलों... संभाजी नगर, धुले, सोलापुर और नांदेड़ में लगायी की जाएगी।

# स्कोडा बिक्री दोगुना करने पुराने कार कारोबार का विस्तार करेगी

- सीएनजी खंड में उतरने और बिक्री नेटवर्क का विस्तार करने पर विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




चेक गणराज्य की कार विनिर्माता कंपनी स्कोडा अपने पुरानी कारों के कारोबार को बढ़ाने, सीएनजी खंड में उतरने और बिक्री नेटवर्क का विस्तार करने पर विचार कर रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी का लक्ष्य इस साल भारतीय बाजार में बिक्री को दोगुना करना है।

पिछले साल देश में करीब 36,000 कारें बेचने वाली कंपनी को उम्मीद है कि उसके एसयूवी खंड (अब एक कॉम्पैक्ट एसयूवी भी शामिल) से देश में उसकी बिक्री और बाजार हिस्सेदारी बढ़ेगी।

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक आशीष गुप्ता ने बातचीत में कहा, "हम इस साल अपनी बिक्री को दोगुना से अधिक करने की योजना बना रहे हैं। हमारी 'कॉम्पैक्ट एसयूवी' इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और हम अपने बिक्री नेटवर्क का भी विस्तार कर रहे हैं। इसके अलावा हम अपने उत्पाद मिश्रण को भी सुव्यवस्थित कर रहे हैं।"

## कोल इंडिया ने ऊर्जा कारोबार के लिए अनुषंगी इकाई बनाई



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड ने राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा कारोबार के लिए अनुषंगी कंपनी 'सीआईएल राजस्थान अक्षय ऊर्जा लिमिटेड' के गठन की घोषणा की। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने बीएसई को दी सूचना में बताया, 'कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने सीआईएल राजस्थान अक्षय ऊर्जा लिमिटेड को निगमन प्रमाणपत्र जारी कर दिया है।'कोयला मंत्रालय ने जनवरी में बताया था कि सीआईएल और राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएनएल) के संयुक्त उद्यम के गठन के लिए दीपम ने मंजूरी दे दी है। सौर ऊर्जा परियोजनाओं, पीएसपी परियोजनाओं और पवन ऊर्जा परियोजनाओं या ऐसी अन्य परियोजनाओं का विकास, निर्माण एवं संचालन करना है... कंपनी इन परियोजनाओं से उत्पादित बिजली को आरवीयूएनएल को बेचने का काम करेगी।'

## इसे कैब बुकिंग, खानपान ऑर्डर, बिल भुगतान आदि के लिए विकसित किया

# ओला के 'कृत्रिम' ने एआई असिस्टेंट 'कृति' किया पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओला समूह की कृत्रिम मेधा (एआई) इकाई 'कृत्रिम' ने बृहस्पतिवार को अपना खुद का एआई असिस्टेंट 'कृति' पेश किया। इसे कैब बुकिंग, खानपान का सामान ऑर्डर करने, बिल भुगतान, तस्वीरें बनाने और गहन शोध जैसे कार्यों को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है।

- कंपनी का दांवा, कृति भारत का पहला एआई असिस्टेंट है

कंपनी का दावा है कि 'कृति' भारत का पहला एआई असिस्टेंट है जो चैटबॉट की निष्क्रिय प्रतिक्रियाओं से आगे बढ़कर निर्देशित कार्य को अपने स्तर पर पूरा करने और उन्नत तार्किक क्षमताओं की पेशकश करता है। 'कृत्रिम' ने बयान में कहा कि कृति असिस्टेंट आवाज और लिखित शब्द दोनों पर ही काम करता है।

*कृति पर सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध : कंपनी ने कहा कि कृति असिस्टेंट पर ये सुविधाएं उपयोगकर्ताओं के लिए निःशुल्क उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि यह एआई असिस्टेंट विभिन्न ऐप एवं सेवाओं के साथ भी एकीकृत होता है, संदर्भ से जुड़ी मदद देता है और उपयोगकर्ताओं को कई ऐप के बीच आवाजाही की जरूरत को भी कम करता है।*




*कृति से दूसरे ऐप हो सकते हैं डेवलप*

*कृति डेवलपर के लिए एक ऐसा टूलकिट (एसडीके) मुहैया कराता है जिसकी मदद से दूसरे ऐप बनाने वाले डेवलपर कृति की स्मार्ट एआई क्षमताओं को सीधे अपने ऐप का हिस्सा बना सकते हैं। कृत्रिम के संस्थापक भविष अग्रवाल ने बयान में कहा, एआई के भविष्य की ओर कृति पहला वास्तविक कदम है जहां प्रौद्योगिकी केवल जवाब नहीं देती है, बल्कि वास्तव में आपको काम पूरा करने में मदद करती है।*

### सामग्री को पढ़कर सुनाने की भी सुविधा

कृति की बहुआयामी क्षमताएं कृत्रिम के अपने शक्तिशाली एआई मॉडल 'वी2' और कुछ मुक्त-स्रोत एआई मॉडल के दम पर संचालित होती हैं। इसका लक्ष्य भारतीय उपयोगकर्ताओं को ध्यान में रखकर और कम खर्चीला एआई असिस्टेंट मुहैया कराना है। इसके अलावा कृति शोध गतिविधियों, तस्वीरों के निर्माण और सामग्री को पढ़कर सुनाने जैसी सुविधाएं भी प्रदान करता है।

### उपयोगकर्ता के पिछले संवाद को याद रख सकता है

यह उपयोगकर्ता के पिछले संवाद को याद रख सकता है और उसकी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं देता है। यह एआई असिस्टेंट 13 भारतीय भाषाओं में काम करता है और मोबाइल फोन पर भी इस्तेमाल के लिए इसे अनुकूलित किया गया है।

### जटिलता को दूर करने तैयार

हमने कृति को भारतीयों के जीने के तरीके के हिसाब से काम करने के लिए बनाया है: बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम और सहज। अग्रवाल ने कहा कि यह एआई असिस्टेंट बेहद व्यक्तिगत, अविश्वसनीय रूप से सक्षम और रोजमर्रा की जटिलता को दूर करने के लिए तैयार है।

### सूक्ष्म वित्त संस्थानों का कर्ज वितरण घटा




**नई दिल्ली।** छोटी राशि के कर्ज देने वाले सूक्ष्म वित्त संस्थानों (माइक्रोफाइनेंस) का कर्ज वितरण 2024-25 में 25 प्रतिशत घटकर 1.12 लाख करोड़ रुपये रहा। यह क्षेत्र में दबाव की स्थित को बयां करता है। सूक्ष्म वित्त संस्थानों (एमएफआई) के शीर्ष निकाय माइक्रोफाइनेंस इंस्टिट्यूशन नेटवर्क ने जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि 2024-25 में 2.2 करोड़ खातों के माध्यम से 1,12,459 करोड़ रुपये का कर्ज दिया गया। यह 2023-24 में वितरित राशि से 25.4 प्रतिशत कम है।

## चिंतन

# यात्री विमान हादसा दुखद सभी बिंदुओं की हो जांच

अहमदाबाद में एयर इंडिया का प्लेन क्रैश अत्यंत दुखद हादसा है। इस हृदय विदारक हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का भी निधन हो गया। भारत के एविएशन इतिहास में भारतीय विमानन संचालन प्रक्रिया काफी सुरक्षित है और विमान सुरक्षा के सभी मानदंडों का कड़ाई से पालन होता है, इसके बावजूद एयर इंडिया की इंटरनेशनल उड़ान का दुर्घटनाग्रस्त हो जाना तकनीकी स्तर पर चिंता पैदा करता है। आधुनिक समय में विमान इंजीनियरिंग से लेकर सॉफ्टवेयर तक सभी आधुनिक और अपडेटेड हैं, टेक ऑफ से पहले सभी सुरक्षा जांच होती है, इसके बाद भी ऐसे हादसे सिस्टम की चूक के बिना संभव नहीं हैं। विमान हादसे में तीन प्रमुख कारण होते हैं, मानवीय चूक, तकनीकी खराबी और अप्रत्याशित बाहरी कारण। एयर इंडिया का यह लंदन जा रहा विमान जिस तरह से उड़ान भरने के तीन मिनट के भीतर आग के गोले में तब्दील होकर क्रैश हो गया, उससे तकनीकी खराबी की आशंका अधिक है। ब्लैक बॉक्स मिलने व जांच के बाद असली वजह का पता चलेगा। इस हादसे की वजह से एयर इंडिया व विमान निर्माता कंपनी बोइंग दोनों की साख पर आंच आई है। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के अनुसार, एआई-171 ने दोपहर 1 बजकर 39 मिनट पर अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से उड़ान भरी थी। करीब 15 किमी उड़ने के बाद विमान क्रैश कर गया। यह विमान क्रैश होने के बाद जिस अस्पताल के हॉस्टल पर गिरा, उसके लिए भी जानलेवा बन गया। अमेरिकी विमानन कंपनी बोइंग का ड्रीमलाइनर विमान काफी अपडेटेड व सुरक्षित माना जाता है, इसके बाद भी इसका क्रैश होना कंपनी की तकनीकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। बोइंग के कई विमान इससे पहले भी क्रैश हुए हैं, हालांकि कंपनी का कहना है कि बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान पहली बार क्रैश हुआ है। वर्ष 2018, 2019 और इस विमान को अपडेट करने के बाद 2024 में भी यह विमान क्रैश हुआ था, जिसमें 500 लोगों से अधिक की जान चली गई थी। भारत में इससे पहले वर्ष 2020 में 7 अगस्त को कोझिकोड (कालीकट) में दुबई से आ रहा विमान कालीकट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2010 में 22 मई को विमान मैंगलोर में रनवे से फिसल गया, जिसमें 158 लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2000 में 17 जुलाई को एलायंस एयर की उड़ान पटना में उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें 60 से अधिक लोग मारे गए थे। वर्ष 1996 में 12 नवंबर को हरियाणा के चरखी दादरी में सऊदी अरब एयरलाइंस बोइंग 747 और कजाकिस्तान एयरलाइंस इल्यूशिन आईएल-76 विमान दिल्ली के पास टकरा गए, जिससे दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोग मारे गए थे। वर्ष 1993 में 26 अप्रैल को औरंगाबाद में विमान हादसे में 55 लोग मारे गए थे। वर्ष 1991 में 16 अगस्त को इंफाल में हवाई दुर्घटना हुई, सभी 69 लोग मारे गए। वर्ष 1990 में 14 फरवरी को बेंगलुरु हवाई दुर्घटना में 92 लोग मारे गए थे। वर्ष 1988 में 19 अक्टूबर को अहमदाबाद प्लेन दुर्घटना में 133 लोग मारे गए थे। मुंबई में वर्ष 1982 में 21 जून को प्लेन क्रैश में 17 लोग और वर्ष 1978 की 1 जनवरी को 213 लोग मारे गए थे। नागर विमानन विभाग को गहराई से इस हादसे की जांच करनी चाहिए। विमानन कंपनी बोइंग के अंदर भी विमान निर्माण के दौरान कई खामियों को पूर्व में कंपनी के कई पूर्व कर्मचारियों व व्हिसिल ब्लोअरों ने उजागर किया है, इसलिए जांच में इस पक्ष को भी शामिल किया जाना चाहिए।



सियासत
राज कुमार सिंह

# जाति जनगणना पर टिकी राजनीति

भारत जैसे विशाल देश में जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने और अंतिम आंकड़े आने में लंबा समय लग सकता है। ऐसे में इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव ही नहीं, अगले साल होने वाले असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल एवं पुडुचेरी विधानसभा चुनाव भी जाति जनगणना के शोर और उसके श्रेय के दावों-प्रतिदावों के बीच ही निपट जायेंगे। अगर जनगणना के बीच भी सूत्रों के हवाले से आंकड़े बताकर चुनाव को प्रभावित करने की आशंका है, तो समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि अंतिम आंकड़े, उनके आधार पर परिसीमन तथा उसके बाद महिला आरक्षण तो चुनावी राजनीति की तस्वीर ही बदल सकता है।

नरेंद्र मोदी सरकार ने जाति जनगणना प्रक्रिया की औपचारिक घोषणा कर दी है। घोषित कार्यक्रम से स्पष्ट है कि प्रक्रिया लंबी चलेगी और भावी राजनीति पर दूरगामी असर डालेगी। घोषणा के मुताबिक अप्रैल से सितंबर, 2026 तक घरों को सूचीबद्ध किया जाएगा। उसके बाद लोगों की गिनती होगी। दरअसल जाति जनगणना दो चरणों में होगी। एक अक्तूबर, 2026 से पहले चरण में पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल और उत्तराखंड में जनगणना होगी। दूसरे चरण में एक मार्च, 2027 से शेष सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जनगणना होगी। जाहिर है, भारत जैसे विशाल देश में जनगणना की प्रक्रिया पूरी होने और अंतिम आंकड़े आने में लंबा समय लग सकता है। ऐसे में इस साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव ही नहीं, अगले साल होने वाले असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल एवं पुडुचेरी तथा 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर, गुजरात और गोवा विधानसभा चुनाव भी जाति जनगणना के शोर और उसके श्रेय के दावों-प्रतिदावों के बीच ही निपट जायेंगे। बेशक इससे बचने का कोई विकल्प नहीं है। हमारे राजनीतिक दल तो वैसे भी हर मुद्दे को चुनाव में भुनाने में माहिर हैं। नियमानुसार यह जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना आ गया।

कोरोना के बीच ही सावधानियों के साथ कई राज्यों में चुनाव तो कराये गये, लेकिन जनगणना नहीं। पांच साल विलंब से लंबित जनगणना में अब जातियों की गणना भी की जाएगी। हमारे देश में जाति जनगणना भले ही आजादी के बाद पहली बार हो रही हो, पर उस पर राजनीति पुरानी है। कांग्रेस और भाजपा, दोनों की छवि अतीत में जाति जनगणना विरोधी की रही है, लेकिन अब वे ही उसका श्रेय लेना चाहती हैं। सरकार, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जाति जनगणना को देश और समाज की विकास योजनाओं के लिए उपयोगिता से जोड़ कर पेश कर रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी कह रहे हैं कि यह तो पहला कदम है, हमें आगे जाकर पता करना है कि उच्च पदों में किसकी कितनी हिस्सेदारी है। सामाजिक न्याय के नाम पर राजनीति करने वाले लालू यादव, नीतीश कुमार और अखिलेश यादव में भी श्रेय की होड़ शुरू हो गयी है। समझ पाना मुश्किल नहीं कि सारा खेल सत्ता-राजनीति का है। जनगणना केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र का विषय होते हुए भी बिहार, कर्नाटक और तेलंगाना राज्य सरकारों ने जाति सर्वे का दांव चला। इसीलिए जाति जनगणना कराने के मोदी सरकार के फैसले में भी राजनीतिक दबाव की भूमिका मानी जा रही है। अंग्रेजों के शासनकाल में 1881 में पहली बार भारत में जाति जनगणना हुई थी और 1931 तक हर दस साल बाद होती रही। जाति जनगणना कराई तो 1941 में भी गई, पर उसके आंकड़े जारी नहीं किये गये। आजादी के बाद भारत सरकार ने सामाजिक विभाजन बढ़ने की आशंका के मद्देनजर जाति जनगणना न कराने का फैसला किया। हां, जनगणना में एससी-एसटी वर्ग के आंकड़े दर्ज किये जाते रहे। कांग्रेसनीत संप्रग शासनकाल में 2011 की जनगणना में सामाजिक-आर्थिक स्थिति और जाति के आंकड़े तो जुटाये गये, लेकिन जारी नहीं किये गये। जनगणना के इंतजार में चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन भी रुका हुआ है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के



लिए आरक्षण भी परिसीमन के बाद ही लागू होगा। इसलिए जाति जनगणना और उसके आधार पर होने वाला चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन तथा महिलाओं के लिए आरक्षण भारत की चुनावी राजनीति पर दूरगामी असर डालने जा रहा है, जिसका अभी आकलन कर पाना भी बेहद मुश्किल है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए यह आदर्श स्थिति तो हरगिज नहीं है, पर इस सच से मुंह नहीं चुराया जा सकता कि धर्म और जाति महत्वपूर्ण चुनावी कारक बन गये हैं। शायद इसलिए भी, जाति जनगणना के विरोधी समझे जाते रहे राजनीतिक दलों में भी अब उसकी होड़ नजर आती है।

जाति जनगणना की घोषणा के बाद उसकी पहली चुनावी परीक्षा इसी साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में होगी। सबसे पहले जाति सर्वे वाला बिहार ही बताएगा कि यह मोदी सरकार का 'मास्टर स्ट्रोक' साबित होता है या विपक्ष के दबाव में लिया गया फैसला। 1990 में भारतीय राजनीति के मंडल-कमंडल के बीच ध्रुवीकरण के बाद भाजपा की हिंदुत्ववादी राजनीति का जादू सिर चढ़ कर बोला है, लेकिन उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में ओबीसी नेताओं से उसे कड़ी चुनौती मिली है। ये सभी डॉ. राममनोहर लोहिया और चौधरी चरण सिंह की समाजवादी-लोकदली राजनीति से निकले हैं। लोहिया ने ही सबसे पहले नारा दिया था 'संसोपा ने बांधी गांठ, पिछड़े पावें सौ में साठ'। बाद में बसपा संस्थापक कांशीराम ने भी नारा दिया 'जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी'। मंडल आयोग का गठन 1979 में गैर कांग्रेसी यानि जनता पार्टी सरकार ने किया था, तो 52 प्रतिशत ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की उसकी सिफारिशों को लागू करने का फैसला भी 1990 में गैर कांग्रेसी यानि राष्ट्रीय मोर्चा सरकार ने ही किया। वीपी सिंह सरकार द्वारा आनन-फानन में मंडल आयोग की सिफारिशें लागू करते समय कांग्रेस और भाजपा विरोध में थीं, लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से भाजपा का राजनीतिक चरित्र तेजी से बदलता गया। उच्च वर्गों की पार्टी कही जाने वाली भाजपा को पिछले तीन लोकसभा चुनावों, और ज्यादातर विधानसभा चुनावों में भी, अन्य दलों से ज्यादा ओबीसी वोट मिले तो दलित वर्ग में भी उसकी पैठ बढ़ी। भाजपा में इन वर्गों का प्रतिनिधित्व भी बढ़ा है। मंडल-कमंडल ध्रुवीकरण से पहले ये वर्ग कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक थे। कांग्रेस भी समझ गयी है कि पिछड़े और दलित वर्गों का समर्थन वापस पाये बिना सत्ता में वापसी संभव नहीं। जब बिहार में जाति सर्वे कराया गया, तब नीतीश राजद- जदयू-कांग्रेस महागठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री थे, पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का सूत्रधार होने के बावजूद संयोजक तक न बनाये जाने पर खफा होकर वापस भाजपा के पाले में चले गये। इसलिए वहां जाति जनगणना का श्रेय महागठबंधन और राजग, दोनों लेना चाहेंगे। बेशक, बिहार समेत अन्य राज्यों में भी अंतिम फैसला मतदाता ही करेंगे। अगर जनगणना के बीच भी सूत्रों के हवाले से आंकड़े बताकर चुनाव को प्रभावित करने की आशंका है, तो समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि अंतिम आंकड़े, उनके आधार पर परिसीमन तथा उसके बाद महिला आरक्षण तो चुनावी राजनीति की तस्वीर ही बदल सकता है। अभी तक जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या तय होती रही है। इसीलिए दक्षिण भारतीय राज्यों को आशंका है कि जनसंख्या नियंत्रण बेहतर ढंग से लागू करने का अब उन्हें राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है, क्योंकि अधिक जनसंख्या वृद्धि वाले उत्तर भारतीय राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ जाएगी। इसी आशंका से तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन दक्षिण भारतीय राजनीतिक गोलबंदी में भी जुट गये हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

आत्मनिर्भर राष्ट्र
भूपेन्द्र भारतीय



# सुनिश्चित होता दिख रहा विकसित भारत का स्वप्न

पिछले 11 वर्षों में आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में भारत को विकसित होते देखना उत्साहवर्धक है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल प्रशासन और उनके दृढ़ संकल्पों से ही संभव हो पाया है। कहते हैं कि परिवर्तन एक क्रमिक नियम है और अगर हम इस परिवर्तन के पथ पर बढ़ेंगे तो अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी का यह मानना है कि देश के युवा अगर अपनी क्षमताओं और कर्तव्यों का निर्वहन करना आरम्भ करें तो देश एक विकसित राष्ट्र के रूप में तीव्र गति से उभर सकता है। सबसे बड़ी बात यह कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने भारत की 140 करोड़ जनसंख्या में यह विश्वास पैदा करने में सफलता पाई कि समाज को भी देश के प्रति कुछ त्याग करना आवश्यक है तथा देश को आगे बढ़ने के लिए हमें कुछ कड़वे तथा कठोर नियम कानूनों को मानना पड़ेगा। तब कहीं कोई भी सरकार सामाजिक, आर्थिक न्याय पूर्णतः कर सकती है। मोदी सरकार ने डिजिटल पहलों, तकनीकी प्रगति, सामाजिक कल्याण योजनाओं, वित्तीय समावेशन, स्वच्छ ईंधन, स्वच्छ वातावरण, रक्षा क्षमता और सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं के प्रोत्साहन पर महत्व दिया है। प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत जैसी कई योजनाएं सामाजिक असमानताओं को कम करने और गरीबी रेखा से ऊपर उठने के लक्ष्य के साथ आरंभ की गई हैं। मनमोहन सिंह सरकार ने भी 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' और 'सर्व शिक्षा अभियान' जैसी योजनाओं के माध्यम से सामाजिक विकास को बढ़ावा दिया था। इन तथ्यों से निष्कर्ष यही निकलता है कि कुछ पैमानों पर मोदी सरकार तो कुछ पर मनमोहन सरकार बेहतर दिखाई पड़ती हैं। लेकिन फ़िर भी अंतिम वाक्य के रूप में यह कहा जा सकता है कि मोदी सरकार यूपीए की तुलना में अधिक बेहतर नज़र आती है। इसने दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत को धरातल पर वास्तव में उतारा। विकास को राष्ट्र के अंतिम व्यक्ति के लिए सुनिश्चित किया। भ्रष्टाचार पर बड़े स्तर पर अंकुश लगाकर विकसित भारत की नींव रख दी है। विगत दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से देश के युवाओं का आह्वान किया कि करीब एक हजार युवा गैर राजनीतिक परिवारों से राजनीति में आयें और देश की राजनीतिक व्यवस्था में भागीदार बनें। इसलिए पिछले दिनों प्रधान सेवक ने देश को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लिए देश में एक 'विकसित भारत 2047' के माध्यम से योजनाओं एवं उसके क्रियान्वयन के लिए युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की पहल की है। इसका उद्देश्य युवाओं को एक मंच प्रदान करना है जहां युवा अपनी क्षमताओं और कौशल के माध्यम से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकें। विकसित भारत, एक दूरदर्शी अवधारणा का प्रतिनिधित्व करता है जो विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र के व्यापक परिवर्तन की कल्पना करता है। इस दृष्टिकोण में आर्थिक समृद्धि, सामाजिक समावेशिता, तकनीकी उन्नति, पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक समानता-न्याय और वैश्विक नेतृत्व शामिल हैं। 33 करोड़ जनधन बैंक खाते खोल कर सरकारी योजनाओं में होने वाले भ्रष्टाचार को रोकने का काम किया है "लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में" क्या इसमें दलित, वांचित, अनुसूचित जाति जनजाति नहीं है ? प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लगभग 3 करोड़ ग़रीबों को पक्के घर बना कर दे दिए गए हैं। गांवों में बैंक खाते ना होने के कारण नरेगा में कितना भ्रष्टाचार होता था क्या किसी से छुपा है। वास्तव में यही सच्चा सामाजिक व आर्थिक न्याय है जो विकसित भारत की सुदृढ नींव रखता है। नरेन्द्र मोदी सरकार के सामाजिक, आर्थिक न्याय से सुनिश्चित होता विकसित भारत का स्वप्न निरंतर साकार हो रहा है और विश्व के अनेक शक्तिशाली देश इसकी सराहना कर रहे हैं। भारतीय नागरिकों को सामाजिक के साथ आर्थिक न्याय प्रदान करना मोदी सरकार का ऐतिहासिक कार्य है। इस कारण ही देश की जनता ने 2024 में तीसरी बार पुनः मोदी सरकार को ही चुना व विकसित राष्ट्र के लिए देश का नेतृत्व पुनः नरेंद्र मोदी के हाथों में दिया। यह सरकार विकसित भारत 2047 के कार्य में भी जोर-शोर से लग गई है। विकसित भारत का स्वप्न कोरी कल्पना नहीं है, मोदी सरकार के निर्णयों में इस स्वप्न को धरातल पर उतारने के सारे लक्षण दिख रहे हैं। आज भारत रक्षा, अंतरिक्ष, वित्तीय, सामरिक मामलों, राष्ट्र सुरक्षा, दुश्मनों को उनके घर में घुसकर जवाब देना, शिक्षा, स्वरोजगार आदि मामलों में किसी पर निर्भर नहीं है। यही से नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा विकसित भारत के लिए किये जा रहे कार्यों व निर्णयों को आसानी से देखा जा सकता है।

(लेखक अधिवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

# मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित
प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### रिश्तों की लाशों पर खड़ा आधुनिक प्रेम

इंदौर के राजा और सोनम के हनीमून पर हुई हत्या की घटना न केवल व्यक्तिगत त्रासदी है, बल्कि सामाजिक, नैतिक और मानसिक स्तर पर गहरी चिंता पैदा करती है। यह अपराध आधुनिक प्रेम और विवाह संबंधों में फैलते अविश्वास और स्वार्थ की भयावह तस्वीर पेश करता है। साथ ही, मेघालय जैसे पर्यटन स्थलों की छवि भी प्रभावित होती है। ऐसी घटनाएं भावनात्मक शिक्षा, रिश्तों में पारदर्शिता और समाज के नैतिक मूल्यों की पुनर्समीक्षा की मांग करती हैं। भारत के सामाजिक परिदृश्य में प्रेम, विवाह और रिश्तों को पवित्र बंधन माना जाता रहा है, लेकिन जब हनीमून ही हत्या का मंच बन जाए, तो यह सिर्फ एक अपराध नहीं होता, यह पूरे समाज की अंतरात्मा पर चोट करता है। *- संजय यादव, भाटापारा*

## करंट अफेयर


# रूस में नवलनी के सहयोगी को 18 साल जेल की सजा



रूस में असहमति रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई के बीच अदालतों ने एक विपक्षी नेता को उसकी अनुपस्थिति में दोषी ठहराया जबकि एक अन्य नेता को नजरबंद करने का आदेश दिया है। रूस के विपक्षी नेता दिवंगत एलेक्सी नवलनी के करीबी सहयोगी लियोनिद वोल्कोव को बुधवार को आपराधिक आरोपों में दोषी पाए जाने के बाद 18 साल जेल की सजा सुनाई गई। रूसी समाचार एजेंसियों के अनुसार, मॉस्को की एक अदालत ने वोल्कोव को 40 मामलों में दोषी ठहराया, जिनमें आतंकवाद को उचित ठहराना, एक चरमपंथी समूह को संगठित करना और उसकी वित्तीय मदद करना, नाजीवाद का समर्थन और नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाला एक गैर-सरकारी संगठन बनाना शामिल है। वोल्कोव पर 20 लाख रूबल (लगभग 25,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया गया तथा 10 वर्ष के लिए इंटरनेट के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया। नवलनी के क्षेत्रीय कार्यालयों और चुनाव अभियानों के प्रभारी रहे वोल्कोव अधिकारियों के दबाव के कारण कई साल पहले रूस छोड़कर चले गए थे। उन्होंने 2021 से 2023 के बीच नवलनी के भ्रष्टाचार विरोधी फाउंडेशन का नेतृत्व किया।

## ऑफ बीट

# कैंसर के जोखिम का कारण वह नहीं जो आप सोचते हैं



अगर आप लोगों से पूछें कि कैंसर किस वजह से होता है, तो शायद अधिकतर अपने जवाब में धूम्रपान, शराब पीने, सूरज की किरणों और बालों को रंगने वाली डाई जैसी चीजों को गिनाएंगे। लेकिन कैंसर के लिए सबसे प्रमुख जोखिम वाला कारक कुछ और है और वह है उम्र बढ़ना या बुढ़ापा आना (एजिंग)। यह बात सही है, कैंसर से जुड़ा सबसे बड़ा कारक अपरिहार्य है और यह एक ऐसी स्थिति है जिसका हम सभी अनुभव करेंगे। यह क्यों महत्वपूर्ण है? कनाडा और दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ती आबादी वृद्ध लोगों की है। 2068 तक, लगभग 29 प्रतिशत कनाडाई 65 वर्ष से अधिक आयु के होंगे। वृद्ध लोगों में कैंसर सबसे आम बीमारियों और कनाडा में सबसे आम बीमारियों में से एक है, इसका मतलब है कि हमें वृद्ध लोगों के लिए सबसे अच्छी कैंसर देखभाल प्रदान करने के बारे में सोचना होगा। जनसांख्यिकीय बदलाव : तो अब तक हम किस तरह काम कर रहे हैं? जवाब है : बहुत अच्छा नहीं। यह आश्चर्यजनक हो सकता है, लेकिन हमारे पास कैंसर देखभाल में इस जनसांख्यिकीय बदलाव के लिए कुछ नया करने और तैयारी करने का एक शानदार अवसर भी है।

## X ट्रेंड f

### डिजिटल अर्थव्यवस्था



मोदी सरकार ने प्रौद्योगिकी के उपयोग को लोकतांत्रिक बनाया और व्यापार क्षेत्र के लिए इसकी शक्ति का दोहन किया, जिससे भारत पिछले 11 सालों में दुनिया में एक अग्रणी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### हमला दुर्भाग्यपूर्ण



बांग्लादेश में स्थित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के पैतृक आवास पर हुआ हमला अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। यह हमला भारत और बांग्लादेश दोनों देशों के राष्ट्रगान रचने वाले, नोबेल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ जी के विचारों को कुचलने का प्रयास है।
-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा

### इस्तीफा देने की मांग



1950 के दशक में जब रेल पटरी से उतर गई थी, तब लाल बहादुर शास्त्री ने इस्तीफा दे दिया था। उसी नैतिकता के आधार पर मैं प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू से इस्तीफा देने की मांग करता हूं ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच हो सके।
-सुब्रमण्यम स्वामी, पूर्व केंद्रीय मंत्री

### जांच में रखें ध्यान



खालिस्तानी गुरूपतवंत सिंह पन्नू ने एयर इंडिया विमान में विस्फोट की धमकी दी थी, ये वही पन्नू है जिसे अमेरिका ने अपने यहाँ संरक्षण दे रखा है। जांच को इसे ध्यान में रखकर किया जाए।
-आईपी सिंह, पूर्व राज्य मंत्री, उप्र

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# कब हुआ था दुनिया का पहला प्लेन हादसा? ये थी वो पहली उड़ान जो हादसे में बदल गई...



**नई दिल्ली।** आज के समय में हवाई सफर आम हो चुका है। हवाई जहाज के इतिहास में पहली बार हुए हादसे की बात करें तो वह साल 1908 की 17 सितंबर की तारीख थी। जगह थी अमेरिका का वर्जीनिया राज्य, जहां फोर्ट मायर ग्राउंड पर हजारों लोग जमा थे। सबकी नजरें आसमान की ओर थीं, क्योंकि आज इंसान की पहली उड़ान का चमत्कार दोहराया जाना था। मशहूर राइट ब्रदर्स - ऑरविल और विल्बर राइट ने दुनिया का पहला एयरक्राफ्ट बनाया था, जिसे 'राइट फ्लायर' नाम दिया गया था। आज वही फ्लायर एक बार फिर उड़ान भरने जा रहा था, लेकिन इस बार इसे देखने खुद अमेरिकी सेना के अफसर भी पहुंचे थे।



## सेना को दिखाया जा रहा था फ्लाइट डेमो

*अमेरिकी सेना इस फ्लाइंग मशीन में दिलचस्पी ले रही थी, क्योंकि इसका उपयोग फौजी कामों में किया जा सकता था। राइट ब्रदर्स इसे सेना के सामने परखना चाहते थे। उस दिन ऑरविल राइट खुद इस फ्लाइट को उड़ा रहे थे, और उनके साथ यात्री के रूप में थे अमेरिकी सेना के लेफ्टिनेंट थॉमस सेलफ्रिज।*

### आसमान में गूंजा उत्साह, फिर आया सन्नाटा

जैसे ही विमान ने उड़ान भरी, वहां मौजूद लोगों की तालियां गूंज उठीं। कुछ पल के लिए यह इतिहास का सबसे बड़ा चमत्कार लग रहा था। लेकिन, खुशी के ये पल ज्यादा देर टिक नहीं सके। उड़ान के दौरान अचानक फ्लाइट के एक प्रोपेलर में तकनीकी खराबी आ गई। उसकी एक ब्लेड टूटकर नीचे गिर गई और प्लेन का संतुलन बिगड़ गया। कुछ ही सेकंड में आसमान में उड़ता यह विमान तेजी से नीचे गिरा और जमीन से टकरा गया।



### पहली फ्लाइट में पहली मौत

इस हादसे में लेफ्टिनेंट थॉमस सेलफ्रिज की मौके पर ही मौत हो गई। वे विमान हादसे में जान गंवाने वाले पहले इंसान बन गए। वहीं, ऑरविल राइट गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर टूट गए और कई हड्डियां फ्रैक्चर हो गईं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के बाद वे किसी तरह बच पाए।

## रोचक खबरें

### बरमूडा ट्रायंगल का खौफ, कहां गायब हो गए 50 जहाज और 20 विमान?

**न्यूयार्क।** इस आर्टिकल में हम आपको बरमुडा ट्रायंगल के वैज्ञानिक कारणों के बारे में विस्तार से बताएंगे। बरमूडा ट्रायंगल समुद्र का एक बहुत ही रहस्मयी हिस्सा है, जहां पिछले 50 सालों में लगभग 50 पानी के जहाज और 20 विमान यहां से गायब हो चुके हैं। बरमूडा ट्रायंगल अटलांटिक महासागर का बहुत ही रहस्यमयी क्षेत्र है। यह क्षेत्र अमेरिका के फ्लोरिडा से लेकर प्यूर्टो रिको और ऊपर बरमूडा देश के बीच त्रिकोण क्षेत्र बनाता है। बरमूडा ट्रायंगल की कहानी कई 100 साल पुरानी है। इतिहास में सबसे पहला इसका जिक्र 1498 में देखने को मिलता है जब कोलंबस ने अपनी किताब में इसका जिक्र किया था। उन्होंने बताया कि इस रास्ते से गुजरने के दौरान बरमूडा ट्रायंगल के पास कुछ अजीबोगरीब घटनाएं देखी थी जैसे जहाज का असंतुलित होना, मैग्नेटिक कंपास की दिशा का बदलना जैसी चीजें घटित हुई थी। इसरी वजह से यहां का नाम सुनते ही कुछ लोग डर जाते हैं और कुछ लोग उतावले हो जाते हैं। इसे लेकर बहुत सारी कहानियां घूमती रहती हैं और कई सारे दावे भी किए जाते हैं। वहीं, कुछ लोग मानते हैं कि कोई अलौकिक शक्ति है, जो जहाजों और विमानों को गायब कर देती है। बहुत सारे लोग ऐसे भी हैं जो इसे समुद्री तूफान, गैस विस्फोट और इंसानों की गलती जैसे वैज्ञानिक कारण भी मानते हैं। इसे लेकर विज्ञान जगत के लोगों के बीच कई सारी धारणाएं हैं। इन्हीं में से एक तर्क यह दिया जाता है कि इसके नीचे ज्वालामुखी का विस्फोट होता है तो उसमें से कई तरह की गैसें निकलती हैं, जिसमें से ज्यादातर मीथेन गैस निकलता है।



### रेस्त्रां गई खूबूसरत लड़की, ऑर्डर की ऐसी चीज, घूर-घूरकर देखने लगा वेटर!

**टोक्यो।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक जापानी लड़की का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने फूड ब्लॉगिंग के नाम पर कुछ ऐसा कर दिखाया कि लोग हैरान रह गए। जापान के एक रेस्तरां में इस लड़की ने न चिकन, न मटन, बल्कि फ्राइड छिपकली का पकौड़ा खाया। वीडियो में वह जिस तरह स्वाद लेते हुए इस अजीबोगरीब व्यंजन को खा रही है, उसे देखकर नेटिजन्स को घिन और उबकाई आ रही है। यह वीडियो जापान के योकोहामा में स्थित नोगे चिंजुया नामक रेस्तरां का है, जो अपने असामान्य और विवादास्पद मेन्यू के लिए जाना जाता है। इस रेस्तरां में छिपकली, सलामैंडर, मगरमच्छ के पैर और कीड़ों जैसे व्यंजन परोसे जाते हैं। वायरल वीडियो में एक जापानी फूड ब्लॉगर लड़की को फ्राइड छिपकली का पकौड़ा खाते हुए दिखाया गया। वह छिपकली को कुरकुरा बताते हुए बड़े चाव से खा रही है, लेकिन लोगों को इसे देख घिन्न आ गई। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को लाखों लोग देख चुके हैं और इस पर कई कमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, "यह देखकर मेरा पेट गड़बड़ा गया। कौन ऐसा खाना खा सकता है? वहीं, एक अन्य यूजर ने टिप्पणी की, जापान के लोग वाकई हिम्मतवाले हैं, लेकिन यह मेरे बस की बात नहीं! कुछ लोगों ने इसे सांस्कृतिक विविधता का हिस्सा बताया, तो कुछ ने फूड ब्लॉगिंग की इस अति को गलत ठहराया।



### यहां सड़कों पर बिकती है चड्डी-ब्रा पकौड़ी! चाव से खाते हैं लोग

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने लोगों को हैरान कर दिया है। इस वीडियो में एक दुकान पर 'चड्डी-ब्रा पकौड़ी' बिकते हुए दिखाई दे रही है यह अजीबोगरीब व्यंजन, जो देखने में चड्डी और ब्रा की शक्ल में बनाया गया है, लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। दुकान पर इस अनोखी पकौड़ी को खरीदने के लिए भीड़ लगी रहती है। खास तौर पर महिलाएं इसके स्वाद की दीवानी हो रही हैं। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में एक सड़क किनारे की दुकान दिखाई दे रही है, जहां एक शख्स कड़ाही में तेल गर्म करके चड्डी और ब्रा की शक्ल वाली पकौड़ियां तल रहा है। ये पकौड़ियां आटे या बेसन के मिश्रण से बनाई गई है और इनका आकार इतना सटीक है कि वे वाकई चड्डी और ब्रा जैसे दिखते हैं। दुकानदार इन्हें कड़ाही से निकालकर कागज पर रखता है और ग्राहकों को परोसता है। वीडियो में कई लोग, खासकर महिलाएं, इन पकौड़ियों को खरीदते और चाव से खाते दिख रहे हैं। दुकान के आसपास भीड़ जमा है और लोग इस अनोखे व्यंजन को देखकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। वीडियो की लोकेशन स्पष्ट नहीं है, लेकिन कुछ यूजर्स का दावा है कि यह दुकान विदेश की है।




# दुनिया की सबसे गर्म जगह, जहां पर छिपे हैं कई रहस्य, खौलता रहता है झीलों का पानी

**अदीस अबाबा।** दुनिया की सबसे गर्म जगह के बारे में जानकर आप हैरान हो जाएंगे। इस जगह का नाम है, डानाकिल डिप्रेशन, जो उत्तरी अफ्रीकी देश इथियोपिया में है। इसका एक हिस्सा पड़ोसी देश इरीट्रिया से भी मिलता है। 'डानाकिल डिप्रेशन' दुनिया की सबसे गर्म, सबसे सूखी, और धरती पर सबसे नीची जगह है। इथियोपिया के अफार इलाके में यह जगह स्थित है। यहां का मौसम बेहद खतरनाक है। फिर भी आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे कि बेहद खराब माहौल होने के बावजूद यहां बहुत से लोग रहते हैं। इथियोपिया के अफार समुदाय के लोग बेरहम मौसम वाले ठिकाने को अपना घर मानते हैं।

डानाकिल डिप्रेशन को दुनिया की सबसे गर्म जगह इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यहां साल भर औसत तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहता है। धरती पर जो और गर्म जगहें हैं, वहां औसतन इतना तापमान नहीं रहता। कभी-कभी बहुत ज्यादा गर्मी पड़ती है। मगर 'डानाकिल डिप्रेशन' में औसत तापमान ही 35 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है। इसके सिवा यहां बारिश भी बेहद कम होती है। साल भर में सिर्फ 100 से 200 मिलीमीटर बारिश यहां होती है। इसके अलावा एक खास बात और भी है कि 'डानाकिल डिप्रेशन' समुद्र तल से करीब सवा सौ मीटर नीचे है। यहां के यह हालात इसे रहने के लिए धरती पर सबसे बदतर ठिकाना बना देते हैं।



### बड़े इलाके में फैला हुआ है पिघलता लावा

'डानाकिल डिप्रेशन' में सिर्फ धरती के ऊपर का माहौल नहीं खराब है। यहां धरती के अंदर भी हलचल मची हुई है। यह वो जगह है जहां पर तीन टेक्टॉनिक प्लेट्स मिलती हैं। यह वो प्लेट हैं, जिन पर हमारे महाद्वीप और महासागर हैं। 'डानाकिल डिप्रेशन' में जो तीन टेक्टॉनिक प्लेटें हैं वो सालाना एक से दो सेंटीमीटर की दर से एक दूसरे से दूर हो रही हैं। धरती के भीतर मची-इस उथल-पुथल का नतीजा यह है कि धरती के भीतर की आग अक्सर यहां बाहर निकल आती है।

### मौसम है बेहद गर्म और रूखा

जब 'डानाकिल डिप्रेशन' पहुंचेंगे तो आपको लगेगा कि आप धरती पर नहीं, किसी और ग्रह पर पहुंच गए हैं। यहां का मौसम बेहद गर्म और रूखा है। यहां वहां गड्ढों में पिघलता लावा दिखेगा। आस-पास के इलाकों में लावे के ठंडे होने से बनी चट्टानें और पहाड़ियां दिखेंगी। चूंकि यहां अंदर धरती में आग लगी हुई है, इसलिए 'डानाकिल डिप्रेशन' में गर्म पानी के कई सोते हैं, झरने हैं। पानी बाहर आते ही भयंकर गर्मी में सूख जाता है। इसलिए इस इलाके में नमक की कई खदानें भी हैं।

### इंसान के विकास का पहला ठिकाना!

जिस रफ्तार से 'डानाकिल डिप्रेशन' के नीचे धरती खिसक रही है, उससे लाखों साल बाद यहां गहरा गड्ढा हो जाएगा। यहां पर लाल सागर का पानी भर जाएगा। इसलिए 'डानाकिल डिप्रेशन' लाखों साल बाद एक नए समंदर की शुरुआत का ठिकाना होगा। समंदर की शुरुआत तो लाखों साल बाद होगी, लेकिन लाखों साल पहले इसी जगह से इंसान का विकास शुरू हुआ था। 1974 में वैज्ञानिक डोनाल्ड जॉनसन और उनकी टीम ने यहीं पर लूसी नाम का कंकाल खोज निकाला था।


### बेहद कीमती चीज है नमक

*यहां के लोगों के लिए नमक बेहद कीमती चीज है। वो नमक की चट्टानें काट-काटकर उसे ले जाकर बेचते हैं। मेकेले शहर सबसे पास का बाजार है। ऊंटों और गधों की मदद से नमक को इस शहर के बाजार तक पहुंचाया जाता है। इस दूरी को अफार लोग करीब हफ्ते भर में तय करते हैं। इस दौरान उनके पास गिनी चुनी रोटियां और पानी होता है। अफार समुदाय के लोग घुमंतू होते हैं। वो बुनियादी किस्म की जिंदगी बसर करते हैं। यहां बहने वाली छोटी सी अवाश नदी यहां के लोगों की लाइफलाइन है। इसके पानी पर ही स्थानीय लोग और उनके पालतू जानवर बसर करते हैं।*

### दुनिया की अजब-गजब नदी है अवाश

*अवाश नदी भी दुनिया की अजब-गजब नदी है। ये कभी भी समंदर तक का सफर नहीं करती। 'डानाकिल डिप्रेशन' से गुजरते वक्त यहां की भयंकर गर्मी की वजह से अवाश नदी सूख जाती है। फिर इसकी तलहटी में नमक जम जाता है। 'डानाकिल डिप्रेशन' खुद में खराब जगह है। मगर अवाश नदी यहां के सूखे, बंजर इलाके में जीवनधारा की तरह बहती है। इसका पानी पीने के काम आता है। फिर नदी में जमा नमक, यहां के लोगों की रोजी का जरिया बन जाता है। 'डानाकिल डिप्रेशन' को देखकर लगता है कि हम चांद पर आ गए हैं।*

## बिल्लियों की कीमत जानकर उड़ जाएंगे होश!



**हनोई।** भारत में दहेज की पुरानी परंपरा को अब गैरकानूनी बना दिया गया है। पर क्या आप जानते हैं कि कुछ विदेशी देशों में भी दहेज की परंपरा है। वियतनाम में दुल्हन को उसके माता-पिता की ओर से ऐसा दहेज मिला, जिसके बारे में जानकर हर कोई हैरान है। वियतनाम से एक बेहद अनोखी और चर्चा में रही शादी की खबर सामने आई है, जिसमें एक 22 वर्षीय दुल्हन को उसके माता-पिता की ओर से ऐसा दहेज मिला है, जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया। इस दहेज में 100 सिवेट बिल्लियां शामिल थीं, जिनकी कीमत लगभग 70,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 58 लाख रुपए) बताई जा रही है। यही नहीं, इस असाधारण दहेज में 25 सोने की ईंटें, 20,000 डॉलर नकद, 3 लाख वियतनामी डोंग के शेयर और कई महंगी प्रॉपर्टीज भी शामिल थीं। सिवेट बिल्ली एक खास प्रकार का जानवर है जो दक्षिण एशिया और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में पाया जाता है। यह जानवर इसलिए खास माना जाता है, क्योंकि इसकी मदद से दुनिया की सबसे महंगी कॉफी 'कोपी लुवाक' बनाई जाती है। इस प्रक्रिया में सिवेट बिल्ली पकी हुई कॉफी चेरी खाती है और उसके मल से निकले बीजों को साफ करके कॉफी तैयार की जाती है।

### पुरी में रथयात्रा से पूर्व मनाया गया स्नान यात्रा उत्सव

# भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का 108 कलशों से कराया पवित्र स्नान

**पुरी।** स्थित विश्व प्रसिद्ध श्रीजगन्नाथ मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की 'स्नान यात्रा' का आयोजन किया गया। यह पावन स्नान महोत्सव ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर हर साल मनाया जाता है, जिसमें भगवान को 108 कलशों से जलाभिषेक कर विशेष अनुष्ठान किया गया। महाप्रभु को 56 भोग लगाए गए। गौरतलब है कि इसी स्नान यात्रा के बाद भगवान जगन्नाथ 15 दिनों के लिए बीमार पड़ जाते हैं। ऐसे में भक्तों को इतने दिन उनके दर्शन नहीं होते हैं। पुरी में इस आयोजन के लिए देशभर से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और उन्होंने स्नान यात्रा का पावन दृश्य देखा। यह पर्व न केवल आध्यात्मिक महत्व रखता है, बल्कि सांस्कृतिक एकता और परंपरा का प्रतीक भी है। 27 जून 2025 को शुरू होने वाली है क्योंकि आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 26 जून को दोपहर 1:25 बजे शुरू होगी और 27 जून को सुबह 11:19 बजे समाप्त होगी।

### स्वर्ण कुएं के जल से पवित्र स्नान

स्नान यात्रा में सबसे पहले भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को गर्भगृह से बाहर लाकर 'स्नान मंडप' पर विराजमान कराया गया। इसके बाद परंपरा के अनुसार परिसर के अंदर स्वर्ण कुएं से निकाले गए 108 घड़ों के पवित्र जल से स्नान कराया गया। स्नान यात्रा के दौरान होने वाले भव्य सार्वजनिक अनुष्ठान में तीनों देवताओं को एक साथ देखने का दुर्लभ मौका मिलता है।



**महाप्रभु का गजानन वेश एवं 56 भोग :** दोकड़ा में स्नान के उपरांत भगवान जगन्नाथ को पारंपरिक वेश में सजाया गया। इस विशेष रूप में महाप्रभु के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने इसे अत्यंत शुभ और दिव्य अवसर माना तथा भगवान के इस स्वरूप को श्रद्धा से निहारा। साथ ही महाप्रभु को 56 भोग लगाया गया।

### बीमार हुए प्रभु, दर्शन बंद, दी जाएंगी औषधियां

सेवायत सरत महंती ने बताया कि स्नान यात्रा के बाद भगवान को बीमार होने का प्रतीक मानते हुए 'अनासर' अवधि में आम श्रद्धालुओं के दर्शन बंद हो जाते हैं। इस दौरान भगवान को 'दशमूल औषधियों' से तैयार खास भोग और औषधियां दी जाती हैं, ताकि रथयात्रा के दिन पुनः स्वस्थ होकर भक्तों को दर्शन दें।

## अहमदाबाद विमान हादसा: क्या हो सकती है वजह

**अहमदाबाद।** एविएशन एक्सपर्ट डॉक्टर वंदना सिंह ने पहला कारण बताया कि टेकऑफ के जस्ट बाद प्लेन क्रेश होने का एक अहम कारण लोड फैक्टर हो सकता है। दरअसल, लोक फैक्टर का मिस कैल्क्युलेशन कई बार क्रेश होने का कारण बन जाता है। बता दें कि लोड फैक्टर किसी भी विमान में रखे गए वजन का सही अनुपात होता है, जो विमान की संरचना के आधार पर तय किया जाता है। ये फ्लाइट में आगे पीछे यात्रियों को बैठाकर बराकर फिक्स किया जाता है, ताकि प्रेशर कंट्रोल किया जा सके।

**दूसरा कारण**

वंदना सिंह ने बताया कि इसका दूसरा कारण ये हो सकता है कि उसका लैंडिंग गियर अच्छे से बंद नहीं हुआ होगा। बता दें कि लैंडिंग गियर किसी भी फ्लाइट का वो हिस्सा होता है, जो उड़ान भरने और उतरने के दौरान रनवे के संपर्क में आने पर पूरा वेट संभालने और काइनेटिक एनर्जी (गतिज ऊर्जा) को अवशोषित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये वो ही हिस्सा होता है, जिससे प्लेन के पहिए बाहर आते हैं और उससे रनवे पर प्लेन चलता है।

# छत्तीसगढ़ के बाघों के गले में उधार का रेडियो कॉलर मध्यप्रदेश और देहरादून से मांगा, अब खरीदेंगे छह



- जंगल में मॉनिटरिंग के लिए लगाए जाएंगे
- बाघ का रेस्क्यू करने में विभाग को होगी सुविधा

■ जरूरत पड़ने पर तेंदुआ के लिए भी रेडियो कॉलर नहीं, टेंडर के बाद प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अलग खबर

राज्य के बड़े भूभाग में जंगल है और यहां वन्यप्राणियों के सरंक्षण और संवर्धन के लिए करोड़ों खर्च भी किया जाता है, लेकिन यह जानकर ताज्जुब होता है कि विभाग के पास रेस्क्यू बाघों को जंगल में छोड़े जाने के पूर्व मॉनिटरिंग के लिए रेडियो कॉलर तक उपलब्ध नहीं है। पूरे देश में छत्तीसगढ़ ही एक ऐसा राज्य है, जहां किसी वनक्षेत्र में बाघ रेस्क्यू किए जाने पर अपने पड़ोसी राज्य या किसी दूसरे राज्य से रेडियो कॉलर उधारी में मांगना पड़ता है। जंगल सफारी प्रबंधन ने छह माह पूर्व रेडियो कॉलर के लिए टेंडर जारी किया था, लेकिन अब तक रेडियो कॉलर खरीदी करने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है।

बाघ शेड्यूल-1 प्रजाति के वन्यजीव है। बाघ को रेस्क्यू करने के बाद जंगल में छोड़े जाने और रिहायशी क्षेत्र में उसके विचरण करने की स्थिति में नियम के मुताबिक रेडियो कॉलर लगाना जरूरी होता है। इससे बाघ की सुरक्षा के साथ उसकी नियमित मॉनिटरिंग होती है। बाघ जैसे संवेदनशील मामले में वन विभाग के अफसरों द्वारा रेडियो कॉलर नहीं खरीद पाना गंभीर लापरवाही है।

राज्य के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के साथ धमतरी, कांकेर सहित कई ऐसे वनक्षेत्र हैं जहां तेंदुआ शिकार की तलाश में रिहायशी क्षेत्र में प्रवेश कर जाता है। इनमें से कई तेंदुआ को मौके पर ही रेस्क्यू कर दूसरी जगह जंगल में ले जाकर छोड़ दिया जाता है। कई तेंदुआ ऐसे होते हैं, जो वापस अपने पुरानी जगह लौट कर वापस आ जाते हैं। ऐसी स्थिति में जरूरत पड़ने पर ऐसे तेंदुए को रेडियो कॉलर लगाकर उसकी मॉनिटरिंग करने की जरूरत पड़ती है। वर्तमान में जितने भी तेंदुआ अब तक रेस्क्यू किए गए हैं, उनमें से किसी भी तेंदुआ को रेडियो कॉलर नहीं लगाया गया है।

### जल्द ही की जाएगी खरीदी

बाघ के लिए रेडियो कॉलर लगाने टेंडर जारी किया गया है, अभी प्रक्रिया कहां अटकी हुई है, इसकी जानकारी जुटाकर जल्द ही रेडियो कॉलर की खरीदी की जाएगी। बाघों के लिए छह से सात रेडियो कॉलर खरीदे जाएंगे। पूर्व में जहां से रेडियो कॉलर लाकर लगाया गया था, उन्हें वापस किया जाएगा।

- **प्रेम कुमार,** पीसीसीएफ वन्यजीव प्रबंधन योजना एवं इको टूरिज्म

### उधारी में लेकर काम चला रहे

पिछले वर्ष मनेंद्रगढ़ से एक घायल बाघिन का जंगल सफारी में उपचार कराने के बाद अचानकमार टाइगर रिजर्व में रिलिज किया गया। बाघिन के लिए एटीआर ने उधारी में रेडियो कॉलर लिया था। बताया जा रहा है यह रेडियो कॉलर एटीआर प्रबंधन ने डब्लूआईआई, देहरादून की मदद से हासिल किया था। इसी तरह से कोरिया में विचरण कर रहे बाघिन को मध्यप्रदेश से उधारी में रेडियो कॉलर लाकर लगाया गया था। इसी तरह से बारनवापारा से रेस्क्यू बाघ को भी उधारी में रेडियो कॉलर लगाकर छोड़ा गया है।

**खबर संक्षेप**

## 'स्मार्ट एमपीसीजेड मोबाइल एप' हुआ लांच

**भोपाल।** स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने 'स्मार्ट एमपीसीजेड मोबाइल एप' लांच किया है। यह एप कंपनी के पोर्टल पर उपलब्ध क्यूआर कोड और गूगल प्ले स्टोर से दिए गए लिंक को ओपन करके भी डाउनलोड किया जा सकता है। कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा है कि इससे बिजली खपत प्रोफाइल और अकाउंट की जानकारी देखने की सुविधा रहेगी। साथ ही उपभोग पैटर्न की जानकारी भी मिलती रहेगी। इससे बिजली कटौती की सूचनाएं प्राप्त होती रहेंगी, वहीं उपभोक्ता को अपने मीटर की स्थिति की जांच करने में भी आसानी होगी।

## सेवानिवृत्ति के बाद वक्त पर मिलेगा बेनीफिट

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सरकारी कॉलेजों के प्रोफेसर्स, अस्टिंट प्रोफेसर्स, लाइब्रेरियन आदि को रिटायरमेंट बेनीफिट समय पर देने के निर्देश जारी किए हैं। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि इस मामले में अब तक कई शिकायतें और अभ्यावेदन प्राप्त हो रहे हैं, जिनमें यह उल्लेखित किया गया है कि शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के बाद उनके सेवानिवृत्ति स्वत्तवों (बेनीफिट्स) समय पर नहीं मिल रहे हैं। इनमें सामान्य भविष्य निधि, समूह बीमा योजना, अवकाश नकदीकरण, ग्रेजुइटी आदि का भुगतान शामिल है। इसके अलावा पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) भी समय पर जारी नहीं किया जा रहा है। इसका कारण सेवा पुस्तिका को पूरा करने और इसे संबंधित कार्यालयों में भेजने में देरी होना बताया गया है। विशेष रूप से, जुलाई 2020 अथवा जनवरी 2021 की वार्षिक वेतनवृद्धि को जोड़ते हुए एरियर सहित सेवानिवृत्ति लाभ दिए जाने की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। इस लिए निर्देशित किया गया है कि प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य महाविद्यालय में सेवानिवृत्त हुए ऐसे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के बाद बेनीफट का नियमानुसार भुगतान करें।

## जबलपुर में किया जाएगा भव्य कार्यक्रम, डॉ. यादव जनता को देंगे सौगातें

# मुख्यमंत्री आज लाड़ली बहना, उज्जवला योजना समेत श्रमिक परिवारों के खातों में संबल योजना की राशि करेंगे अंतरित

### अनुग्रह सहायता के 6821 प्रकरणों में 150 करोड़ रुपए का होगा अंतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 13 जून को जबलपुर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में सवा करोड़ लाड़ली बहनों को इस महीने की योजना की सौगात देंगे।



मुख्यमंत्री रसोई गैस की उज्जवला योजना की राशि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि समेत संबल योजना अंतर्गत, अनुग्रह सहायता के 6821 प्रकरणों में 150 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। जबलपुर के बरगी में होने वाले इस कार्यक्रम में श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, कई मंत्री, सांसद, विधायक एवं प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

### मप्र की यह योजना देश के सभी राज्यों के लिए अनुकरणीय

संबल योजना प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें श्रमिक को जन्म से लेकर मृत्यु तक आर्थिक सहायता दी जा रही है। वास्तविक अर्थों में यह श्रमिकों का संबल है, जिसे लागू करने का श्रेय प्रदेश की सरकार को है। मप्र की यह योजना देश के सभी राज्यों के लिए अनुकरणीय है। प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश के लाखों निर्माण श्रमिकों के लिए भी निर्माण मंडल के माध्यम से कई योजनाएं संचालित की जाती हैं, इनमें निर्माण श्रमिकों की मृत्यु होने पर अनुग्रह सहायता तथा स्थायी एवं आंशिक अपंगता पर सहायता भी सम्मिलित है। सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामय योजना के तहत पात्र श्रेणी में चिन्हित किया गया है, उन्हें 5 लाख रुपए वार्षिक निःशुल्क चिकित्सा का लाभ मिल रहा हैं।

### प्रसूति सहायता के लिए 16 हजार रुपए

संबल योजना में जहां एक ओर महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के लिए 16 हजार रुपए दिए जाते हैं, तो वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा के लिए सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार की ओर से वहन किया जाता है। भारत सरकार के नीति आयोग की पहल पर प्रदेश के गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना में सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन शुरू किया गया है। इन्हें भी संबल योजना के तहत समस्त लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। संबल हितग्राहियों को खाद्यान्न पात्रता पर्ची भी प्राप्त होती है, जिससे वे केन्द्र तथा राज्य सरकार की ओर से रियायती दरों पर राशन प्राप्त कर रहे हैं।

### *लाड़ली बहना योजना ने हितग्राही महिलाओं का सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण बदला*

*मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने हितग्राही महिलाओं का सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण बदला है। समय पर खातों में पैसे आने से सभी प्रकार की आर्थिक गतिविधियों का प्रबंधन करना लाड़ली बहनों के लिए आसान हो गया है। इस योजना में 1.29 करोड़ हितग्राही बहनों को 16 वीं किश्त के रूप में करीब 1572.75 करोड़ रुपए खातों में भेजे जाएंगे। मप्र में संबल योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। योजना के तहत शुरू से अब तक 1 करोड़ 76 लाख श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। पंजीयन प्रक्रिया निरंतर जारी है। योजना में अनुग्रह सहायता के तहत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपए एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रुपए प्रदान किए जाते हैं। स्थाई अपंगता पर 2 लाख रुपए एवं आंशिक स्थाई अपंगता पर 1 लाख रुपए तथा अंत्योष्टि सहायता के लिए 5 हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं।*

### लक्ष्मण सिंह को कांग्रेस से निष्कासित करने पर भारतीय जनता पार्टी ने घेरा

# नेहरू-गांधी परिवार का यथार्थ बोलने वाले कांग्रेस में बर्दाश्त नहीं: भाजपा

### लक्ष्मण सिंह के खिलाफ कार्रवाई अलोकतांत्रिक होने के साथ दुर्भाग्यपूर्ण: सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस नेता लक्ष्मण सिंह को कांग्रेस पार्टी से छह वर्ष के लिए निष्कासित किए जाने पर मप्र शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने कांग्रेस को घेरा है। मंत्री सारंग ने कहा कि लक्ष्मण सिंह जैसे वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई से स्पष्ट हो गया है कि नेहरू परिवार कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को बंधुआ मजदूर बनाकर रखना चाहता है। लक्ष्मण सिंह हमेशा यथार्थ की बातें करते हैं, इसलिए वे नेहरू-गांधी परिवार को बर्दाश्त नहीं हैं। लक्ष्मण सिंह पर कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि नेहरू-गांधी परिवार को सत्य बताने वाला, पार्टी के अंदर यथार्थ बोलने वाला कांग्रेस पार्टी में नहीं रह सकता।



जिस प्रकार से लक्ष्मण सिंह के खिलाफ कांग्रेस ने कार्रवाई की है वह पूरी तरह से अलोकतांत्रिक होने के साथ दुर्भाग्यपूर्ण भी है। सारंग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नेहरू-गांधी परिवार के चंगुल में ऐसी फंसी है कि उसे सच सुनने की आदत नही है। लक्ष्मण सिंह ने जो कहा वह यथार्थ है। यदि कांग्रेस में लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवाद स्थापित करने की मानसिकता हो तो उन्हें लक्ष्मण सिंह के बयान पर गौर करना चाहिए, न कि कार्रवाई। सारंग ने कहा कि लक्ष्मण सिंह ने तो ठीक ही कहा था कि कांग्रेस के हालात ठीक नहीं है। कांग्रेस पार्टी जनता की नब्ज नहीं पकड़ पा रही है। आप सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक पर यदि प्रश्न चिन्ह लगाते हो तो यह देशद्रोह है। राहुल गांधी जैसे नौसिखिए जिन्हें राजनीति की एबीसीसी नहीं आती, वह यदि लक्ष्मण सिंह जैसे अनुभवी राजनेता के खिलाफ कार्रवाई करेंगे तो फिर कांग्रेस का क्या होगा यह सबको पता है।

**लक्ष्मण सिंह ने जो कहा वह यथार्थ है: विश्वास**

### कांग्रेस अब उस राह पर है, जहां राष्ट्रवाद अयोग्य आचरण माना जाता है: अग्रवाल



लक्ष्मण सिंह को कांग्रेस पार्टी से निष्कासित करने के मामले में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस की पार्टी लाइन उर्फ परिवार लाइन जो देश लाइन के विरुद्ध है। जो देश के साथ खड़ा हो, वो कांग्रेस में खड़ा नही रह सकता। जो राहुल गांधी और जीतू पटवारी की नेतृत्वहीनता को उजागर करे, दंड का पात्र बनता है, क्योंकि कांग्रेस में नेतृत्व पर सवाल उठाना, विचारधारा पर प्रश्न करना सबसे बड़ा अपराध बन चुका है। कांग्रेस अब उस राह पर है जहां राष्ट्रवाद आयोग्य आचरण माना जाता है। टुकड़े-टुकड़े गैंग से सहानुभूति, लेकिन राष्ट्रवादियों पर कड़ी कार्रवाई। जिन्हें निष्कासित करना चाहिए था, वे आज कांग्रेस के विचार मंच पर विराजमान हैं। लक्ष्मण सिंह को निकालकर राहुल गांधी ने साबित कर दिया, कि वे सृजन करने नही विध्वंस करने आए थे। यह बात फिर साबित हो गई है कि जीतू पटवारी के नेतृत्व में दिग्विजय सिंह, कमलनाथ और अन्य गुटों को निपटाने की मुहिम चल रही है।

### *कांग्रेस को रेस के घोड़े नहीं, बल्कि सर्कस के घोड़े चाहिए : नेहा*

*कांग्रेस के वरिष्ठ, अनुभवी एवं संगठन के लिए समर्पित नेता लक्ष्मण सिंह को कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व द्वारा 6 वर्ष के लिए निष्कासित करना स्पष्ट बताता है कि जो भी पार्टी की गतिविधियों या वरिष्ठ नेतृत्व को सही दिशा में चलने का आईना दिखाएगा, उसे पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा। भाजपा नेत्री नेहा बग्गा ने कहा कि कांग्रेस में आज के समय में पार्टी के लिए निरंतर संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं का कोई स्थान नहीं है। जो गांधी परिवार की शरण वंदना और चाटुकारिता करेगा बस उसे स्थान मिलेगा। आज मूल प्रश्न तो यह उठता है की पीसीसी अध्यक्ष जिन्होंने पार्टी को तेल लेने भेजा हो या फिर दिग्विजय*



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने उज्जैन में मोदी सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर किया प्रदर्शनी का उद्घाटन



## विकास विरासत की अवधारणा को लेकर कार्य कर रहे प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मोदी सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को उज्जैन के भाजपा कार्यालय में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है। मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश के करोड़ों लोगों का जीवन बदलने का कार्य किया है। बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने सीमा सुरक्षित की, अर्थव्यवस्था मजबूत की और टेक्नालॉजी को जन-जन तक पहुंचाया। प्रधानमंत्री मोदी ने विकास भी और विरासत भी के सूत्र का पालन किया है।

### *भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किए भगवान महाकाल के दर्शन*



*शर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश के भाजपा कार्यालयों पर जो प्रदर्शनी लगाई जा रही है वह प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों के 11 वर्ष का लेखा-जोखा है, जिसे कार्यकर्ताओं को जनता तक पहुंचाना है। वहीं शर्मा ने बुधवार को उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।*

### बड़ी संख्या में नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता

## प्रदेश में जनाधार बढ़ाने में जुटा अपना दल (एस)

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

मध्य प्रदेश की राजनीतिक सरगर्मी के बीच एनडीए का सबसे पुराना घटक अपना दल (एस) तेजी से अपनी पकड़ मजबूत करता नजर आ रहा है। बीते दिनों पार्टी के वरिष्ठ राजनीतिक रणनीतिकार ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के मार्गदर्शन में प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव आर बी सिंह पटेल और राष्ट्रीय महासचिव (युवा मंच) डॉ. अखिलेश पटेल के साथ मिलकर प्रदेशभर के विभिन्न जिलों में पार्टी संगठन को सशक्त करने के उद्देश्य से कार्यकर्ता सम्मेलनों और सदस्यता अभियानों की श्रृंखला चलाई, जिसमें बड़ी संख्या नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। इंदौर, भोपाल, सागर, छतरपुर, खजुराहो, पन्ना, सतना, देवास, धार व उज्जैन जैसे महत्वपूर्ण जिलों में आयोजित इन कार्यक्रमों में स्पष्ट किया कि अपना दल (एस) का लक्ष्य सिर्फ उपस्थिति दर्ज कराना नहीं, बल्कि सत्ता में सहभागिता सुनिश्चित करना है।

### प्रभारी मंत्री की अनुसंशा के बाद किए बदलाव

## सालों से जमे 30 पंचायत सचिवों को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले की 222 ग्राम पंचायतों में लंबे समय से तैनात पंचायत सचिवों में से 30 सचिवों का तबादला किया गया हैं। इनमें से कई ऐसे हैं, जो सालों से एक ही ग्राम पंचायत में जमे थे। वहीं, कुछ के घर और ससुराल उन्हीं की ग्राम पंचायत क्षेत्र में थे। सीईओ ईला तिवारी ने बुधवार को तबादला आदेश जारी किए हैं।

जिले की अन्य पंचायतों में भी कई पंचायत सचिवों को बदला जाना है, उनकी अलग से लिस्ट तैयार की जा रही है। सत्रह जून से पहले इन्हें भी जिले में एक पंचायत से दूसरी पंचायत में किया जाएगा। भोपाल में 222 ग्राम पंचायतें हैं। वहीं, दो जनपद बैरसिया और फंदा है। आदेश के बाद जिन ग्राम पंचायत सचिवों को एक पंचायत से दूसरी पंचायत में भेजा गया है, उन्हें 14 दिन के अंदर काम संभालना होगा।

### सचिवों के तबादले को लेकर दूसरी लिस्ट भी तैयार हो रही

ट्रांसफर वाली ग्राम पंचायत में यदि किसी ग्राम के सचिव के नातेदार पंचायत का पदाधिकारी चुन लिया गया हो या पूर्व से हो तो ऐसी पंचायत में किया गया ट्रांसफर स्वतः ही निरस्त माना जाएगा। किसी भी पंचायत सचिव का उसकी पैतृक या ससुराल की ग्राम पंचायत में किया गया तबादला भी निरस्त माना जाएगा। जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी का कहना है कि पंचायत सचिवों की ग्राम पंचायतों में बदलाव को लेकर दूसरी लिस्ट भी तैयार की जा रही है।

### ट्रांसफर करने 16 जून तक का दिया गया समय

## चार साल से ज्यादा एक ही थाने में रहने वाले कर्मचारी और अधिकारी का होगा तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस मुख्यालय ने मध्यप्रदेश के पुलिस अफसरों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे पुलिसकर्मी और अधिकारी जिन्हें एक ही थाने में चार साल या उससे अधिक समय हो गया है, उनका तत्काल तबादला करें।

तबादला करने 16 जून तक का समय दिया गया है। आदेश भोपाल और इंदौर के पुलिस कमिश्नर, जबलपुर और भोपाल के रेल पुलिस अधीक्षक और प्रदेश के सभी जिलों के अफसरों को दिया गया है।

साथ ही तबादले की जानकारी पुलिस मुख्यालय को भेजने आदेश दिया है। उक्त निर्देश स्पेशल डीजी (प्रशासन) आदर्श कटियार ने जारी किए।

उन्होंने कहा है कि थानों में लंबे समय से तैनात पुलिसकर्मियों को हटाना जरूरी है, ताकि कामकाज पारदर्शी और जनता के हित में बना रहे। समय-समय पर तबादला होने से काम में भी बदलाव आता है और पुलिस के खिलाफ शिकायतें भी कम होती हैं।

पुलिस मुख्यालय द्वारा पहले भी इसको लेकर पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्देश जारी किए जाते रहे हैं, लेकिन कई जिलों में इस पर अमल नहीं किया गया है। इसलिए इसके निर्देश दोबारा जारी किए जा रहे हैं।

### *पीएचक्यू ने कहा, निर्देशों पर दिया जाए ध्यान*

- *किसी भी पुलिसकर्मी को एक ही थाने में एक पद पर 4 या 5 साल से ज्यादा नहीं रखा जाएगा।*
- *तबादला होने के बाद उसी थाने में फिर से उसी पद पर पोस्टिंग नहीं मिलेगी।*
- *अगर किसी को फिर उसी थाने में लाना हो, तो कम से कम 3 साल का गैप होना जरूरी है।*
- *एक ही पुलिस क्षेत्र में अलग-अलग पदों पर कुल मिलाकर 10 साल से ज्यादा पोस्टिंग नहीं हो सकती। इसमें अटैचमेंट की पोस्टिंग भी गिनी जाएगी।*

### जगदलपुर में आड़ावाल-सिमरा के पास की घटना



## सड़क हादसे में पिता की मौत, पत्नी-बेटी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जिले में आड़ावाल-सिमरा के पास एक भीषण सड़क हादसे में एक दंपति और उनकी तीन वर्षीय बेटी की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब बाइक सवार दंपति एक ट्रक से टकरा गए।

नगरनार थाना प्रभारी के अनुसार, ओडिशा निवासी गुड्डू धुर्वा (30) अपनी पत्नी रायबारी (27) और तीन साल की बेटी के साथ जगदलपुर से ओडिशा लौट रहे थे। गुड्डू ने एक कार को ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से टक्कर खा ली। हादसे में गुड्डू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस के माध्यम से महारानी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें मेकाज रेफर किया गया। उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। परिवार के अनुसार, गुड्डू मिस्त्री का काम करते थे। उनके परिवार में अब एक आठ वर्षीय बच्चा अकेला रह गया है। इस हादसे से परिवार और गाँव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 223.88 करोड़ की लागत से होंगे विकास कार्य

## सीएम साय ने किया 66 विकास कार्यों का शुभारंभ

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोरबा प्रवास के दौरान 223.88 करोड़ रुपये की लागत से 66 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसमें 24.11 करोड़ रुपये के 16 कार्यों का लोकार्पण और 199.77 करोड़ रुपये के 50 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मीडिया से बातचीत में सीएम साय ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि इसमें बड़ी संख्या में लोग सवार थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिला




प्रशासन और पुलिस सतर्क है और कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्था सुचारू रही। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम अरुण साव, कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर संजू देवी राजपूत, जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, कलेक्टर अजीत वसंत और एसपी सिद्धार्थ तिवारी उपस्थित रहे। सीएम और डिप्टी सीएम का पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। सीएम ने कोरबा जिला जेल के समीप ऑडिटोरियम में रानी अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति का लोकार्पण किया और सभा को संबोधित करते हुए उनके जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला।

### सर्वमंगला थाना क्षेत्र का मामला, जांच जारी



## अनियंत्रित होकर नहर में गिरी कार, सवार लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे नहर में गिर गई। कार में सवार लोग लापता हैं। यह घटना सर्वमंगला चौकी अंतर्गत बरमपुर मुख्य मार्ग पर हुई।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह जब वह इस मार्ग से गुजर रहे थे तब उनकी नजर इस वाहन पर पड़ी। उन्होंने देखा कि नहर में वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त है। देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई और इसकी सूचना सर्वमंगला चौकी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। कार में कितने लोग सवार थे और कहां से कहां जा रहे थे, यह जानकारी अब तक सामने नहीं आई। कार सवार लोग लापता बताये जा रहे हैं। सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी ने बताया कि कार के नंबर के आधार पर वाहन मालिक का पता किया जा रहा है।

# तेजी से फैल रहा है कोविड-19 का नया वैरिएंट, जानें वायरस कैसे कर रहा है शरीर पर हमला

एजेंसी ▶▶| यरुशलम


इजराइली वैज्ञानिकों के शोध से यह पता चला है कि कोविड-19 वायरस का एक प्रोटीन हमारी स्वस्थ कोशिकाओं को ही निशाना बना रहा है, जिससे शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली उन पर हमला करने लगती है। यह खोज सेल रिपोर्ट्स पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार है जो कोविड-19 से जुड़ी गंभीर समस्याओं को समझने में मददगार साबित हो सकती है।

### क्या है नई खोज?

रुशलम के हिब्रू विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि वायरस का न्यूक्लियोकैप्सिड प्रोटीन जिसका काम संक्रमित कोशिकाओं में वायरस की आनुवंशिक सामग्री को पैक है, पास की स्वस्थ इपिथिलियल सेल्स तक फैल सकता है। जैसे ही यह प्रोटीन स्वस्थ कोशिकाओं की सतह पर पहुंचता है तो हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली गलती से इसे खतरा मान लेती है। इसके जवाब में प्रतिरक्षा प्रणाली एंटी-एनपी एंटीबॉडीज भेजती है जो स्वस्थ कोशिकाओं को खत्म करने के लिए चिंहित कर देती है।

### कैसे हुआ खुलासा?

शोधकर्ताओं ने प्रयोगशाला में विकसित कोशिकाओं, इमेजिंग तकनीक और कोविड-19 के मरीजों के नमूनों का इस्तेमाल करके यह पाया कि एनपी प्रोटीन कोशिका की सतह पर मौजूद एक खास अणु से जुड़ जाता है। इसी जुड़ाव के कारण से यह प्रोटीन स्वस्थ कोशिकाओं पर जमा होने लगता है जिससे शरीर का डिफेंस सिस्टम भ्रमित हो जाता है।



### समस्या के साथ समाधान

इस खोज में अच्छी खबर यह है कि इस अध्ययन में इसका एक समाधान भी मिला है। एनोक्सापारिन नाम की दवा जिसका इसका इस्तेमाल खून को पतला करने के लिए किया जाता है, एनपी को स्वस्थ कोशिकाओं से चिपकने से रोक सकती है। लैब में हुए परीक्षण और मरीजों के नमूनों में एनोक्सापारिन ने उन जगहों को ब्लॉक कर हमलों को रोकने में मदद की जहां एनपी चिपकता है।

### कोविड का एक नया वैरिएंट

इसी बीच आपको बता दें कि कोविड का एक नया वैरिएंट एनबी 1.8.1 दुनिया भर के कई हिस्सों में तेजी से फैल रहा है, जिसने चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह वैरिएंट ओमिक्रॉन फैमिली का ही हिस्सा है जिसे पहली बार जनवरी 2025 में पाया गया था। भारत के अलावा यह अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, चीन, मालदीव में भी फैल चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे 'निगरानी में रखा गया वैरिएंट' घोषित किया है। इसका मतलब है कि यह तेजी से फैल रहा है और इस पर ध्यान रखना जरूरी है, लेकिन अभी इसे बड़ा खतरा नहीं माना गया है।

बिग बैंग थ्योरी को चुनौती




# ब्लैक होल के अंदर पैदा हुआ था ब्रह्मांड, वैज्ञानिकों का नया मॉडल

वॉशिंगटन। ब्रह्मांड की उत्पत्ति के लिए और विकास के लिए बिग बैंग का सिद्धांत ही सबसे स्पष्ट है। लेकिन फिजिकल रिव्यू डी में प्रकाशित एक नए अध्ययन में इस दृष्टिकोण को चुनौती दी है। शोधकर्ताओं ने एक मॉडल का प्रस्ताव रखा है। शोधकर्ताओं के रखे प्रस्ताव में एक वैकल्पिक मॉडल है जिसमें हमारा ब्रह्मांड गुरुत्वाकर्षण पतन से उभरा और फिर एक उछाल आया, यह सब एक बड़े 'मूल' ब्रह्मांड में एक ब्लैक होल के अंदर हुआ। मानक ब्रह्माण्ड संबंधी मॉडल के अनुसार यह माना जाता है कि ब्रह्मांड की शुरुआत लगभग 13.8 बिलियन साल पहले विलक्षणता से हुई थी, जो अनंत घनत्व का एक बिंदु है और तभी से इसका विस्तार और ठंडा होना जारी है।

### किसने किया शोध?

यह शोध पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय में ब्रह्मांड विज्ञान और गुरुत्वाकर्षण संस्थान के प्रोफेसर एनरिक गजटानागा और उनके सहयोगियों द्वारा प्रकाशित किया गया था। यह क्वांटम अपवर्जन सिद्धांत को लागू करता है, जो समान कणों या फर्मियन को समान क्वांटम अवस्था में रहने से रोकता है। यह सिद्धांत विलक्षणता बनने से पहले पतन को रोकता है जिस वजह से पदार्थ बाहर की ओर उछलता है।



### पतन से निर्माण तक

यह पूरी प्रक्रिया ब्लैक होल के अंदर होती है जो पदार्थ के ढहते हुए द्रव्यमान से बनता है। यह व्यक्तित्व में समाप्त होने की जगह पतन के परिणामस्वरूप एक उछाल होता है जो एक नए और विस्तारित ब्रह्मांड के निर्माण की ओर ले जाता है। यह ब्लैक होल बाउंस मॉडल पूरी तरह से भौतिक के नियमों पर निर्भर करता है। मॉडल की एक महत्वपूर्ण भविष्यवाणी यह है कि अंतरिक्ष में थोड़ी सकारात्मक वक्रता है, जो वर्तमान मानक ब्रह्मांडीय मॉडल से अलग है जो फ्लैट ब्रह्मांड को स्वीकार करता है।

**भविष्य की योजना**

भविष्य के मिशन जैसे अराकिस जो धुंधली आकाशगंगा के संरचनाओं का निरीक्षण करेंगे, मॉडल को सत्यापित करने के लिए इस सिद्धांत पर और प्रकाश डाल सकते हैं। यह नया मॉडल प्रस्ताव रखता है कि हमारा ब्रह्मांड एक बड़े ब्रह्मांडीय चक्र का हिस्सा हो सकता है, इसकी मदद से ब्रह्मांड की वास्तविक उत्पत्ति के बारे में समझने में और भी मदद मिल सकती है।

# बॉडी बनाने के चक्कर में हाथ में सुई से घुसेड़ा तेल, हुई ऐसी दुर्गति

**मास्को।** आजकल के युवाओं में बॉडी बनाने का जुनून कुछ ज्यादा ही है। वे दिन-रात जिम में बिताते हैं और अपने शरीर को सुडौल बनाते हैं। कुछ युवा जल्दबाजी के चक्कर में बॉडी बनाने के लिए प्रोटीन पाउडर का बेतहाशा सेवन करते हैं, तो कुछ लोग शॉर्टकट में ही मशल्स बनाने में जुट जाते हैं। ऐसा ही कुछ रूस के रहने वाले सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर 28 साल के किरिल तेरेशिन ने किया। किरिल ने अपने बाइसेप्स बढ़ाने के लिए जो किया, वो चौंकाने वाला है। किरिल ने अपने हाथ में सुई से तेल घुसेड़ लिया, लेकिन अब उनकी ऐसी दुर्गति हो गई कि हाथ काटने की नौबत आ गई है। फिलहाल वो हॉस्पिटल में भर्ती हैं, जहां उनके हाथ से बाइसेप्स को काटकर हटाया जाएगा। किरिल को रूसी मीडिया में रुकी बाजूका या बाजूका आर्म्स के नाम से जाना जाता है।



### एमएमए फाइट भी लड़ चुके हैं किरिल

साल 2017 में जब किरिल ने इस कारनामे को अंजाम दिया था, तब उनकी मां इरीना ने कहा था कि वह अपने बेटे के इस परिवर्तन के सख्त खिलाफ हैं। उन्होंने किरिल को ऑनलाइन गिनी पिग कहकर पुकारा था। इसके बाद साल 2018 में रूसी डॉक्टर एवगेनी लिलिन ने चेतावनी दी थी कि तेरेशिन को भविष्य में अपनी बांह कटवानी पड़ सकती है।

### मूर्खता के कारण हुईं स्वास्थ्य की समस्याएं

किरिल के पोस्ट पर लोग जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। ज्यादातर लोग उनके इस हरकत के खिलाफ हैं। पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, मुझे उनके लिए जरा भी सहानुभूति नहीं है वैसे, क्या किसी को आश्चर्य हुआ? वहीं, एक प्रशंसक ने सकारात्मक संदेश देते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि आपकी सर्जरी सफल होगी और आप जल्द ठीक होंगे। बता दें कि रूसी सेना में सैनिक रह चुके किरिल तेरेशिन ने स्वीकार किया कि उनके स्वास्थ्य की समस्याएं उनकी अपनी मूर्खता के कारण हुईं। उन्होंने 20 साल की उम्र में अपनी बाइसेप्स को बढ़ाने के लिए तेल वाले इंजेक्शन लेने शुरू किए थे, जिसके परिणामस्वरूप उनके बाइसेप्स 23 इंच तक बढ़ गए थे। हालांकि, डॉक्टरों ने चेतावनी दी थी कि यह तेल (जैतून का तेल, लिडोकेन, और बेंजाइल अल्कोहल का मिश्रण) उनके शरीर में जहर की तरह काम कर सकता था और उनकी जान को खतरा पैदा कर सकता था।

# 28 की उम्र में भी बचपन-सी मौज, कभी मां की गोदी तो कभी पिता के कंधे की सवारी

**अमेठी।** सबसे बड़ा जानवर व्हेल मछली है और सबसे छोटा जानवर मिक्सोबोलस शेकेल को माना जाता है। मिक्सोबोलस शेकेल एक जेलीफ़िश का एक प्रकार है। यह 8.5 माइक्रोन से भी छोटा होता है, जो इसे पृथ्वी पर सबसे छोटा जानवर बनाता है।खैर ये तो पूरी दुनिया में सबसे छोटे और सबसे बड़े की बात है।लेकिन क्या आप जानते हैं कि उत्तर प्रदेश में सबसे छोटा इंसान कौन है और कहां रहता है। यूपी के अमेठी में रहने वाला रमजान अली प्रदेश का सबसे छोटा आदमी माना जाता है। रमजान की उम्र 28 साल हो चुकी है, लेकिन उसकी लंबाई 28 इंच यानी ढाई फीट भी नहीं है। 28 साल के रमजान की लंबाई मात्र 25 इंच है यानी 2 फीट से बस एक इंच ज्यादा।जो भी रमजान को पहली बार देखता है उसे लगता है यह कोई तीन-चार साल का बच्चा है। और जब उसे हकीकत पता लगती है तो वह रमजान को देखता ही रह जाता है। अपने छोटे कद की वजह से रमजान की जवानी भी बचपन की तरह गुजर रही है।28 साल होकर भी रमजान कभी अपनी मां की गोद में चढ़े दिखते हैं तो कभी अपने पिता के कंधे पर बैठे दिखते हैं।

### कहां और कब जन्मे रमजान अली

रमजान अली के यूपी के अमेठी जिले के जामौ थाना क्षेत्र के पूरे सुब्बा पांडे रेसी गांव के रहने वाले हैं। 1 जनवरी 1997 को सिराज अली के घर किलकारी गूंजी और रमजान अली का जन्म हुआ। इस अवसर पूरे मोहल्ले में मिठाई बांटी गई और मोहल्ले वालों ने सिराज को बाप बनने की बधाई दीं। बच्चे का नाम रखा गया रमजान अली। शुरू में तो सब ठीक ही लग रहा था, लेकिन 5 साल की उम्र के बाद भी जब रमजान की लंबाई नहीं बढ़ी तो माता-पिता को थोड़ा अजीब लगा।उन्हें लगा कि रमजान हो सकता है किशोर अवस्था का आखिरी बरसों में बढ़ें। लेकिन, समय बीतता रहा और अब 28 साल के बाद भी रमजान मात्र 25 इंच के हैं।

### सरकार और प्रशासन से शिकायत

रमजान अली का आधार कार्ड भी बन चुका है और उन्हें प्रदेश का सबसे छोटी कद-काठी का आदमी माना जाता है और पूरे प्रदेश में मशहूर हैं। लेकिन, यह मशहूरियत किसी काम की नहीं है। कद छोटा होने की वजह रमजान रोजमर्रा के कई काम कर पाने में खुद को अक्षम पाते हैं। रमजान कहते हैं कि 28 साल का होने पर भी मैं माता- पिता पर ही निर्भर हूं। मेरे पिता खेती करते हैं।

# सीक्रेट वैम्पायर सोसाइटी, जिससे जुड़े लोग पीते हैं इंसानों का खून

एजेंसी ▶▶| सिडनी

आप वेम्पायर यानी पिशाचों के बारे में कितना जानते हैं? हम पश्चिमी देशों में प्रचलित उन पिशाचों की बात कर रहे हैं, जिनके बारे में माना जाता रहा है कि वे खून चूसते हैं और जिंदा इंसानों का खून पीने के लिए उनका शिकार करते हैं। जिस तरह से खाना खाने से इंसान को ताकत मिलती है और वह जिंदा रह पाता है। उसी तरह बताया जाता है कि ये पिशाच भी इंसानी खून पीकर जिंदा और ताकतवर रह पाते हैं। हाल ही में इनकी चर्चा एक खबर से उठी है। जिसमें ऑस्ट्रेलिया की एक युवती ने चौंकाने वाला दावे किए हैं। उसका कहना है कि दुनिया में वैम्पायर्स का एक गुप्त समाज सक्रिय है।



### युवती का सम्प्रदाय से पहला संपर्क

यह दावा एक युवती ने किया है, जिसने अपनी पहचान ना बताते हुए अपना नाम क्रिस्टल बताया है। एक खबर के मुताबिक उसका कहना है कि उसे धीरे धीरे इस समाज में शामिल किया गया और उसकी मर्जी के खिलाफ शामिल किया गया।

### धीरे-धीरे बढ़ा संपर्क

पहले तो क्रिस्टल कोसे सिडनी के वाउक्लूस में एक पार्टी में बुलाया गया, जहां वह शैम्पेन पीने से बेहोश हो गई। जब वह जागी, उसे चक्कर आ रहे थे। उसके गले और बाहों पर निशान थे। उसे लगता है, उसे नशीला पदार्थ दिया गया। उसे बताया गया कि वह वायरस से संक्रमित है। बाद में, वह न्यूकैसल में एक मठ में गई। वहां उसने स्थानीय वैम्पायर कोर्ट से मुलाकात की।

### फैशन, लाइफस्टाइल या कुछ और

क्रिस्टल का दावा है कि इस गुप्त वैम्पायर संप्रदाय में डॉक्टर, राजनेता, और संगीतकार, कई व्यवसाय के लोग शामिल हैं। यह समाज गोथ संस्कृति से शुरू हुआ। इसे वैम्पायर कोर्ट कहते हैं। यह समाज अब बड़ा हो गया है। कुछ लोग इसे केवल फैशन मानते हैं। लेकिन, कई के लिए यह लाइफस्टाइल है।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

क्या हो गया बड़ा अपशकुन!

# माउंट एवरेस्ट के पास अचानक निकले किंग कोबरा समेत दुनिया के 10 जहरीले सांप

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

काठमांडू और उसके आस-पास के इलाकों में घट रही कुछ असामान्य प्राकतिक घटनाओं ने वैज्ञानिकों और इनवायरमेंटल एक्टिविस्ट की चिंता बढ़ा दी है। दरअसल, माउंट एवरेस्ट की वादियों के नजदीक महीने भर के अंदर नौ किंग कोबरा और एक मोनोक्लेड कोबरा समेत दुनिया के 10 सबसे विषैले सांप पाए गए हैं। बहुत से लोगों का मानना है कि ये कोई सामान्य घटना नहीं है। ये सभी जहरीले सांप धान के खेतों, दलदलों और मैंग्रोव जंगलों जैसे उष्णकटिबंधीय और आर्द्र क्षेत्रों में रहने वाले हिमालयी क्षेत्र के पास पाए गए हैं।



### सांप दिखने से डर का माहौल

रिहायशी इलाकों में सांपों के दिखने से डर का माहौल है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भांजयांग, गुपलेश्वर, सोखोल और फूलचौक जैसे रिहायशी इलाकों में सांप पाए गए। बचाव अभियान ने आंगनों और घरों से सांपों को उठाया और उन्हें सुरक्षित रूप से जंगलों में छोड़ दिया। जंगल में गहरे सांपों के घोंसले और अंडे जैसी दुर्लभ खोजों से संकेत मिलता है कि सरीसृप इस क्षेत्र में बस सकते हैं और प्रजनन कर सकते हैं। जो व्यापक पारिस्थितिक बदलाव का संकेत देता है।

### ये सामान्य घटनाएं नहीं

एक्सपर्ट का मानना है कि माउंट एवरेस्ट से महज 100 से 150 किलोमीटर दूर, आश्चर्यजनक रूप से इन सांपों की मौजूदगी ग्लोबल वार्मिंग के व्यापक प्रभावों का एक चेतावनी संकेत है। कहा जा रहा है कि धरती का खासकर हिमालयन बेल्ट के आसपास का पर्यावरण चक्र यानी इकोलॉजिकल सिस्टम गड़बड़ा गया है।

### कौन-कौन से सांप दिखे?

नेपाल की राजधानी काठमांडू में किंग कोबरा की विषैली प्रजाति देखी गई। ये किंग कोबरा (ओफियोफैगस हन्नाह) दुनिया का सबसे लंबा विषैला सांप है जो 18 फ़ीट तक लंबा होता है। अत्यधिक विषैले न्यूरोटॉक्सिक विष उत्पादक के रूप में, वे आम तौर पर घने ऊंचे जंगलों में रहते हैं, खासकर भारत, दक्षिण पूर्व एशिया और फिलीपींस में इन्हे देखा जा सकता है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

## शब्द पहेली - 5896



**बाएँ से दाए**
1.जाति,समाज,बुंधता-4
3.स्वयंवर माला,जीत-4
6.चूहे का घर-2
7.स्थिर,टिका हुआ-3
8.पार्थिव देह,लाश-2
10.सुवासित करना-4
11.थोड़ा,कम-2
13.मोटा आटा,दानेदार-4
15.गौरव,अभिमान-3
17.विष्णु,नारायण-4
20.वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21.होशियार,दक्ष-3
23.उचित,सही-3
25.जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26.करिश्मा,करतब-4
29.भर्त्सना,धिक्कार-3
31.गुलाम,परतंत्र-4
32.बेल,लतिका-2
34.आश्चर्य-4
35.नांद,टप-2
37.मग्नता-3
39.मछली-2
40.कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41.मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1.विधेयक,देयक-2
2.विजयादशमी-4
3.जीत,विजय-2
4.जुड़वा-3
5.शव,मृत शरीर-2
6.बंधु,सजातीय,भाई-4
7.एक आंख वाला-2
9.मौजूदा,आधुनिक-4
10.मदमस्त-4
12.धुन,लय,सुर-2
14.इच्छा,कामना-2
16.सुर साधना-3
18.भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19.छुट्टी,अवकाश-2
21.अच्छे कुल का-3
22.भाग्य (अंग्रेजी-2)
24.यम,मृत्यु का देवता-4
25.अपमिश्रण, खोट-4
27.निशा,रात्रि-2
28.कहासुनी,कलह-4
30.तल्ला,पैंदा-2
31.गुलामी,पराश्रित-4
33.शिक्षा(उर्दू-3)
34.अदा करना,चुकाना-2
36.एक सवारी गाड़ी-2
38.झुका हुआ-2
39.दोस्त,सखा-2

**शब्द पहेली- 5895 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | ब | न | कु | मा | र | ■ | म | क | ब | रा |
| ला | न | ■ | त | ■ | स | ली | का | ■ | स | त |
| य | ■ | प | र | वा | ना | ■ | न | न | ■ | दि |
| न | का | र | ना | ■ | ■ | क | ■ | म | हा | न |
| वा | ■ | ख | ■ | स | ह | ल | ज | ■ | ज | ■ |
| दी | वा | ना | प | न | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | जि | ■ | र | स | ले | ना | ■ | न | ■ | री |
| ग | ब | न | ■ | नी | ■ | ■ | अ | बा | न्त | र |
| ज | ■ | शा | न | ■ | आ | ब | नू | स | ■ | र |
| रा | ज | ■ | ज | टा | यु | ■ | रू | ■ | क | क्ष |
| ज | ल | च | र | ■ | ध | मों | प | दे | श | क |

## सूडोकु नवताल - 5906

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SEMACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5905 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |



चाइल्ड आर्टिस्ट्स

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है। बच्चों के लिए उसके पापा किसी सुपर हीरो से कम नहीं होते। फादर्स-डे के मौके पर कुछ टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स बता रहे हैं कि किन खूबियों की वजह से वे अपने पापा को दुनिया का बेस्ट पापा मानते हैं। साथ ही ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं कि इस बार फादर्स-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे।

# माय पापा इज द बेस्ट

## पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूडः आर्यन प्रजापति




**आर्यन प्रजापति** एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक का रोल प्ले कर रहा है, जो दर्शकों को खूब भा रहा है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, हंसते हुए बताता है, 'मैं एक कार्ड बना रहा हूं, जिसमें मैं पापा के लिए अपनी फीलिंग्स लिखूंगा। साथ ही मैं उनका फेवरेट केक भी लाऊंगा। हम सब मिलकर घर पर छोटा सा सेलिब्रेशन करेंगे। पापा को क्रिकेट बहुत पसंद है, तो मैंने सोचा है कि हम दोनों मिलकर पास के मैदान में क्रिकेट खेल कर थोड़ा टाइम स्पेंड करेंगे। इस फादर्स-डे मैं अपने पापा को यह जताना चाहता हूं कि वो मेरे लिए बहुत स्पेशल हैं।' पापा की वो बात जो आर्यन के लिए जिंदगी भर के लिए सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा अकसर कहते हैं कि जब हम अपना काम पूरी मेहनत, ईमानदारी से करते हैं तो सफलता निश्चित ही मिलती है।' आर्यन के लिए उसके पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूड। चाहे कितनी भी बड़ी टेंशन हो, वो हमेशा शांत रहते हैं। बहुत ही सुलझे तरीके से सिचुएशन को हैंडल करते हैं। वो ना सिर्फ एक अच्छे पापा हैं, मेरे बेस्ट फ्रेंड और मेंटर भी हैं। मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा बहुत हार्डवर्किंग हैं आरिया सकारिया



**सोनी सब** के शो 'तेनाली रामा' में लछमा का रोल कर रही आरिया सकारिया फादर्स-डे को लेकर काफी उत्साहित है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, आरिया बताती है, 'इस दिन मैं अपने पापा को लेकर बाहर घूमने जाऊंगी। हम बाहर ही ब्रेकफास्ट करेंगे, शॉपिंग करेंगे और मूवी देखेंगे।' पापा की कोई ऐसी बात, जो आरिया के लिए जिंदगी भर का एक सबक बन गई हो, यह पूछने पर वह बताती है, 'मेरे डैड ने मुझे सिखाया है कि लाइफ में कोई भी प्रॉब्लम आ जाए, कभी हार मत मानना, क्योंकि कोई भी ऐसी प्रॉब्लम नहीं है, जिसका सॉल्यूशन न हो। पापा की यह बात मेरी जिंदगी का बहुत बड़ा सबक है, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी।' आरिया की नजर में उसके पापा की वह क्वालिटी, जो उन्हें बेस्ट पापा बनाती है, वह बताती है, 'मेरे डैड की सबसे अच्छी क्वालिटी यह है कि वो मेरी मॉम की बहुत रेस्पेक्ट करते हैं। वह हर काम में मां की हेल्प करते हैं। मेरे पापा बहुत हार्ड वर्किंग हैं। चाहे जितना भी थक गए हों, वो हमारे साथ जरूर टाइम स्पेंड करते हैं! इन्हीं वजहों से मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा ने दी है सीख कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए : अहनाफ खत्री



**जी टीवी** के शो 'कुमकुम भाग्य' में कीर्तन की भूमिका निभा रहा अहनाफ खत्री के लिए उसके पापा उसकी लाइफ में सबसे इंपॉर्टेंट हैं। वह कहता है,'मुझे अपने पापा से बहुत प्यार है, वो मेरे लिए खुद से भी ज्यादा इंपॉर्टेंट हैं।' अहनाफ ने इस बार फादर्स-डे पर क्या कुछ खास प्लान कर रखा है, वह बताता है, 'अबकी मैं फादर्स-डे बहुत स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट करूंगा। मैं अपने पापा के साथ घूमने जाऊंगा। हमारा साथ कोई और नहीं होगा, सिर्फ मैं और मेरे पापा होंगे। मेरे पापा को नाइनटीज के गाने बहुत पसंद हैं। इसलिए मैंने पापा के लिए एक स्पीकर मंगवा लिया है। यह फादर्स-डे पर मेरी तरफ से पापा के लिए सरप्राइज गिफ्ट होगा।' अहनाफ से यह पूछने पर कि वह अपने पापा की कोई ऐसी क्वालिटी बताए, जो उन्हें वर्ल्ड का बेस्ट पापा बनाती है, वह तुरंत जवाब देता है, 'कोई एक क्वालिटी नहीं, पापा की सारी क्वालिटीज उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं।' अहनाफ के लिए पापा की बताई कौन-सी बात उसके लिए बहुत बड़ा सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा मुझसे हमेशा कहते हैं- 'ट्राय ट्राय टिल यू सक्सीड और कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए। मुझे उनकी ये बात हमेशा याद रहेगी।' *



## वह मेरे आइडियल, मेरे बेस्ट फ्रेंड हैंः उर्वा सावलिया



**उर्वा सावलिया** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के पीरियड ड्रामा 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में पृथ्वीराज चौहान के बचपन का रोल निभा रहा है। उर्वा की इस बार फादर्स डे पर क्या प्लानिंग है, इस सवाल पर वह जवाब देता है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैंने अपनी मम्मी के साथ मिलकर अपने पापा के लिए एक खास सरप्राइज प्लान किया है, लेकिन इसे अभी बताऊंगा नहीं, बता दिया तो सरप्राइज कैसा।' उर्वा अपने पापा की वो क्वालिटीज बताता है, जो उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा हमेशा से मेरे लिए हीरो रहे हैं। उनके मार्गदर्शन ने मुझे हर मुश्किल घड़ी में रास्ता दिखाया और एक ताकत दी है। मेरे पापा ना सिर्फ मेरे आइडियल हैं, बल्कि मेरे बेस्ट फ्रेंड भी हैं। मुझे उनकी सादगी सबसे ज्यादा पसंद है। उसी सादगी और संयम को मैं भी अपनाना चाहता हूं। मेरे पापा मेरे लिए एक पावर हाउस की तरह हैं।' *




प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

फीलिंग्स / मोनिका शर्मा

# पापा को दो प्यार भरा सरप्राइज

बच्चो, हर साल की तरह इस बार भी तुमने जरूर फादर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग की होगी। इस प्लानिंग के साथ तुम कुछ अलग तरीके से फादर्स-डे सेलिब्रेट कर अपने लविंग पापा को सरप्राइज कर सकते हो। कैसे, जानो।



बच्चो, तुम्हारे हर स्पेशल दिन पर सरप्राइज देने वाले पापा को फादर्स-डे पर तुम भी सरप्राइज दे सकते हो। पापा के दिल को छू जाने वाला कुछ करके, तुमको भी बहुत खुशी मिलेगी। पापा के लिए तो यह सदा के लिए एक यादगार दिन बन जाएगा। इस बार फादर्स-डे पर पापा को हैप्पी और डिलाइटफुल, आश्चर्य में डालने वाले प्यारे काम करना ना भूलना।

**प्यारा वीडियो मैसेजः** पापा तुमको सुपरहीरो लगते हैं या लविंग-केयरिंग डैडी। साथ मस्ती करने वाले दोस्त जैसे लगते हैं या सलाह देने वाले गाइड। रोल मॉडल हैं या सहज प्यारे से पर्सन। वीडियो में खुलकर हंसते-मुस्कुराते हुए अपने पापा के लिए सब कुछ कह डालो। फादर्स-डे के खास दिन पर विश करते हुए अपने मन की बातें कहने वाला वीडियो पापा को सचमुच स्पेशल फील करवाएगा। अपनी सी बातों को समेटते हुए यूनीक सा वीडियो मैसेज बनाने का आइडिया कमाल कर जाएगा। फादर्स-डे को अलग अंदाज में सेलिब्रेट करने का अंदाज पापा को खूब खुशी देगा।

**लिखो दिल छूने वाला पत्रः** पेंसिल पकड़ने से लेकर अच्छे से पढ़ने-लिखने तक, तुम्हारी सीखने-समझने की जर्नी का हर दिन पापा के लिए भी बहुत खास होता है। इसीलिए तुम्हारी अपनी हैंडराइटिंग में लिखे लेटर का हर अक्षर पापा के लिए अनमोल होगा। साथ ही तुम्हारी लिखी बातें सदा के लिए एक सहेजने वाला गिफ्ट बन जाएंगी। इस बार डैडी के लिए प्यार, रेस्पेक्ट और प्यारी-प्यारी मेमोरीज को पत्र में लिख डालो। अपने लिखे पत्र में इमोशंस को प्रेजेंट करने के लिए इमोजी भी बनाओ। चुपचाप पापा की अलमारी या तकिए के नीचे अपना पत्र रख दो। इस तरह लिखी गई बातों को पढ़ कर पापा के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी।



**आर्टिस्टिक एक्सप्रेशनः** तुम्हारे रंग-बिरंगे चित्र और आड़ी-तिरछी रेखाएं पापा को खूब भाती हैं। इस बार अपने हाथ से सुंदर सा फादर्स-डे कार्ड, पेंटिंग या एक आर्टिस्टिक पीस बनाकर पापा को देना मत भूलना। अपने बनाए आर्ट पीस को सुंदर स्टिकर से सजाकर प्यारा सा मैसेज भी दे सकते हो। कार्ड पर अपने हाथ से बनाई सिंपल पेंटिंग भी बना सकते हो। कोई भी आर्टवर्क डैडी के लिए एक परफेक्ट होममेड गिफ्ट होगा, अफेक्शन से भरा अट्रैक्टिव उपहार। बच्चो, पापा ऐसी बातों को खुलकर बताते नहीं हैं पर तुम्हारा बनाया आर्ट-क्राफ्ट पापा के लिए प्यार जताने का सबसे सुंदर तरीका है। इसे जब भी पापा देखेंगे, उनके चेहरे पर स्माइल आ जाएगी। *

## जीके क्विज-157



1. हाल ही में चर्चा में रहे डी. गुकेश का संबंध किस खेल से है?
2. 51वां जी 7 शिखर सम्मेलन किस देश में आयोजित किया जाएगा?
3. संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र का अध्यक्ष किसे चुना गया है?
4. स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
5. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
6. सर्वप्रथम किस विदेशी यात्री ने भारत की यात्रा की थी?
7. कनाडा की राजधानी कहां है?
8. रतौंधी रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
9. विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है?
10. मानव शरीर का कौन-सा अंग खून साफ करने का काम करता है?



बच्चो, जीके क्विज-157 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-156 का उत्तरः** 1.ओपल सुचाता चुआंगसरी, 2.रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 3.शुभमन गिल, 4.वी. एस. रामादेवी, 5. 21 जून, 6.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 7.गोवा, 8.जापान, 9.वेलिंगटन, 10.क्लोरोफ्लोरोकार्बन

**जीके क्विज-156 का सही उत्तर देने वालेः** निलेश-जांजगीर, मुकेश-बिलासपुर, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, आशीष-भोपाल

## हंसगुल्ले

**पापाः** लड़के को अंग्रेजी में 'ही' कहते हैं, तो कई लड़कों को अंग्रेजी में क्या कहेंगे?
**सोनू (कुछ देर सोचने के बाद):** पापा, जितने लड़के होंगे, उतने 'ही ही ही ' कहेंगे।
**-गोपी, बिलासपुर**

**एक यात्री रेलगाड़ी से उतरा। उसने स्टेशन पर खड़े रिंकू से पूछाः** यह कौन-सा स्टेशन है?
**रिंकूः** अंकल, यह रेलवे स्टेशन है।
**राशि, रायपुर**



**चुन्नू बर्फ का टुकड़ा उठा कर उसे घूरे जा रहा था...**
**पापा ने पूछाः** क्या देख रहे हो?
**चुन्नूः** देख रहा हूं कि यह लीक कहां से हो रहा है?
**-कोकिला, रोहतक**



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

# कितने अच्छे पापा!

विपुल को यही लग रहा था कि सोसाइटी में होने वाले शतरंज का फाइनल मैच हार जाएगा, जबकि वह कई बार फाइनल मैच जीत कर शतरंज बालश्री का पुरस्कार पा चुका था। इधर दो बार से वह फाइनल मैच में हार जा रहा था। लेकिन पापा ने उसकी जीत के लिए उसका आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश की। क्या इसके बाद विपुल फाइनल मैच में विजयी हुआ?



शनिवार की सुबह थी। विपुल बहुत बेचैन था। उसकी बेचैनी का कारण जून महीने की गर्मी नहीं थी। वह इसलिए बेचैन था, क्योंकि अगले दिन इतवार को उसका शतरंज का फाइनल मैच था। उसे डर लग रहा था कि कहीं पिछली दो बार की तरह इस बार भी वह फाइनल मैच में हार न जाए।

विपुल जिस हाउसिंग सोसाइटी में रहता है, उसमें बहुत सारे फ्लैट हैं। उस सोसाइटी में हर वर्ष जून और दिसंबर की स्कूल की छुट्टियों में बच्चों के लिए खेल-कूद की अनेक प्रतियोगिताएं होती हैं। विपुल शतरंज की प्रतियोगिता में भाग लेता है। वह फाइनल में जीतकर शतरंज बालश्री का पुरस्कार कई बार पा चुका है। लेकिन पिछले साल जून और दिसंबर में हुई शतरंज प्रतियोगिता में जीतते-जीतते वह फाइनल तक तो पहुंच गया था, पर फाइनल मैच में हार गया था। इसलिए उसे डर सता रहा था कि वह कहीं इस बार भी हार न जाए। वह इसी सोच में गुमसुम-सा बैठा था। तभी विपुल के पापा उसके पास आए और बोले,'बेटा, आज तो मेरे ऑफिस की छुट्टी है। चलो, शतरंज खेलते हैं।'

विपुल के पापा शतरंज के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने शतरंज की कई बड़ी प्रतियोगिताओं में बहुत से पुरस्कार जीते हैं। विपुल आज तक पापा से शतरंज में जीत नहीं पाया है। पापा के साथ खेलते हुए उसे लग रहा था कि वह आज भी हार जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कुछ देर बाद वह जीत गया और पापा हार गए।

विपुल की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था, क्योंकि वह पहली बार पापा से जीता था। तभी पापा बोले, 'आओ, एक बाजी और खेलते हैं।' इस बार तो विपुल को पूरी उम्मीद थी कि वह हार जाएगा, लेकिन इस बार भी वह जीत गया। उस दिन शाम तक विपुल ने पापा के साथ शतरंज की आठ बाजियां खेलीं और सभी में वह जीत गया। यह देख पापा विपुल से बोले, 'बेटा, अगर तुम मुझे हरा सकते हो तो फिर कल के मैच में एक बच्चे को क्यों नहीं हरा सकते?'

विपुल को अब अपने आप पर विश्वास हुआ कि वह कल का मैच जीत सकता है। अगले दिन जब शतरंज का फाइनल मैच शुरू हुआ तो विपुल के पापा भी मैच देखने गए। पापा को अपने आस-पास पाकर विपुल पूरे आत्मविश्वास से खेलने लगा और दूसरे बच्चे को हराकर जीत भी गया। दोपहर बाद प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित हुए और विपुल को शतरंज बालश्री पुरस्कार प्रदान किया गया। घर आते हुए खुशी के मारे उसके पांव जमीन पर नहीं पड़ रहे थे।

शाम को पापा को बस से भोपाल के लिए निकलना था। लगभग बारह घंटे की बस यात्रा थी। अगले दिन सुबह से वहां उनकी एक हफ्ते की सरकारी ट्रेनिंग थी। खाना खाते हुए विपुल ने पूछा, 'पापा, आप वापस कब आएंगे?'

'इतवार सुबह की राजधानी ट्रेन से आऊंगा। इस ट्रेन में तो सात घंटे ही लगेंगे। दोपहर बाद तक घर पहुंच जाऊंगा।' पापा ने जवाब दिया। यह सुनकर विपुल बोला,'पापा, आप राजधानी से वापस आएंगे तो फिर राजधानी से ही क्यों नहीं गए? बस से तो टाइम भी ज्यादा लगेगा और बस में गर्मी और भीड़-भाड़ भी होगी। आप ठीक तरह से सो भी नहीं पाएंगे। कल सुबह भोपाल पहुंचेंगे तो बिना आराम किए आपको ट्रेनिंग के लिए जाना होगा।'

'हां, यह तो है।' पापा बहुत आहिस्ता से बोले।

'पापा, आप आज दिन में राजधानी से जाते तो आराम से एसी ट्रेन का सफर करते और रात को ठीक तरह से सो भी पाते।' विपुल की इस बात का पापा ने कोई जवाब नहीं दिया और चुपचाप खाना खाते रहे।

तभी मम्मी बोलीं, 'बेटा, तुम्हारे पापा आज सुबह इसलिए ट्रेन से नहीं गए ताकि वे मैच जीतने के लिए तुम्हारा हौसला बढ़ा सकें।'

यह सुनकर विपुल बहुत भावुक हो उठा, बोला, 'पापा, आप मेरे लिए इतना कष्ट सहकर जाएंगे भोपाल, जबकि आप बड़े आराम से ट्रेन से जा सकते थे।' मम्मी फिर बोलीं, 'और यह जो कल तुमने अपने पापा को आठ बार हराया है न, यह भी कोई अपने-आप नहीं हो गया। तुम्हारे पापा शतरंज के इतने अच्छे खिलाड़ी हैं कि बड़े-बड़े खिलाड़ी इनसे नहीं जीत पाते, लेकिन तुम इनसे कैसे जीत गए, वह भी एक ही दिन में लगातार आठ बार! सोचा क्या तुमने?'

मम्मी की बात सुनकर विपुल सोच में पड़ गया। मम्मी आगे बोलीं, 'बेटा, यह भी तुम्हारे पापा की ही सोची-समझी तरकीब थी। ये जानबूझकर तुम से आठ बार हारे थे ताकि तुम्हारा आत्मविश्वास लौट आए और तुम आज का फाइनल मैच जीत सको।'

मम्मी की बात सुनकर विपुल उठा और पापा के गले लगकर बोला, 'पापा, आप कितने अच्छे हैं..!'

पापा भी प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरने लगे। *



कविता / देवी प्रसाद गौड़

## मेरे फौजी पापा

सदा फूल से खिलते पापा,
हंसते-हंसते घर में आते।
कहां छुपी है परी हमारी,
सबसे पहले मुझे बुलाते।।
जब भी पापा घर में आते,
तरह-तरह की टॉफी लाते।
मधुर मंद मुस्काते जाते,
एक-एक कर मुझे दिखाते।।
टॉफी देख पंख लग जाते,
मैं घर में उड़ने लग जाती।
पापा के कंधे पर बैठी,
भैया से लड़ने लग जाती।।
सर चढ़ी लाड़ली पापा की,
मां, मुझको आंख दिखाती है।
कभी प्यार से कभी झगड़ कर,
भैया का हिस्सा खाती है।।
पापा कहते सब बच्चों में,
बिटिया लगती मुझको प्यारी।
बहुत गर्व है मुझको इस पर,
इसकी बातें सबसे न्यारी।।
रोज सबेरे मुझसे कहती,
पापा मेरी गुल्लक खुलवाओ।
उसमें पैसे और मिलाकर
अच्छी सी बंदूक मंगाओ।।
सुबह-शाम टीवी पर सुनती,
सिंदूरी मान बढ़ाऊंगी।
फौजी पापा की बेटी हूं,
सीमा पर लड़ने जाऊंगी।।
बहुत खुशी है मुझको बिटिया,
सपना साकार कराऊंगा।
अभी बड़ी हो जाओ लाड़ो,
तुमको कप्तान बनाऊंगा।।

## रंग भरो-177

**रंग भरो-177** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




श्याम, धमतरी


वसनि, रायपुर


सानवी, अंबिकापुर


रितेश, मटियारी


मिष्ठी, महासमुंद


डिंपल, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, आतिया-बहादुरगढ़, अंकित-धमतरी, अथर्व-बिलासपुर, डॉली-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, रुपाली-दिल्ली, ट्विंकल-महेंद्रगढ़, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा

## रंग भरो 178



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में भाई-बहन फादर्स डे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस प्यारे से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



तुम्हारे लिए किताब / सुधा श्रीवास्तव

## जीवन पथ-प्रदर्शित करती कहानियां



फादर्स-डे के आस-पास पापा से जुड़ी कोई कहानी मिल जाए तो तुम झटपट पढ़ डालोगे। असल में हर बच्चा अपने पापा से भावनात्मक रूप से बहुत जुड़ा होता है। पापा की सीखें, जीवन में पथ-प्रदर्शक का काम करती हैं, बाधाओं को दूर करती हैं, खुशियों से भरती हैं। इंदिरा त्रिवेदी का कहानी संग्रह 'पापा ने सही कहा था' की शीर्षक कहानी पढ़ते समय यही महसूस होता है। कहानी में मिनी परीक्षा नहीं देना चाहती है, क्योंकि उसने सही ढंग से तैयारी नहीं की है। लेकिन उसके पापा प्यार से समझाते हैं, 'तो क्या हुआ बेटा, क्लास में तुमने जो कुछ भी सुना-समझा हो, जो भी जानकारी हो, परीक्षा में आए प्रश्नों के उत्तर अपनी भाषा में लिख देना।' पापा को विश्वास है, मिनी होशियार है, प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखेगी और अच्छे अंक लाएगी। होता भी यही है। मिनी को समझ में आ जाता है कि बड़े लोग अपने जीवन अनुभव के आधार पर जो कहते हैं, सही कहते हैं। यह भी सही है कि कोशिश करने वाले असफल नहीं होते। इस संग्रह में कुल बारह कहानियां हैं। इन कहानियों में पैरेंट्स, बच्चों को जीवन की जरूरी सीख ही नहीं देते, उन्हें संस्कारवान भी बनाते हैं। संग्रह की कहानियां पढ़ते समय बच्चो, तुम्हें लगेगा, ये तुम्हारे आस-पास की अपनी कहानियां हैं। *

***किताब :** पापा ने सही कहा था, **लेखिका :** इंदिरा त्रिवेदी, **मूल्यः** 200 रुपए, **प्रकाशक :** भव्या पब्लिकेशन, भोपाल*

# अभ्यास मैच : मौजूदा फॉर्म और गेंदबाजी संयोजन पर होगी भारतीय टीम प्रबंधन की नजर



एजेंसी ▶▶| बेकेनहैम

इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है। यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी श्रृंखला से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।





### खाली स्टेडियम में अभ्यास

मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था।

### गेंदबाजों का होगा आकलन

इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है। इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज चाहे वह स्पिनर हो या तेज गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों।

### टेस्ट श्रृंखला को बनाएं यादगार

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम से अपने 'कम्फर्ट जोन' से बाहर निकलने और संन्यास ले चुके स्टार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा आर अश्विन की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला को 'यादगार' बनाने को कहा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीम के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला 20 जून को लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी।

### हम भारत की चुनौती के लिए तैयार

**लंदन।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि 'एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं।' मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, 'वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं।'

## खबर संक्षेप



### पहली रग्बी प्रीमियर लीग 15 से मुंबई में

**नई दिल्ली।** पहली रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ और इस प्रतियोगिता के प्रमोटर सत्यम त्रिवेदी ने बताया कि इस लीग का आयोजन 15 से 29 जून तक मुंबई के अंधेरी स्थित मुंबई फुटबॉल एरेना में किया जाएगा। भारत में पहली बार आयोजित की जा रही इस लीग में छह फ्रेंचाइजी दिल्ली रेड्ज, हैदराबाद हीरोज, कलिंगा ब्लैक टाइगर्स, चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स भाग लेंगी।

### रग्बी जल्द बनेगा कॅरियर विकल्प

**नई दिल्ली।** भारत में पेशेवर रग्बी अभी तक आर्थिक तौर पर व्यवहार्य करियर विकल्प नहीं बन पाया है लेकिन इसके राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस का मानना है कि रग्बी प्रीमियर लीग अगले तीन से चार वर्षों में इस मामले में बड़ा बदलाव ला सकती है।



'इंग्लिश ऑगस्ट', 'मिस्टर एंड मिसेज अय्यर' और 'चमेली' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले 57 साल के बोस ने भारत के लिए रग्बी के 17 मैच खेले हैं। वह पिछले दो दशकों से अधिक समय से भारत में इस खेल का चेहरा रहे हैं। जीएमआर स्पोर्ट्स के समर्थन से भारत में पहली रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा।

### चोटिल शुचि की जगह राधा को मिली जगह

**मुंबई।** बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को 28 जून से शुरू होने वाले पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए गुरुवार को चोटिल शुचि उपाध्याय की जगह भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया।



बीसीसीआई ने कहा, 'महिला चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम शुचि उपाध्याय की जगह राधा यादव को शामिल किया है। शुचि को बायीं पिंडली में चोट लगने के कारण दौरे से बाहर होना पड़ा। इस चोट का पता बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में दौरा पूर्व शिविर के दौरान चला।'

### दीक्षा ने हुलेनकोर्ट में पार-72 का कार्ड खेला

**हुलेनकोर्ट।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने हुलेनकोर्ट वुमेन ओपन के पहले दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेला। इस प्रतियोगिता में खेल रही सात भारतीयों में शामिल दीक्षा ने तीन बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाए। अन्य भारतीयों में अवनि प्रशांत ने सात होल के खेल के बाद एक अंडर का स्कोर किया है जबकि अमनदीप द्राल और स्नेहा सिंह एक समान दो ओवर 74 के कार्ड के साथ संयुक्त 67वें स्थान पर है।

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र में किया शानदार प्रदर्शन

# कमिंस ने छठे बार लिए 5+ विकेट, 300 शिकार पूरे करने वाले 8वें ऑस्ट्रेलियाई

एजेंसी ▶▶| लंदन

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। कमिंस ने मैच की पहली पारी में फाइव विकेट हॉल पूरे किए। डब्ल्यूटीसी के मौजूदा चक्र में सबसे ज्यादा बार फाइव विकेट हॉल भी कमिंस के नाम हो गए हैं। उन्होंने छठी बार डब्लूटीसी 2023-25 चक्र में ऐसा किया। इतना ही नहीं, कमिंस मौजूदा डब्लूटीसी चक्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं। उनके नाम अब तक 2023-25 चक्र में 79 विकेट हो चुके हैं। उन्होंने दोनों ही मामलों में भारत के जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ दिया है।

कमिंस की शानदार गेंदबाजी की मदद से दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 138 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 212 रन बनाए थे, इस तरह कंगारू टीम को 74 रनों की बढ़त हासिल हुई। ऑस्ट्रेलिया के लिए कमिंस ने छह विकेट लिए, जबकि मिचेल स्टार्क को दो और जोश हेजलवुड को एक सफलता मिली। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी इस कदर खराब रही कि टीम के सिर्फ चार बल्लेबाज ही दहाई अंक तक पहुंच सके। कमिंस का यह प्रदर्शन डब्लूटीसी फाइनल में किसी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कमिंस ने इस मामले में काइल जैमिसन को पीछे छोड़ जिन्होंने 2021 में भारत के खिलाफ 31 रन देकर पांच विकेट लिए थे।




### दोनों टीमों का नंबर-एक बल्लेबाज शून्य पर आउट

इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट 1880 से खेला जा रहा है। तब से इस फाइनल से पहले तक इस देश में 561 टेस्ट हुए, लेकिन कभी यह रिकॉर्ड नहीं बना। अब फाइनल में पहली बार ऐसा हुआ है कि इंग्लैंड में किसी टेस्ट में दोनों टीमों का पहले नंबर का बल्लेबाज (पहली गेंद पर स्ट्राइक लेने वाला बल्लेबाज) अपनी-अपनी पहली पारी में खाता नहीं खोल सका हो। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा शून्य पर आउट हुए थे। उन्हें रबाडा ने पवेलियन भेजा था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में एडेन मार्करम भी खाता नहीं खोल पाए। यह अनचाहा रिकॉर्ड इंग्लैंड में 145 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार बना। ओवरऑल (सभी देशों को मिलाकर) ऐसा 10वीं बार हुआ है।

### 300 विकेट पूरे करने वाले आठवें ऑस्ट्रेलियाई

कमिंस ने इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट पूरे कर लिए हैं और वह ऐसा करने वाले आठवें ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हैं। कमिंस ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले छठे गेंदबाज भी बन गए हैं। वह ग्लेन मैक्ग्रा, मिचेल स्टार्क, डेनिस लिले, मिचेल जॉनसन और ब्रेट ली की सूची में शामिल हो गए हैं।

### कप्तान के तौर पर नौवीं बार झटके पांच विकेट

कमिंस ने कप्तान के तौर पर नौवीं बार एक पारी में पांच या इससे अधिक विकेट झटके हैं। टेस्ट में सबसे ज्यादा बार फाइव विकेट हॉल पूरे करने वाले कप्तान इमरान खान हैं जिन्होंने 12 बार ऐसा किया है। कमिंस और रिची बेनॉड नौ-नौ बार ये उपलब्धि हासिल कर इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

# विंबलडन ने की रिकॉर्ड 6.23 अरब रुपए की पुरस्कार राशि की घोषणा

एजेंसी ▶▶| लंदन

विंबलडन के मेजबान 'ऑल इंग्लैंड क्लब' के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड (लगभग 6.23 अरब रुपए) कर दी गई है। एकल वर्ग के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड (लगभग 34.93 करोड़ रुपए) की राशि मिलेगी।

यह रकम पिछले साल की तुलना में सात प्रतिशत और 3.5 मिलियन पाउंड अधिक है। यह 10 साल पहले इस 'ग्रास-कोर्ट' ग्रैंड स्लैम में प्रतियोगियों मिलने वाली राशि से दोगुना है। 'ऑल इंग्लैंड क्लब के अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा, 'हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि पिछले



10 वर्षों में हमने पुरस्कार राशि में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की है। हमने इस वर्ष पिछले आयोजन की तुलना में लगभग सात प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।' इस साल के पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को पिछले साल के पुरस्कारों की तुलना में 11.1% अधिक राशि मिलेगी। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 66,000 पाउंड (लगभग 76 लाख रुपए) मिलेंगे, जो पिछले साल की तुलना में 10% अधिक है। विंबलडन का आगाज 30 जून से होगा जबकि इसका समापन 13 जुलाई को होगा।

## आईएसएसएफ विश्व

# सिफत कौर ने 50 मीटर राइफल में जीता कांस्य



एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

शीर्ष भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23 वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए।

नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया।

### त्रिकोणीय श्रृंखला खेलने की योजना बना रहा पाक

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड एशिया कप के रद्द या स्थगित होने की स्थिति में यूएई और अफगानिस्तान के साथ अगस्त में त्रिकोणीय श्रृंखला आयोजित करने के लिए बातचीत कर रहा है। एशिया कप को सितंबर में खेला जाना है और इसकी मेजबानी का अधिकार भारत के पास है।

### बाबर, रिजवान, अफरीदी टी20 टीम का हिस्सा नहीं

**कराची।** पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला में सीनियर खिलाड़ियों बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी को किसी भी तरह की भूमिका देने की संभावना से इनकार कर दिया है। आकिब जावेद, अलीम डार, अजहर अली और असद शफीक सहित पाकिस्तानी चयनकर्ता अगले सप्ताह वेस्टइंडीज और बांग्लादेश में होने वाली श्रृंखला के लिए टी20 टीम की घोषणा कर सकते हैं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

// प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Pro- 226 Date- 12/06/2025 2025_UAD_430544_1 | संभाग क्रमांक 16 संजय गांधी वार्ड अंतर्गत न्यू अहमद नगर गली नं. 08 सिराज किराना से आजाद हैदर तक एवं रशीद पुलाव से शहादत मामू तक नाली निर्माण कार्य। | 04 माह 10.33 | 2000/- 7747/- | 10/07/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

संभागीय यंत्री/ कार्यपालन यंत्री,
नगर पालिक निगम जबलपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी ( म.प्र.)**

Ph.No.- 0762 2230210 Mail-commkatni@mpurban.gov.in

क्रमांक 740/ लो.नि.वि. / प्र.आ.यो. / 2025-26 कटनी, दिनांक 06/06/2025

**: दावा आपत्ति प्राप्त हेतु आवश्यक सूचना :**

एतद् द्वारा समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता हैं कि नगरीय निकाय नगरपालिक निगम कटनी सीमान्तर्गत वार्ड क्रमांक - 01 से 45 तक में मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के बी.एल.सी. घटक के अंतर्गत 31.05.2025 तक आनलाईन वेव पोर्टल के माध्यम से प्राप्त 1681 आवेदनों के दस्तावेजो का मौके पर भौतिक सत्यापन तथा पात्रता परीक्षण किया जा रहा हैं तथा उक्त में से पात्र हितग्राहियो की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किये जाने के पूर्व दावे आपत्ति हो तो दिनांक 14/06/2025 तक समय 3.00 बजे शाम तक प्रमाणित साक्ष्य सहित कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी, एवं प्रधानमंत्री आवास योजना साधूराम स्कूल के बगल में टी.सी. बजान परिसर जोन क्रमांक-04 में दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, निर्धारित समयवधि उपरांत किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी दावा आपत्ति आमंत्रण की जाने वाले हितग्राहियो की सूची नगरपालिक निगम कटनी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय टी. सी. बजान परिसर जोन क्रमांक-04 में चस्पा की गई हैं, जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

आयुक्त
नगरपालिक निगम कटनी

**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मंडला क्रं. 02 (म. प्र.)**

क्रमांक 487 /ग्रा.या. सेवा / 2025 मण्डला दिनांक 10/06/2025

सामग्री की दरें हेतु ( ऑफ लाईन निविदा) आमंत्रण सूचना क्रमांक 03 /2025-26

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग मण्डला कमांक 02 जनपद पंचायत नैनपुर / निवास / बीजाडांडी में मनरेगा योजनान्तर्गत स्वीकृत अमृत सरोवर तालाब निर्माण एवं ग्रेवल रोड निर्माण कार्य में उपयोग आने वाली सामग्री के क्रय हेतु दरें हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ऑफ लाईन क्रय करने का प्रारंभ दिनांक 18.06.2025 समय 11.00 बजे से दिनांक 19.06.2025 समय शाम 6.00 बजे तक रहेगी। तथा सामग्री की दरें बंद लिफाफा इस कार्यालय में दिनांक 20.06.2025 समय शाम 3.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा के साथ राशि रुपए 10000.00 की एफ. डी. आर. कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मण्डला क्र.02 के नाम राष्ट्रीय कृत बैंक की जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु विस्तृत विवरण / शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में इस कार्यालय में देखी जा सकती है। प्राप्त सामग्री की दरें दिनांक 20.06.2025 को समय 3.30 बजे शाम से उपस्थित सभी निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

(पी.के. कुशमार )
कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मण्डला क्र. 02
9425563109

G - 14241/25

**मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित**

कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग-क्र. 02, भोपाल
पंचानन भवन, द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष क्रमांक : 0755-2673195, E-mail : laghubpl01@gmail.com
क्रमांक : लउनि/निर्माण/संभाग-क्र. 02 भोपाल/2025-26/30 भोपाल, दिनांक : 12.06.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्यों की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं :- **कार्य का नाम-** 1. नवीन औद्योगिक क्षेत्र ग्राम रीठौर तहसील-खुरई, जिला-सागर में सी.सी. रोड, आर.सी.सी. ड्रेन, ह्यूम पाइप कल्वर्ट एवं साइन बोर्ड निर्माण कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 286.63 लाख। 2. औद्योगिक क्षेत्र खुर्सीपार, तहसील छपारा जिला सिवनी में ओवरहेड टैंक, अंडर ग्राउण्ड वाटर टैंक (सम्पवेल), वाटर हार्वेस्टिंग एवं जलप्रदाय मय ट्यूबवेल खनन निर्माण कार्य, (द्वितीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि रु. 87.47 लाख। 3. औद्योगिक क्षेत्र बगासपुर तहसील श्रीधाम जिला नरसिंहपुर में ओवरहेड टैंक, अंडर ग्राउण्ड वाटर टैंक (सम्पवेल), वाटर हार्वेस्टिंग एवं जलप्रदाय मय ट्यूबवेल खनन निर्माण कार्य, (द्वितीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि रु. 71.39 लाख। निविदाओं की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेंगी। निविदाओं में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/120601/2025 महाप्रबंधक(सं./नि)

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर**

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना कमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स मुकेश शर्मा, श्री गिरिराज स्टोन्स एण्ड मिनरल्स, मानेगाँव स्टोन क्वारी, खसरा नं. 53 पार्ट. ग्राम मानेगाँव, तहसील एवं जिला जबलपुर, लीज क्षेत्रफल 4.0 हेक्टेयर, माईनिंग ऑफ मिनरल्स स्टोन क्वारी उत्खनन क्षमता- 45,000 घन मीटर प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुकम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म. प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेंजी में सॉफ्ट कॉपी सहित का अवलोकन ( 1 ) कार्यालय कलेक्टर, जबलपुर ( 2 ) कार्यालय जिला पंचायत, जबलपुर, ( 3 ) कार्यालय जिला व्यापार एवं उघोग केन्द, जबलपुर, ( 4 ) कार्यालय ग्राम पंचायत मंगेली, ग्राम मानेगाँव तहसील एवं जिला जबलपुर, ( 5 ) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल ( 6 ) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल एवं ( 7 ) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लाट नं 455/456 विजयनगर जबलपुर मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर, जबलपुर( म.प्र. )के कार्यालय मे मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 23/07/2025 दिन बुधवार को प्रात: 11:00 बजे मेसर्स मुकेश शर्मा, श्री गिरिराज स्टोन्स एण्ड मिनरल्स, मानेगाँव स्टोन क्वारी, ग्राम मानेगाँव, तहसील एवं जिला जबलपुर के खदान परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग**
**सिविल लाईन गणेश चौक कटनी, जिला कटनी (म.प्र.) 483501**

दूरभाष नंबर:- 07622-401753 ई-मेल आई.डी. - dpepiukatni@gmail.com
एन.आई.टी. नंबर-.14/2025 /केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/मु.अ.(भ) दिनांक -09.06.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**


निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि ई.एम.डी.) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड आनलाईन प्राप्त की जावेगी। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2025_PWPIU_427682_1 | जिला कटनी के शास.कन्या हायर सेके.. स्कूल उमरियापान में 03 नग लैब एवं 04 नग अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | कटनी | 99.36 | 99400.00 | 10000.00 | टेण्डर डाक्यूमेंट के अनुसार | 10 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग साउथ सिविल लाईन जबलपुर (म.प्र.) |
| 2 | 2025_PWPIU_428086_1 | वीरागंना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद, जिला कटनी में 10 क्लॉसरूम का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | कटनी | 253.38 | 254000.00 | 15000.00 | टेण्डर डाक्यूमेंट के अनुसार | 12 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग साउथ सिविल लाईन जबलपुर (म.प्र.) |
| 3 | 2025_PWPIU_428077_1 | जिला कटनी के शेष कार्यों हेतु जोनल निविदा का कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | कटनी | 100.00 | 100000.00 | 10000.00 | टेण्डर डाक्यूमेंट के अनुसार | 12 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग साउथ सिविल लाईन जबलपुर (म.प्र.) |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 11.06.2025 (समय सुबह 9:00) से दिनांक 25.06.2025 तक (समय शाम 6:00) खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती है। 4. मूल अमानत राशि एवं तकनीकी बिड केवल ऑनलाईन दिनांक 25.06.2025 को सांयकाल 06:00 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे। 5. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग कटनी (म.प्र.)

G-14264/25




## सुनवाई के 16 दिन बाद हाईकोर्ट ने सुरक्षित फैसला सुनाया, सरेंडर करने के बाद जमानत पर किया जाएगा विचार

# फर्जी दस्तावेजों से आदिवासियों की जमीन की रजिस्ट्री करने वाले भूमाफिया पत्रकार गंगा पाठक को नहीं मिली जमानत



हरिभूमि, जबलपुर।

आदिवासियों की जमीनों के फर्जीवाड़े के आरोपों में पत्रकार से भूमाफिया बने गंगा पाठक और उनके चार आरोपी साथियों को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने अग्रिम जमानत देने से साफ इंकार कर दिया। यह फैसला जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने गुरूवार को सुनाया। अदालत ने सभी आरोपियों को दो टूक कहा कि जब वह सरेंडर करेंगे तभी उनकी नियमित जमानत की अर्जी पर विचार किया जाएगा। गौरतलब है कि आरोपी गंगा पाठक और उनके चारो अन्य आरोपी साथियों ने अग्रिम जमानत के लिए अर्जी लगाई थी। 26 मई को सुनवाई के बाद फैसले को सुरक्षित रखा गया था। सुनवाई के 16 दिन बाद हाईकोर्ट ने गुरूवार को अपना फैसला सुनाया।

### अधिवक्ता बोले आदतन अपराधी है पाठक



जमानत अर्जियों पर हुई सुनवाई के दौरान आपत्तिकर्ता पीड़ित आदिवासियों की ओर से अधिवक्ता शैलेंद्र वर्मा ने अदालत को बताया कि गंगा पाठक एक आदतन अपराधी है। वह सभी को खुद को दैनिक भास्कर का संपादक बताता है, जबकि वह है नहीं। उसने झूठ का सहारा लेकर यह जमानत अर्जी दाखिल की है। कई लोगों को ब्लैकमेल करने की शिकायतें भी पूर्व में पुलिस को की जा चुकी हैं। कुल 27 मामले हैं, जिनमें 27 आदिवासियों की जमीनों का फर्जीवाड़ा हुआ है।

### रजिस्ट्री के पहले हो चुकी दो की मौत

अपने विस्तृत फैसले में अदालत ने कहा कि इस मामले में एक जमीन की रजिस्ट्री सरजू के नाम पर 20 मार्च 2020 को की गई, जबकि सरजू की मौत 5 जुलाई 2014 को हो गई थी। इसी तरह कल्लो बाई के नाम से उसकी जमीन की रजिस्ट्री ममता पाठक के नाम पर की गई, जबकि कल्लो बाई की मौत रजिस्ट्री के पहले हो गई थी।

### ये था मामला

गौरतलब है कि पत्रकार गंगा पाठक और उसकी पत्नी ममता पाठक के साथ अन्य आरोपियों के खिलाफ आदिवासियों की जमीनों के फर्जीवाड़े में जबलपुर के तिलवारा और बरगी थाने में अपराध 12 मार्च को दर्ज हुआ था, उसके बाद से ही ये आरोपी फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी से बचने संजीव श्रीवास्तव, ओमप्रकाश त्रिपाठी, गंगा पाठक और उसकी पत्नी ममता पाठक ने अग्रिम जमानत अर्जियां दाखिल की थीं।

### साजिश के तहत किया गया फर्जीवाड़ा

अपने फैसले में अदालत ने कहा कि साजिश के तहत इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया। आदिवासियों की जमीनों की खरीद-फरोख्त की कोई परमीशन जिला कलेक्टर से नहीं ली गई। आदिवासियों के फर्जी भू अधिकार व ऋण पुस्तिका तैयार करके उन्हें डाउनलोड किया गया। उसमें फर्जी फोटोग्राफ्स लगाकर उस पर सील लगाकर हस्ताक्षर करके फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए। इसके बाद फर्जी आधार कार्ड तैयार करके उसका इस्तेमाल रजिस्ट्री में किया गया। इस मामले में जिस तरह से फर्जीवाड़ा किया गया, उसे देखते हुए आरोपियों को अग्रिम जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

### विदेश में विक्रेता फिर हो गई रजिस्ट्री

सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता अच्युतेन्द्र सिंह बघेल की दलील थी कि पहली रजिस्ट्री 10 जुलाई 2023 को हुई थी। उसमें विक्रेता के रूप में प्रदीप चौहान का नाम है, जबकि खरीददार ममता पाठक थी। इसकी रजिस्ट्री में गंगा पाठक खुद गवाह बना। खरीदी गई राशि का भुगतान चेक से किया गया। श्री सिंह ने कहा कि उक्त रजिस्ट्री के दौरान प्रदीप चौहान विदेश में था। जब वह रजिस्ट्री कार्यालय में मौजूद ही नहीं था, तब कैसे उसके नाम पर रजिस्ट्री हो सकती है।

## हाईकोर्ट ने दी गर्भ जारी रखने की अनुमति

# रेप पीडित बच्ची व अभिभावकों ने खतरे सुनकर आठ माह के गर्भपात से किया इनकार

हरिभूमि जबलपुर।



14 साल की रेप पीड़िता बच्ची व उसके अभिभावकों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने बताया कि आठ माह के गर्भपात से बच्चे व पीड़ति पर कुप्रभाव पड़ सकता है। इस पर पीड़ति बच्ची व उसके अभिभावकों ने गर्भपात कराने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट जस्टिस अमित सेठ की अवकाशकालीन बेंच ने परिस्थितियों को देखते हुए पीड़ति को गर्भ जारी रखने की अनुमति दे दी।

हाईकोर्ट की 20 फरवरी 2025 को बनाई गई गाइडलाइन के तहत अगर कोई नाबालिग रेप पीड़िता 24 हफ्ते (करीब 6 महीने) से ज्यादा गर्भवती हो, तो गर्भपात के लिए हाईकोर्ट से मार्गदर्शन लेना होगा। यह आदेश सभी जिम्मेदार विभागों को दिया गया था। इसके बाद बालाघाट जिला निवासी बच्ची के गर्भपात की अनुमति के लिए बालाघाट जिले न्यायालय ने हाईकोर्ट को पत्र लिखा था। बेंच ने इस पत्र को याचिका मानकर सुनवाई की।कोर्ट ने गत 9 जून को मेडिकल टीम गठित करआठ माह के गर्भपात से होने वाले नुकसान के बारे में बताने को कहा था।बच्ची व उसके अभिभावकों को भी आठ माह के गर्भपात की जटिलताओं से अवगत कराने को कहा गया था। गुरुवार को मेडिकल टीम की ओर से रिपोर्ट पेश की गई। बताया गया कि पूर्णकाल तक गर्भ धारण करना बच्ची के मानसिक व शारिरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डालेगा। आठ माह का गर्भपात किया जा सकता है, किन्तु इसमे बच्ची व उसके गर्भस्थ शिशु की जान को खतरा है। गर्भपात की दशा में पीड़ति के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि इस जानकारी के बाद पीड़ति व उसके अभिभावक गर्भपात के लिए सहमत नही हैं। रिपोर्ट के अवलोकन के बाद कोर्ट ने पीड़ति और उसके अभिभावकों को उनकी इच्छानुसार गर्भ पूर्ण करने के लिए स्वतंत्रता दे दी।

## साढ़े 12 लाख का 63 किलो गांजा सहित कार जब्त

# पुलिस के वाहन को टक्कर मारकर भागे गांजा तस्कर

हरिभूमि, जबलपुर।



क्राईम ब्रांच की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कल देर रात एक बिना नंबर की कार नेक्सान को बरगी बाईपास के पास नाकाबंदी कर रोका। इस दौरान कार चालक ने भागने की कोशिश की, पुलिस ने उसका पीछा किया, कार को रिवर्स कर पुलिस के वाहन को टक्कर मारी, जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इस बीच अंधेरे का फायदा उठाकर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने कार जब्त कर ली है जिसमें 63 किलो 15 ग्राम गांजा और 3 मोबाइल जब्त किए है। गांजे की कीमत लगभग साढ़े 12 लाख रुपए बताई गई है।

बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि भरतीपुर निवासी पवन सोनकर और उसके दो साथी बिना नम्बर की एक ग्रीन कलर की टाटा नैक्सान कार गांजा रखकर धूमा से बरगी की ओर आ रहे थे। सूचना पर क्राईम ब्रांच और बरगी पुलिस की संयुक्त टीम ने बरगी बायपास के निकट नाकाबंदी कर कार को रोकने की कोशिश की, कार चालक ने कार नहीं रोकी एवं कार के चारों इंडिकेटकर जलाकर तेजी से बरगी की ओर भागने लगा जिसका पीछा करते हुये टोल नाके के पास ट्रक को नैक्सान कार के आगे अडवाकर रोकने का प्रयास किया कार चालक बार बार कार को रिवर्स कर पुलिस टीम की कार में टक्कर मारने लगा जिससे दोनों कारें क्षतिग्रस्त हुई, कार रोककर कार चला रहा पवन सोनकर अपने 2 साथियो के साथ उतरकर खुर्सी की ओर झाडियों से होता हुआ भागने में सफल हो गया। कार की तलाशी लेने पर कार के अंदर नीले रंग की 6 पन्नियों में अवैध मादक पदार्थ गांजा, 3 मोबाईल, गाडी का आरसी कार्ड, 2 एटीएम कार्ड, 1 आधार कार्ड एवं एक फाईल जिसमें निशांत सिंह लिखा है गाडी के कागजात तथा एक खाली स्टैम्प दिनॉक 7 नवंबर 23 का जारी किया हुआ, एवं पवन सोनकर के नाम के गिरफ्तारी वारंट का कैन्सेलेशन वारंट मिला। आरसी में वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड एफ 9781 तथा वाहन स्वामी का नाम निशांत सिंह लिखा है जो इसी नंबर पर रजिस्ट्रट पाया गया। कार में कुल 63 किलो 15 ग्राम गांजा जब्त किया गया, जिसकी कीमत 12 लाख 60 हजार रुपए है वहीं 3 मोबाइल फोन, 2 एटीएम कार्ड, आर.सी. बुक, फाईल तथा टाटा नैक्सान कार जप्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध थाना बरगी में धारा 8, 20 एन.डी.पी.एस एवं 324(4) बीएनएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त करने में थाना प्रभारी अपराध शैलेष मिश्रा के निर्देशन में सहायक उप निरीक्षक नरेश पासी, प्रधान आरक्षक राजेश पाण्डे, अखिलेश पाण्डे, रूस्तम अली, एवं थाना बरगी के उप निरीक्षक सरिता पटेल, उप निरीक्षक कैलाशपुरी डेहरिया, प्रधान आरक्षक विजय पटेल, आरक्षक दुर्गेश झारिया, शेर सिंह, विपुल, तथा सायबर सेल के प्रधान आरक्षक अमित पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

## उपभोक्ता आयोग का फैसला

# होटल संचालक को 2 माह के अंदर साढ़े 11 लाख लौटाने आदेश

**जबलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष पंकज यादव व सदस्यद्वय अमित सिंह तिवारी व सोनल पंडित की न्यायपीठ ने मेसर्स विजन महल प्रायवेट लिमिटेड के संचालक संदीप विजन व इंद्र विजन, मंडला रोड, तिलहरी को सेवा में कमी का दोषी पाया। इसी के साथ परिवादी के हक में 60 दिन के भीतर 11 लाख 50 हजार लौटाने का आदेश पारित कर दिया। यही नहीं मानसिक कष्ट के एवज में 10 हजार व मुकदमे का खर्च दो हजार भी भुगतान करने के निर्देश दिए गए। परिवादी बड़ा बाजार, विदिशा निवासी राजेश कुमार सराफ की ओर से अधिवक्ता नितिन जैन ने दलील दी कि होटल अग्रिम बुकिंग की राशि नहीं लौटा रही है। परिवादी ने अपनी पुत्री के 10 दिसंबर, 2023 से 11 दिसंबर, 2023 तक होने वाले दो दिवसीय विवाह कार्यक्रम के लिए होटल विजन महल 12 मई, 2023 को बुक किया था। दो दिनों का पूरा पैकेज उभयपक्षों की सहमति से 25 लाख 51 हजार रुपये तय हुआ था। एक लाख 50 हजार रुपये बुकिंग के समय जमा कर दिए गए थे। 10 लाख की राशि परिवादी ने अपनी मां असर्फी बाई के बैंक खाते से ट्रांसफर किए थे। इस तरह कुल 11 लाख 50 हजार अग्रिम दे दिए गए। लेकिन बाद में व्यक्तिगत कारणों से विवाह निरस्त हो गया। जिसकी सूचना होटल को जुलाई, 2023 में ही दे दी गई थी। इसके बावजूद जमा राशि लौटाने के स्थान पर टाल-मटोल शुरू कर दी गई। इसलिए पहले अधिवक्ता के जरिए लीगल नोटिस दिया गया। जब कोई नतीजा नहीं निकला तो परिवाद दायर किया गया।

### शराब के पैसे नहीं देने पर चाकू से हाथ व सिर पर हमला

**जबलपुर।** लार्डगंज में वार्ड नंबर 21 सर्वोदय नगर निवासी नगर निगम वार्ड प्रभारी सुपरवाईजर 33 वर्षीय राजा गोंगटी मोहल्ले के रवि एसैया के नये मकान उद्घाटन समारोह में गया था। रात लगभग 9.30 बजे भोजन उपरांत बाद अपने छोटे बच्चे को साथ लेकर पंडाल से बाहर निकला और अपनी मोटर सायकल में बच्चे को बैठाकर गाड़ी चालू कर ही रहा था तभी अचानक पल डेविड उर्फ पाल अन्ना उसकी गाड़ी के सामने आया और उससे कहा कि तुम लोग जहां कैरम खेलते हो वहां उसे कुर्सी में बैठालते नहीं हो कुर्सी से उठा देते हो कहते हुए गाली गलौज करते हुए उससे शराब पीने के लिए 500 रुपए की मांग करने लगा, मना करने पर चाकू से राजा के जांघ, हाथ व सिर पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी।




## 2 महिलाओं सहित 4 घायल

# अवैध वसूली को लेकर मारपीट

**जबलपुर।** घमापुर और लार्डगंज थाना क्षेत्रों में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने चार लोगों के साथ मारपीट कर दी जिसमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार



लालमाटी कछियाना मंगल पराग मैदान के पास निवासी 37 वर्षीय रविकांत भगत गत शाम लगभग 6 बजे अपने मित्र सिद्धबाबा निवासी अमन सेन के घर गया था जहां आयुष शर्मा एवं पीयूष शर्मा उससे शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये की मांग कर गालियां देने लगे, उसने पैसे देने तथा गालियां देने से मना किया तो जातिगत रूप से अपमानित करते हुये मारपीट कर दी। इसी बीच पीछे से कमलेश शर्मा एवं संगीता शर्मा भी उसके साथ मारपीट करने लगे। उसके बाद आयुष और पीयूष ने उसे पीछे से पकड़ कर जमीन पर पटक दिया और चारों एक साथ उसके साथ मारपीट करने लगे, उसके दोस्त अमन सेन की मम्मी मनीषा सेन एवं बड़ी मम्मी शीला सेन आकर बीच बचाव करने लगी तो संगीता शर्मा ने शीला सेन के कंधे में काट दिया तथा मनीषा सेन को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया तथा सभी ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस तथा 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पारा तमतमा रहा, भीषण गर्मी से जनजीवन परेशान

# प्री-मानसूनी बारिश का नहीं बन रहा सिस्टम



**जबलपुर।** एक-एक दिन बारिश के इंतजार में बीत रहा है। प्री मानसून बारिश का सिस्टम नहीं बन पा रहा है मौसम शुष्क बना हुआ है पारा तमतमा रहा है। गुरुवार को पारा फिर 40 डिग्री के पार रहा। भीषण गर्मी से जनजीवन बेचैन है। मौसम विभाग का कहना है कि 15 जून के बाद प्री मानसून का सिस्टम डेवलपमेंट होगा और 20 जून तक प्री मानसून का सिस्टम सक्रिय होगा। फिलहाल दिन और रात का तापमान औसत से ऊपर चल रहा है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक प्री मानसून मौसम में बारिश का इंतजार किया जा रहा है। मानसून के मध्यप्रदेश में 15 जून से सक्रिय होने के आसार हैं। बंगाल की खाड़ी में बना हवा के कम दबाव का क्षेत्र उड़ीसा होते हुये मध्यप्रदेश आ सकता है। दक्षिणी हवाओं के कारण उमस बढ़ी। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 40.07 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 49 प्रतिशत और सायंकाल 27 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.24 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 6.57 मिनिट पर हुआ। उत्तर पूर्वी हवायें 5 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 41.04 और न्यूनतम 29.07 डिग्री दर्ज किया गया था। प्रदेश में सबसे अधिक 44.8 डिग्री तापमान नौगांव, (छत्तरपुर) जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240